हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

**अरूण नायर ने जड़ा नाबाद शतक, टीम इंडिया से बाहर हुए सरफराज खान भी चमके**



Page 10


देश

**सेना से बात किए बिना सीजफायर, मुख्यमंत्री सुक्खू का केन्द्र पर बड़ा आरोप...**

शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • रविवार • 01 जून 2025 • वर्ष 27 • अंक 170 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 97,310 | ₹ 99,900 |



## आज का इतिहास

**1930 :** भारत की पहली डीलक्स ट्रेन डेक्कन क्वीन बॉम्बे वीटी से पुणे के बीच चली।

**1996 :** हरदनहल्ली डोडे गौड़ा देव गौड़ा (एच. डी. देवगौड़ा) भारत के 11वें प्रधानमंत्री बने।

## न्यूज बाइट्स

### असम में लैंडस्लाइड से पांच की मौत

**नई दिल्ली (ए.)।** मानसून नॉर्थ ईस्ट राज्यों में पहुंच चुका है। असम, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम में भारी बारिश हो रही है। असम में पिछले 24 घंटों में कामरूप जिले में लैंडस्लाइड के चलते पांच लोगों की मौत हो गई। बाढ़ से 10 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम के लॉन्टलाई शहर में लैंडस्लाइड के कारण पांच घर और एक होटल ढहने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। उधर सिक्किम में भारी बारिश के कारण थेंग और चुंगथांग इलाकों में भूस्खलन से कई घर मलबे में दब गए। मेघालय में शुक्रवार को तेज बारिश से पूर्वी खासी हिल्स जिले में भी लैंडस्लाइड हुई। एक महिला की मौत हो गई। एक व्यक्ति पानी में डूब गया। मावकिनरू ब्लॉक में पेड़ के नीचे दबने से 15 साल के लड़के की जान चली गई।

### 16 जून से होगा नोटरी की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

**पटना (नि.सं.)।** विधि विभाग ने नोटरी की नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अधिवक्ताओं के साक्षात्कार का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। विभिन्न जिलों से इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अधिवक्ताओं का साक्षात्कार 16 जून से प्रारंभ होगा। विभाग के संयुक्त सचिव सह अपर विधि परामर्शी नीतीश कुमार ने सूचना जारी कर बताया है कि कि साक्षात्कार के लिए चयनित योग्य उम्मीदवारों की विस्तृत तिथिवार सूची विभागीय वेबसाइट पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर योग्य और अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची भी डाली गयी है। आवेदक तिथि के हिसाब से साक्षात्कार के लिए उपस्थित होंगे। साक्षात्कार का कार्यक्रम पटना हाईकोर्ट, संबंधित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीएम और जिला बार एसोसिएशन को भी भेजा गया है। गौर हो कि विधि विभाग ने नोटरी के रूप में नियुक्ति को लेकर एक जनवरी 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक अधिवक्ताओं से ऑनलाइन आवेदन मांगे थे।

चुनाव के पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी सौगात

# सीएम ने किया देश के सबसे बड़े यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय का शिलान्यास

- 10 एकड़ में बनने वाले इस अस्पताल में 200 बेड होंगे और यह 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगा।

निज संवाददाता | पटना



शनिवार को सीएम नीतीश कुमार ने देश के सबसे बड़े चिकित्सा महाविद्यालय ने नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 264 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड वाले राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का शिलान्यास किया। राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण 10 एकड़ में किया जा रहा है। अधिकारियों ने मास्टर प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य कराए जाने वाले विभिन्न भागों ब्वायज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी इंटर्न हॉस्टल, प्रिंसिपल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट आदि के निर्माण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से एवं अच्छे ढंग से कराएं। राज्य के हर नागरिक को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। बिहार की भूमि का यूनानी से हमेशा गहरा नाता रहा है, इसलिए राज्य सरकार यूनानी चिकित्सा पद्धति को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य के आम-जन को आयुर्वेदिक, होमियोपैथी, यूनानी जैसी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

याद दिला दें कि, 22 नवंबर 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का भ्रमण किया गया था। उस समय इसके भवन की स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए मुख्यमंत्री द्वारा पटना में दूसरी जगह जमीन चिन्हित कर इसका विस्तार करते हुए नये एवं अच्छे भवन के निर्माण का निर्देश दिया गया था। इसके लिए नालन्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर के बगल में 10 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल को अपने पुराने परिसर से स्थानान्तरित कर नये भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा । इधर, इस परियोजना के अंतर्गत 200 बेड के अस्पताल, 500 क्षमता वाले सभागार, 400 क्षमता वाले बालक छात्रावास और 350 क्षमता वाले बालिका छात्रावास, औषधि निर्माण गृह और महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मियों के लिए आवास का प्रावधान किया गया है। इस चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों का नामांकन 150 प्रतिवर्ष रखा गया है। निर्माणाधीन सभी भवनों में भूकम्परोधी संरचना, सोलर लाईट तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की गयी है। महाविद्यालय एवं अस्पताल का भवन वातानुकूलित होगा। इस योजना के 30 माह में पूर्ण होने की संभावना है।

### विश्व स्तर पर यूनानी का महत्वपूर्ण योगदान

प्राचीन चिकित्सा विधा में विश्व स्तर पर यूनानी का महत्वपूर्ण योगदान हैं। यूनानी चिकित्सा केवल रोग का उपचार नहीं करती बल्कि यह चिकित्सा पद्धति व्यक्ति की संपूर्ण प्रकृति-शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है। यूनानी चिकित्सा पद्धति न केवल उपचार देती है, बल्कि जीवनशैली, आहार, प्राकृतिक चिकित्सा और हकीमी दवाओं के माध्यम से व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखने पर भी बल देती है। बता दें कि, कार्यक्रम के दौरान सीएम नीतीश के अलावा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे।

# चुनाव से पहले स्वास्थ्य विभाग में 41 हजार नई भर्तियां तीन महीने में पूरी होगी प्रक्रिया : मंत्री मंगल पांडेय

- स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 228 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।
- रकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता के मामले में बिहार देश में पहले स्थान पर है।



निज संवाददाता | पटना

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने शनिवार को अधिवेशन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी कि अगले तीन महीनों के भीतर राज्य में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कुल 41 हजार पदों पर नई नियुक्तियां की जाएंगी। इस ऐलान से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्राप्त होगा। मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि इन 41 हजार भर्तियों में से 8500 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इन्हें पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त आने वाले 15 दिनों के भीतर 722 चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सभी रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने 228 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य का स्वास्थ्य ढांचा तभी मजबूत हो सकता है, जब वहां पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध हो। बिहार इस दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है और कई ऐसे आयाम हैं, जहां बिहार अब राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थिति में पहुंच चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि दवा आपूर्ति के मामले में बिहार फिलहाल देश में पहले स्थान पर है। सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में राज्य ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। वहीं, एम्बुलेंस सेवा की उपलब्धता में भी बिहार अब राष्ट्रीय औसत के करीब है और उम्मीद है कि आगामी एक महीने में राज्य इस औसत को भी पार कर जाएगा।

मंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाने के मामले में भी बिहार तीसरे स्थान पर है। बीते पांच दिनों में राज्य में 17 लाख से अधिक आयुष्मान भारत कार्ड और वय वंदन कार्ड बनाए गए हैं। यह कार्य ग्राम पंचायत स्तर तक किया गया है, ताकि योजना का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचे।

अब तक राज्य में कुल 3.96 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और जल्द ही यह संख्या 4 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि 1.79 करोड़ परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कवर किया जाए। अब तक 1.62 करोड़ परिवारों को यह कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 91 फीसदी परिवार इस योजना के दायरे में आ चुके हैं। मंगल पांडेय ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग राज्य के लोगों को और बेहतर सुविधाएं देने में सक्षम होगा और बिहार स्वास्थ्य क्षेत्र के सभी मापदंडों को पार करते हुए राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले और राज्य में कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में परेशान न हो।

# शिक्षकों का ट्रांसफर अब पूरी तरह ऑनलाइन पारदर्शिता और सुविधा का नया मॉडल तैयार

## 20 जून से 1.30 लाख शिक्षकों को मिलेगा ट्रांसफर लेटर

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार ने शिक्षकों के लंबे समय से लंबित तबादलों की प्रक्रिया को अब पूरी तरह से डिजिटल, पारदर्शी और फुलप्रूफ बना दिया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने जानकारी दी है कि इस बार का ट्रांसफर अभियान राज्य के इतिहास में सबसे बड़ा और तकनीकी रूप से सबसे मजबूत माना जा रहा है। एसीएस सिद्धार्थ के अनुसार, 20 जून 2025 से शिक्षकों को उनके नए विद्यालय का ट्रांसफर लेटर मिलना शुरू हो जाएगा। इसके बाद 23 जून से 30 जून के बीच सभी शिक्षक अपने-अपने नए स्कूलों में योगदान देंगे। इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग जिलों के डीईओ (जिला शिक्षा पदाधिकारी) करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी शिक्षक समय पर ज्वाइनिंग करें। शिक्षा विभाग का कहना है कि अब शिक्षक निश्चिंत होकर गर्मी की छुट्टियां मना सकते हैं। उन्हें तबादले के लिए किसी भी प्रकार की दौड़-धूप नहीं करनी पड़ेगी। सारा डाटा पोर्टल पर सुरक्षित रहेगा और उन्हें केवल ऑनलाइन माध्यम से ही सारी सूचना मिलती रहेगी। इस बार का ट्रांसफर अभियान पूरी तरह से पोर्टल आधारित है। इसमें आवेदन, दस्तावेज सत्यापन, वरीयता सूची तैयार करना, और स्कूल आवंटन— सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन की जा रही हैं। इससे कोई भी पक्षपात या राजनीतिक दबाव नहीं चलेगा और सभी को उनके मेधा, अनुभव, और विकल्प के अनुसार विद्यालय आवंटित किया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इस बार लगभग 1 लाख 30 हजार शिक्षकों का तबादला किया जाना है। इनमें प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं। यह संख्या अब तक के सबसे बड़े तबादला अभियानों में से एक है।

### ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर देख सकेंगे नया स्कूल

एसीएस सिद्धार्थ ने बताया कि अब शिक्षक अपने नए स्कूल का नाम ऑनलाइन माध्यम से ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर देख सकेंगे। किसी को भी डीईओ कार्यालय का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया फुलप्रूफ और तकनीकी रूप से सुरक्षित ढंग से की जा रही है। अब शिक्षक गर्मी की छुट्टियां निश्चिंत होकर मना सकते हैं। उन्हें इस प्रक्रिया के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। बल्कि, भ्रष्टाचार की संभावना भी खत्म होगी।

# बिहार बोर्ड कंपार्टमेंट और विशेष परीक्षा का रिजल्ट जारी

## 12वीं कंपार्टमेंट्ल परीक्षा में 61% तो 10वीं में 32.93% हुए पास

- 31 मई तक सभी परीक्षाओं और परिणामों का चक्र पूरा हुआ। छात्र अब समय पर आगे की पढ़ाई कर सकेंगे।



निज संवाददाता | पटना

शनिवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक की कंपार्टमेंटल एवं विशेष परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया। इस परिणाम के जारी होने के साथ ही बिहार बोर्ड ने अपनी परीक्षा प्रणाली का एक वार्षिक चक्र 31 मई तक पूर्ण कर लिया है, जिससे अब छात्र समय पर उच्च शिक्षा या अन्य संस्थानों में दाखिला ले सकेंगे। इंटर की विशेष परीक्षा में 55.31 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। इस परीक्षा में कुल 6624 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 3664 विद्यार्थी पास हुए।

वहीं इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा में 45,524 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 27,829 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा का कुल परिणाम 61 प्रतिशत रहा, जो छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। मैट्रिक (दसवीं) की कंपार्टमेंटल परीक्षा में 52,552 छात्र सम्मिलित हुए, जिनमें से 17,309 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। बिहार बोर्ड ने यह सुनिश्चित किया है कि समय पर परीक्षा और रिजल्ट की प्रक्रिया पूरी हो, जिससे किसी भी विद्यार्थी को आगे की पढ़ाई में कोई दिक्कत या देरी न हो। अब छात्र कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों, या अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। अगर कोई छात्र अपने परिणाम से असंतुष्ट है, तो वह 2 जून से 6 जून के बीच स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए बिहार बोर्ड द्वारा ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जा रहा है, जहां छात्र अपने अंकों की दोबारा जांच के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

# लैंड फॉर जॉब में लालू यादव को झटका

निज संवाददाता | पटना



दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की उस याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें उन्होंने 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले से संबंधित कथित भ्रष्टाचार मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। इस घोटाले की जांच सीबीआई ने की थी। आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि इस मामले में प्राथमिकी व जांच कानूनसंगत नहीं है। याचिका में तर्क दिया गया कि जब प्राथमिकी और जांच ही सही नहीं है, तो आरोपपत्र कानूनी रूप से कायम नहीं रह सकता। इस मामले में सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की पूर्व मंजूरी प्राप्त करने में विफल रही है। यह कानून की अनिवार्य आवश्यकता है। सिब्बल ने कहा सत्र अदालत 2 जून को आरोपों पर दलीलें सुनने वाला है। सीबीआई की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डी. पी. सिंह ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार विरोधी कानून की धारा 19 के तहत आवश्यक मंजूरी प्राप्त कर ली गई है।

इसके अलावा 29 मई को राउज एवेन्यू अदालत ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) होटल भ्रष्टाचार मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। जिसमें पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटा तेजस्वी यादव और अन्य आरोपी हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने मामले को 23 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सीबीआई की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि लालू प्रसाद और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपतय करने के लिए पर्याप्त सामग्री है। यह मामला उस समय से जुड़ा है जब लालू प्रसाद 2004-2009 के दौरान रेल मंत्री थे।

# राज्य की समितियों में चलेगा पर्यावरण जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | पटना



सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को सहकारी समितियों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया है। शनिवार को विभागीय योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने ये निर्देश दिये। मंत्री ने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, पैक्सों का व्यावसायिक विविधिकरण, सहकारी बैंकों का विस्तार, गया जी में सहकारिता महाविद्यालय, पैक्सों में आमसभा का आयोजन, गेहूं खरीद आदि की समीक्षा की। उन्होंने पैक्स कंपयूटराइजेशन कार्य निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि पांच जून को सभी सहकारी समितियों में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में जिन जिलों में सहकारी बैंक नहीं हैं, वहां बैंक शाखा खोलने पर चर्चा की गई। इसके लिए बैंकों की आमसभा आयोजित कर बैंकों के विस्तार के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

# 47 आईएएस अधिकारयों का तबादला, 18 जिलों के डीएम बदले

निज संवाददाता | पटना




शनिवार को राज्य सरकार ने 47 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस फेरबदल के तहत राज्य के 18 जिलों के जिलाधिकारियों को बदला गया है, जबकि 6 प्रमंडलों में नए आयुक्त की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही कुछ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां और पदोन्नति भी दी गई है। पटना के जिलाधिकारी पद पर त्यागराजन एसएम की नियुक्ति की गई है। इससे पहले इस पद पर कार्यरत रहे चंद्रशेखर सिंह को प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है। वहीं, नालंदा में कुंदन कुमार, दरभंगा में कौशल कुमार, मधुबनी में आनंद शर्मा, खगड़िया में नवीन कुमार और गया में शशांक शुभंकर को डीएम नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कई अन्य जिलों में भी नए जिलाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। पश्चिमी चंपारण में धर्मेंद्र कुमार, बांका में नवदीप शुक्ला, बक्सर में विद्यानंद सिंह, जमुई में नवीन, गोपालगंज में पवन कुमार सिंह, कैमूर में सुनील कुमार, सीवान में आदित्य प्रकाश, वैशाली में वर्षा सिंह, पूर्णिया में अंशुल कुमार, सहरसा में दीपेश कुमार और भागलपुर में हिमांशु कुमार राय को जिलाधिकारी बनाया गया है। सरकार ने आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया भी पूरी की है। 2010 बैच के बिहार कैडर के 13 अधिकारियों को सचिव और सचिव स्तर की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें कॉम्फेड के निदेशक राजकुमार और पटना के पूर्व जिलाधिकारी चंद्रशेखर भी शामिल हैं।

प्रमंडलीय आयुक्त स्तर पर भी बड़ा बदलाव हुआ है। पटना, सारण, दरभंगा, मुंगेर और तिरहुत प्रमंडल में नए कमिश्नरों की तैनाती की गई है। डॉ. चंद्रशेखर सिंह को पटना, राजीव रौशन को सारण, कौशल किशोर को दरभंगा, अवनीश कुमार सिंह को मुंगेर और राजकुमार को तिरहुत प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। सरकार ने एक अन्य अधिसूचना में अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन को नई दिल्ली स्थित स्थानिक आयुक्त कार्यालय में विशेष कार्य पदाधिकारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले इस व्यापक प्रशासनिक फेरबदल को राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाकर चुनावी तैयारियों को गति देना है।

# चिट्ठी और पार्सल पहुंचाने में बिहार दूसरे स्थान पर

**पटना (नि.सं.)।** चिट्ठी और पार्सल नियत समय पर पहुंचाने में देश भर में बिहार दूसरे स्थान पर है। पहली बार ऐसा हुआ जब देश भर के 24 सर्किल में बिहार को दूसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर दिल्ली है। यह जानकारी डाक विभाग निदेशालय भारत सरकार की ओर से जारी सूची से मिली है। निदेशालय ने साल भर के डिलीवरी पर परफॉर्मेंस सूची जारी की है। बता दें कि बिहार में हर दिन 96.10 फीसदी लोगों को समय पर चिट्ठी और पार्सल मिल रहा है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने एनसीईआरटी की मदद से किया अध्ययन

# खानपान में सुधार कर 65 % किशोरों ने मानसिक संतुलन को बनाया बेहतर

- राज्य के 38 जिलों से 20 से 26 हजार बच्चों को शामिल किया गया, खासकर वे जिनका खानपान नियमित नहीं था।

निज संवाददाता | पटना

खानपान सही हो तो एकाग्रता और मानसिक संतुलन सही किया जा सकता है। इसे राज्य के हजारों बच्चों ने साबित कर दिया है। राज्य के 65 फीसदी से अधिक बच्चों ने खुद अपने खानपान में सुधार किया और मानसिक संतुलन को विकसित किया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने एनसीईआरटी की मदद से यह अध्ययन किया है। अध्ययन में राज्य के दस लाख 66 हजार 789 बच्चे और किशोर शामिल किये गये थे। इनकी उम्र दस से 16 वर्ष तक की थी। फरवरी और मार्च यानी 58 दिनों तक यह अध्ययन किया गया। इसमें सात लाख से अधिक बच्चों ने कहा कि पहले उनका खानपान ठीक नहीं था।

कुछ भी खा कर रहते थे। इससे पढ़ाई में एकाग्रता नहीं बन पा रही थी। इसके साथ की हमेशा पेट दर्द, सिर दर्द, थकान आदि रहता था। खानपान में सुधार करने के बाद एकाग्रता भी बढ़ी और अब मानसिक संतुलन भी रहता है। बता दें कि इस अध्ययन में राज्य के 38 जिलों के बच्चों और किशोरों को शामिल किया गया था। हर जिले से 20 से 26 हजार बच्चे और किशोरों को शामिल किया गया था। इसमें उन बच्चों पर अधिक फोकस किया गया, जिनका पहले खानपान नियमित नहीं था। लेकिन काउंसिलिंग करने के बाद उनके खानपान में सुधार हुआ। इसका सकारात्मक असर उनकी पढ़ाई पर कैसे हुई। इसकी जानकारी ली गयी। पांच लाख बच्चों ने कहा कि खानपान ठीक करने से पढ़ाई में एकाग्रता आई है। खानपान में सुधार किया तो योगा और ध्यान का भी सकारात्मक असर है। -लंच बॉक्स से दूर रखते हैं अब जंक फूड को बच्चे पहले स्कूलों ने नियम बनाया कि लंच बॉक्स में जंकफूड लेकर नहीं आना है, लेकिन अब बच्चे खुद ही लंच बॉक्स में जंकफूड लेकर नहीं जाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट में देखा गया है कि 55 फीसदी बच्चे यानी अध्ययन में शामिल पांच लाख बच्चे लंच बॉक्स में या लंच में जंकफूड लेकर नहीं जाते हैं। अधिकतर बच्चे लंच में पौष्टिक खाना यानी दाल चावल, हरीपत्तेदार सब्जी, मौसमी फल और रोटी आदि का इस्तेमाल करते हैं।

# बिहार के 8018 पंचायतों में जल्द तैयार होंगे खेल मैदान

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है, जिसके तहत कुल 8053 में से 8018 पंचायतों में जल्द ही खेल मैदान तैयार होने वाले हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)के तहत अब तक 3079 पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 5742 खेल मैदानों का निर्माण शुरू हो चुका है।

# विश्वविद्यालय शिक्षकों-कर्मियों के वेतन-पेंशन के लिए 1094 करोड़ रुपये की स्वीकृति : सम्राट

निज संवाददाता | पटना



बिहार के विश्वविद्यालयों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन और पेंशन के भुगतान को लेकर एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को यह जानकारी दी कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 1094.091 करोड़ रुपये की सहायक अनुदान राशि स्वीकृत की है। यह राशि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में मार्च 2025 से मई 2025 तक की अवधि के लिए दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इस सहायता अनुदान में वेतन मद के लिए 460.85 करोड़ रुपये तथा गैर-वेतन मद के लिए 633.241 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार शिक्षकों और कर्मियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी समय पर वेतन-पेंशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### फल्गु नदी में डूबे अधेड़ का शव 72 घंटे बाद बरामद

**मानपुर**| मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा बालू पर पानी टंकी के सामने फल्गु नदी से शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ ने एक अधेड़ का शव बरामद किया। मृतक की पहचान सलेमपुर निवासी मरहूम सुभान के बेटे मो. मुस्लिम, उम्र 60 वर्ष के रूप में हुई। वह 28 मई की सुबह नदी के रास्ते केदारनाथ मार्केट जाने के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने मुफस्सिल थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी। खुद भी तलाश में जुट गए। खोजबीन के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि कोई व्यक्ति नदी में डूबा है। इसकी सूचना थाना को दी गई। गुरुवार शाम एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन रात होने के कारण टीम ने नदी में उतरने से इनकार कर दिया।

### इफको ने लगाया डिजिटल मेगा चिकित्सा शिविर

**मानपुर**|प्रखंड के शेखा बिगहा गांव में इफको इंडियन कंपनी और डोकोकॉम के सहयोग से मेगा चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर देवी स्थान परिसर में आयोजित हुआ। यहां घुटनों, कमर दर्द, अनिद्रा, बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। मरीजों को दवा के साथ हरी सब्जियां भरपूर मात्रा में खाने की सलाह दी गई। इस मौके पर बिहार-झारखंड प्रभारी गौतम कुमार ने किसानों से खेतों में कम उर्वरक और कीटनाशक दवाइयों के इस्तेमाल की अपील की। उन्होंने जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाने पर जोर दिया। कहा कि इससे गांवों को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। डिजिटल क्लिनिक सेंटर रोजाना खंजाहांपुर देवी स्थान में संचालित होता है। यहां सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लोगों को निशुल्क चिकित्सा सेवा दी जाती है। शिविर में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार, अजय कुमार, रविकांत पटेल, धर्मेंद्र कुमार, उमेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### किसी को नीचा दिखाने के लिए किया गया अच्छा कार्य भी अधर्म : श्याम शुभम

**बिहारशरीफ**। रामचंद्रपुर नाला रोड स्थित श्रीमद्भागवत कथा के सात दिवसीय आयोजन के चौथे दिन वृंदावन से आए श्याम शुभम जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि किसी को नीचा दिखाने की नीयत से किया गया कोई भी कार्य, चाहे वह देखने में कितना भी अच्छा क्यों न लगे, अधर्म माना जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्म का फल व्यक्ति की नीयत पर निर्भर करता है, और दूसरों को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति व्यक्ति के भीतर छिपे अहंकार को दर्शाती है, जो सही और गलत में भेद करने की क्षमता को नष्ट कर देता है। उन्होंने भक्ति के तीन स्वरूप नाम, धाम और लीला का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान का नाम जपने से श्रद्धा और प्रेम बढ़ता है, धाम यात्रा से भक्ति गहराती है और भगवान की लीलाओं का स्मरण करने से उनके गुणों और शक्तियों का बोध होता है, जिससे भक्त प्रभु के और समीप पहुंचता है। श्याम शुभम जी महाराज ने कहा कि भगवान की चर्चा के बिना मनुष्य का जीवन पशु के समान होता है। भगवान की पूजा जिस भाव से की जाती है, भगवान उसी भाव में दर्शन देते हैं।कथा श्रवण के चौथे दिन सांसद कौशलेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रवचन का श्रवण किया।

### सर्पदंश से मजदूर की मौत

**बिहारशरीफ**| दीपनगर थाना अंतर्गत मनीचक गांव में सर्पदंश से मजदूर की मौत हो गई। मृतक विजेंद्र पासवान का पुत्र जितेंद्र कुमार था। परिवार ने बताया कि गुरुवार की रात युवक मजदूरी कर गांव लौट रहा था। उसी दौरान सर्पदंश का शिकार हो गया।शुक्रवार की सुबह मॉडल अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए विम्स ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### आंखें फोड़ व प्राइवेट पार्ट काट बुजुर्ग हत्याकांड का खुलासा

**बिहारशरीफ**। बेन थाना पुलिस ने आंखें फोड़कर व प्राइवेट काटकर बुजुर्ग हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा किया है। संपत्ति के लिए संगे भाई व भतीजा ने सहयोगियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सगे भाई संग तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में एक अन्य बदमाश की संलिप्तता सामने आई है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार बदमाशों में मृतक का भाई देवन पाल उर्फ देवनंदन पाल, धन्नू पाल और दिनेश प्रसाद शामिल है। 19 फरवरी को पुलिस ने महा बिगहा पचहतर खंधा के समीप से लकैयापर निवासी 60 वर्षीय बालकिशुन पाल का शव बरामद किया था। बदमाशों ने दोनों आंखों फोड़ व प्राइवेट पार्ट काटकर उनकी हत्या की थी। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। डीएसपी ने बताया कि धन्नू पाल को अभिरक्षा में लेकर उससे पूछताछ की गई तो उसने हत्या में संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य सहयोगियों का खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को पकड़ा गया। सत्येंद्र पाल फरार चल रहा है।

### वासना का चरण पकड़ने से दुर्गति होती है और उपासना से सद्गति : मोरारी बापू

**राजगीर**। इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में चल रही श्रीरामकथा में शुक्रवार को प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू ने श्रोताओं को अध्यात्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि वासना का चरण पकड़ने से दुर्गति होती है, जबकि उपासना का चरण पकड़ने से सद्गति प्राप्त होती है। पतित, उपेक्षित और वंचित को पुनः स्थापित करना ही उद्धार है। बापू ने नालंदा विश्वविद्यालय की चर्चा करते हुए कहा कि पंचमहाभूतों के पांचों तत्वों को यह विश्वविद्यालय समेटे हुए है। उन्होंने बताया कि मानस नालंदा के प्रमुख आर्किटेक्ट गुजराती हैं और इसका उद्घाटन भी गुजरात से आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने गर्व प्रकट किया कि त्रिभुवन होते हुए भी गुजराती होने के नाते कथा कहने का अवसर मिला। धैर्य है अध्यात्म का मूल : बापू ने कहा कि सत्संग से विवेक प्राप्त होता है, जिससे आलोचना में छिपा सत्य और प्रशंसा में छिपा झूठ समझा जा सकता है। अध्यात्म की यात्रा में जल्दबाज़ी नहीं, बल्कि धैर्य की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि निंदा और स्तुति – दोनों से ऊपर उठकर जीना चाहिए। यदि निंदा से प्रभावित होंगे तो प्रशंसा से भी होंगे। तुलसी युद्धवादी नहीं, लेकिन युद्ध का वर्णन जरूरी बापू ने कहा कि तुलसीदासजी युद्धवादी नहीं हैं, लेकिन उन्होंने रामायण में युद्ध का वर्णन किया है क्योंकि उसमें भी बुद्धत्व छिपा है। वाल्मीकि रामायण का हवाला देते हुए बापू ने कहा कि जब रावण सीता जी का हरण करने गया, तब सीता जी ने उसे रामकथा सुनाई, जिससे रावण को निर्वाण प्राप्त हुआ। सीता जी द्वारा बताए गए देवताओं के लक्षणों का वर्णन करते हुए बापू ने कहा कि देव के पैर धरती को नहीं छूते, उनकी आंखें नहीं झपकतीं, वस्त्रों पर धूल नहीं जमती और माला कभी कुम्हलाती नहीं। उन्होंने आनंदा यूनिवर्सिटी के अध्ययनक्रम के आधार पर 12 प्रकार के मन – मृतक मन, मुकुर मन, मर्कट मन, मीन मन, मस्त मन, मदमस्त मन, महंत मन, मसक मन, मृग मन, मलिन मन, म्लेच्छ मन और मोहन मन – का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। राम कथा में "जुगल भाव" की महिमा बापू ने 'श्रोता-वक्ता', 'गुरु-शिष्य' और 'राम-लक्ष्मण' जैसी जोड़ियों को "जुगल भाव" बताते हुए कहा कि यह भाव जीवन के हर संबंध को सुंदर बना सकता है, यहां तक कि दांपत्य को भी। रामायण के युद्धकांड में भी जोड़ियों की भूमिका है। उन्होंने कहा कि युद्ध की कथा रम्य हो सकती है, लेकिन युद्ध स्वयं में रम्य नहीं होता, वह भीषण होता है। बिना कुछ लिए 66 वर्षों से कर रहा सेवा श्रोताओं को संबोधित करते हुए मोरारी बापू ने कहा कि मैं 66 वर्षों से बिना कुछ लिए आपकी सेवा कर रहा हूं, क्योंकि मैं आपसे प्रेम करता हूं। उन्होंने श्रोताओं से आत्मशिष्टता बनाए रखने की अपील की। राम ने ताड़का वध से किया अवतार कार्य का आरंभ कथा में आगे बापू ने बताया कि विश्वामित्र जी विश्व कल्याण के लिए यज्ञ कर रहे थे, जिसमें राक्षस विघ्न डालते थे। तब वे राम-लक्ष्मण को साथ ले गए। राम ने ताड़का का वध कर अपने अवतार कार्य की शुरुआत की और सुबाहु को मारकर तथा मारीच को समुद्र में फेंककर यज्ञ को पूर्ण किया।

# नालन्दा में 13 केंद्रों पर होगी बिहार संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**निज संवाददाता। नालंदा**

बिहार संयुक्त प्रवेश परीक्षा [D.C.E.C.E (PE/PM/PMM)]-2025 आज होगी। एग्जाम निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्नता को सुनिश्चित करने के लिए नालंदा जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 500 गज के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी काजले वैभव नितिन के जारी आदेश के अनुसार, यह परीक्षा 31 मई और 1 जून को बिहारशरीफ अनुमंडल मुख्यालय के 13 केंद्रों पर आयोजित होगी। 31 मई को एक पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक परीक्षा होगी, जबकि 1 जून को दो पालियों में - पहली पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक संचालित की जाएगी।



**परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा:** परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा गश्ती दल भी तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा के दौरान निरंतर निगरानी करेंगे। निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होना, किसी भी प्रकार के हथियार लेकर चलना, अनधिकृत आवाजाही और आग्नेयास्त्र (लाइसेंसी हथियार सहित) ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

**व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे:** परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज के दायरे में स्थित फोटोस्टेट शॉप, साइबर कैफे और कोचिंग संस्थान सुबह 10 बजे से परीक्षा समाप्ति तक बंद रहेंगे। लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध है।

**परीक्षा केंद्रों की सूची:** बिहारशरीफ अनुमंडल में 13 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। इनमें पी.एल. साहू +2 स्कूल सोहसराय, राजकीय बालिका +2 उच्च स्कूल सोहसराय, सदरे आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल कागजी मोहल्ला, आर.पी.एस. स्कूल कचहरी रोड,एस.एस. बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कचहरी रोड, बिहार टाउन उच्च विद्यालय, पी.एम. श्री आदर्श +2 उच्च विद्यालय मणिराम अखाड़ा रोड शामिल है। इसके अलावा आवासीय मॉडल मध्य विद्यालय भैंसासुर, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय कमरूद्दीनगंज, आर.पी.एस. स्कूल मकनपुर, एकंगरसराय रोड, डेफोडिल पब्लिक स्कूल श्रीसती स्थान, सोगरा कॉलेज गगनदीवान और सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज, उदंवतपुरी भी शामिल है।

## रेलवे का 1.10 क्विंटल चोरी का तांबा बरामद

**निज संवाददाता। गया**



♦ गया के गोदाम में पुलिस ने की रेड, बदमाश अरेस्ट, तांबा गलाने का करता था काम

गया में रेलवे की संपत्ति चोरी हुई थी। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ने 1.10 क्विंटल तांबा बरामद किया है। यह कार्रवाई निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में की गई। इसमें जावेद इकबाल, अविनाश कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार और महिला आरक्षी सोनिका कुमारी की टीम शामिल रही। चीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघडी टाड़ मोहल्ले में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वरुण प्रसाद (50 ) को अरेस्ट किया गया। इसके गोदाम से भारी मात्रा में चोरी किया गया रेलवे का सामान बरामद हुआ। बरामद सामग्री में रेलवे में उपयोग होने वाला तांबे का 5 मिमी डायमीटर का ड्रॉपर (30 अदद, कुल वजन 10.8 किलो), तांबे का सी-जम्पर (5.80 किलो), कैटेनरी ड्रॉपर क्लिप (30 अदद, 1.30 किलो), ड्रॉपर क्वायल (6.40 किलो) और 65 मिमी स्वॉक्यर का कैटेनरी तार (85 किलो) शामिल है।

**गोदाम में तांबा गलाने का होता था काम:** सामान का कुल बरामद वजन 109.3 किलोग्राम तांबा है, जिसकी अनुमानित कीमत 76,510 बताई गई है। आरपीएफ ने मौके से वरुण प्रसाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त वरुण प्रसाद के खिलाफ RPF पोस्ट गया में कांड संख्या 05/25 दर्ज कर, भारतीय रेलवे संपत्ति (संरक्षण) अधिनियम 1966 (संशोधित 2012) की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों का कहना है वरुण लम्बे समय से तांबे का काम कर रहा था। उसके गोदाम में अक्सर भारी मात्रा में तांबा गलाया जा रहा था।

## लोहे के रॉड से ग्रामीणों ने पीटा

**निज संवाददाता। गया**

गयाजी के कोंच थाना अंतर्गत पंडरावा गांव में शुक्रवार की शाम दबंगों ने एक युवक की पिटाई की है। गांव के ही रहने वाले कौशल प्रजापति को कुछ दबंगों ने शराब के नशे में लोहे की रॉड और बांस से बेरहमी से पीटकर जख्मी कर दिया। हमले में कौशल के सिर में कई स्थानों पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे कई टांके लगे हैं। पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में घायल कौशल प्रजापति ने बताया कि गांव के गोविंद यादव, कुंदन कुमार और चंदन कुमार शराब के नशे में थे। जब वह किसी काम से जा रहे थे, तभी इन लोगों ने उन्हें बिना वजह गाली देना शुरू कर दिया। कौशल ने विरोध किया और पूछा कि गाली क्यों दे रहे हो तो वे उलझने लगे। लेकिन वे गाली देने व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी तक देने लगे। इसी बीच तीनों



ने पीछे से लोहे की रॉड और बांस से हमला कर दिया। हमले में कौशल के सिर से खून बहने लगा और वह मौके पर ही गिर पड़े।

**स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती:** स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे देर रात रेफर कर दिया। फिलहाल वह मगध मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। मामले में पीड़ित ने कोंच थाना में लिखित शिकायत भी दी है। उसने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। डीएसपी एसके चंचल का कहना है कि मारपीट की घटना की पुलिस जांच कर रही है।

## शिक्षाविद स्मृतिशेष एकवन्त प्रसाद जी की आठवीं पुण्यतिथि पर फाफर गांव में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**निज संवाददाता।गुरारू / गयाजी**

गयाजी जिले के आदर्श ग्राम फाफर (प्रखंड - गुरारू) में आज समाजसेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक स्मृतिशेष एकवन्त प्रसाद जी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय एकवन्त प्रसाद जी को उनके शिक्षाप्रेम, संगीत के प्रति अनुराग, सामाजिक प्रतिबद्धता और विनम्र व्यक्तित्व के लिए क्षेत्र में अत्यंत आदर और श्रद्धा से याद किया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में उनके ज्येष्ठ सुपुत्र सह जन अधिकार पार्टी (लो०) के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गोपाल प्रसाद यादव, उपेंद्र प्रसाद यादव एवं सुनीता कुमारी (सदस्य, पंचायत समिति) एवं समस्त परिवार के लोग एवं गांव समाज के लोगों ने उपस्थित




होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जन अधिकार पार्टी (लो०) के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गोपाल प्रसाद यादव ने उन्हें याद करते हुए समाज का दर्पण बताया और कहा हुए कहा कि, "स्व. एकवन्त प्रसाद जी न केवल हमारे परिवार के स्तंभ थे, बल्कि वे इस पंचायत की चेतना और प्रेरणा का स्रोत भी थे।" आगे कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, इस अवसर पर क्षेत्रीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसके बाद सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री, पठन सामग्री व प्रेरणादायक साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पहल स्व. प्रसाद जी की शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा और उनके विचारों के अनुरूप रही। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि स्वर्गीय एकवन्त प्रसाद जी के बताए आदर्शों — शिक्षा, सेवा, और संस्कार — को आगे बढ़ाते रहेंगे और आने वाली पीढ़ियों को उनका महत्व बताते रहेंगे। मौके पर माननीय विधायक विनय कुमार यादव, संजू यादव, संजीत कुमार, परशुराम यादव, राणा रणजीत सिंह, मंटू कुमार, रामजीत कुमार, डॉ रविकांत, उदय यादव, श्यामसुंदर यादव, शशांक कुमार मोनू, मणि शंकर केशरी, विवेक कुमार, ऋषि कुमार, विवेक कुमार, मंजू देवी, अवधेश कुमार, कृष्ण मोहन, अमित कुमार एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जून से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी में होगा एडमिशन

**निज संवाददाता। नालंदा**

♦ नालंदा खुला विश्वविद्यालय में ऑनलाइन करें अप्लाई, कुलसचिव ने दी जानकारी, नौकरी के साथ कर सकेंगे पढ़ाई

नालंदा खुला विश्वविद्यालय ने साल 2025 शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) समीर कुमार शर्मा ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया कि ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया जून 2025 से शुरू होगी। नालंदा खुला विश्वविद्यालय इस साल अपने छात्रों के लिए व्यापक पाठ्यक्रम विकल्प प्रस्तुत कर रहा है। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। इंटरमीडिएट, बीएससी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के लिए अप्लाई किया जा सकता है।



**स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की लिस्ट जारी:** 1. अर्थशास्त्र - आर्थिक नीतियों और बाजार की समझ के लिए , 2. शिक्षा - शिक्षा क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए, 3.भूगोल - भौगोलिक अध्ययन और पर्यावरण विज्ञान, 4. हिंदी - भारतीय भाषा और साहित्य की गहरी समझ, 5.मनोविज्ञान - मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान, 6.लोक प्रशासन- प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए, 7. गृह विज्ञान - पारिवारिक और सामुदायिक विकास ग्रेजुएशन के लिए है।

**विशेष पाठ्यक्रम में उर्दू शामिल:** 1. उर्दू- भाषा और साहित्य अध्ययन, 2. संस्कृत - पुराना भारतीय ज्ञान परंपरा, 3.इतिहास - ऐतिहासिक अनुसंधान और विश्लेषण, 4.समाजशास्त्र - सामाजिक संरचना की समझ, 5.राजनीति विज्ञान - राजनीतिक व्यवस्था और शासन प्रणाली, 6. एनवायरन्मेंटल साइंस- पर्यावरण संरक्षण और विकास 7. जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन-मीडिया और संचार के क्षेत्र में, 8.वनस्पति विज्ञान - वनस्पति अनुसंधान और कृषि विकास विशेष सब्जेक्ट है। तकनीकी पाठ्यक्रम में गणित,भौतिक विज्ञान,रसायन शास्त्र और जन्तु विज्ञान (जूलॉजी) है। आधुनिक समय की मांग को देखते हुए, नालंदा खुला विश्वविद्यालय पूरी तरह से डिजिटल प्रवेश प्रक्रिया अपनाई है। एमएससी (140 सीट) और बी.लि.ब.स सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष की नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।

**ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होगा:** नामांकन की तारीख जून 2025 है। ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होगा, जिसकी सारी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट: www.nou.ac.in पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने स्पष्ट किया है कि नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी, पाठ्यक्रम संरचना, फीस विवरण और चयन प्रक्रिया की पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**डिस्टेंस शिक्षा का बढ़ता महत्व:** नालंदा खुला विश्वविद्यालय का यह कदम उन छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते या काम करते हुए अपनी शिक्षा जारी रखना चाहते हैं। विश्वविद्यालय का NAAC से मान्यता प्राप्त होना, इसकी गुणवत्ता की गारंटी देता है।

## प्रजनन एवं यौन संक्रमण की रोकथाम में मदद मिलती है

**निज संवाददाता। नालंदा**

मघड़ा स्थित राज्यकीयकृत शीतला प्लस-2 उच्च विद्यालय में स्कूल की छात्राओं को माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन पर जानकारी दी गयी। छात्राओं को बताया गया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बहुत जरुरी है। इससे प्रजनन एवं यौन संक्रमण की रोकथाम में मदद मिलती है। माहवारी के दौरान यदि लंबे समय तक स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जाए तो बच्चेदानी में संक्रमण पहुंच जाता है। इससे गर्भधारण बाधित या खत्म भी हो सकती है और प्रसव के समय जटिलता का सामना करना पड़ सकता है। जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल की प्राध्यापिका कुमारी रितु सिन्हा, स्कूल के सभी शिक्षक, मघड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ निरंजन कुमार, बियाबानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ आकांक्षा कुमारी एवं एएनएम शामिल थे। छात्राओं को संबोधित करते हुए सीएचओ आकांक्षा कुमारी ने कहा कि छात्राओं में मासिक धर्म को लेकर शर्म की नहीं, बल्कि इस जैविक प्रक्रिया की जरूरत के विषय में जानने की जरूरत है। मासिक धर्म के दौरान भी महिलाएं पूरी तरह सक्रिय होकर घर, बाहर या दफ्तर सभी प्रकार के काम करती हैं। मासिक धर्म की स्थिति को अपवित्र मानना या ऐसी ही भ्रांतियों को समुदाय से दूर करने की जरूरत है। मघड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ ने बताया कि रोगी हितधारक मंच के सदस्यों द्वारा सामुदायिक स्तर पर किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान असुरक्षित साधनों के इस्तेमाल की जगह सुरक्षित साधन जैसे सेनेटरी पैड के इस्तेमाल करने की बात कही जा रही है।

## आवारा कुत्ते के हमले से 40 लोग जख्मी

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के हिलसा अनुमंडल में शुक्रवार को एक आवारा कुत्ते के हमले से 40 लोग घायल हो गए। शुक्रवार की इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। घायलों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शामिल हैं, जिन्हें तुरंत हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आवारा कुत्ते ने हिलसा शहर के बिहारी रोड इलाके में जबरदस्त आतंक मचाया। करीब एक घंटे तक चले इस हमले में कुत्ते ने अंधाधुंध लोगों पर हमले किए। चाहे वे बाइक सवार हों, रिक्शा सवार हों, पैदल चलने वाले हों या दुकानदार हो, किसी को भी नहीं छोड़ा। घायल व्यक्ति मुन्ना कुमार और सुमित कुमार ने बताया कि हम बाजार जाने के लिए निकले ही थे कि अचानक पीछे से एक कुत्ते ने हमला करके दांत गड़ा दिया। इतनी तेजी से हमला हुआ कि बचने का मौका ही नहीं मिला।

**इधर-उधर भागते नजर आए लोग:** हमले का असर केवल बिहारी रोड तक सीमित नहीं रहा। इंदौत, कुर्मिया बिगहा और अकबरपुर जैसे आसपास के गांवों के लोग भी इस आतंक का शिकार हुए। कुत्ते के डर से दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और लोग इधर-उधर भागते नजर आए।

**अस्पताल में उमड़ी घायलों की भीड़:** घटना के बाद हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में घायलों की भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल के डॉक्टरों ने सभी घायलों को रैबीज का इंजेक्शन और प्राथमिक उपचार प्रदान किया। घायलों में विनोद कुमार, अनुरुद्ध कुमार, दीपक कुमार, छोटेलाल, नीतू कुमारी, चांदनी कुमारी, रजनीश कुमार, पुणा कुमार, धर्मवीर कुमार, अखिलेश दास, सुरेंद्र प्रसाद, रवि कुमार, मृत्युंजय कुमार, नागेंद्र कुमार, मंटू कुमार, सोनम कुमारी, रोहित कुमार, छोटी रानी, आराध्या कुमारी, अवधेश कुमार, यमुना पांडे, सूरज कुमार, प्रिंस कुमार, राम जनक कुमार, महेश शर्मा, अनोखी सिन्हा, सोनू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र पासवान, सुहानी कुमारी, राहुल कुमार, प्रवीण कुमार, सुजल कुमारी, अनिशा कुमारी, छोटीबिंद, खुशी कुमारी, पूजा कुमारी, विनीता कुमारी, योगेंद्र प्रसाद, कुना कुमार और सुमित कुमार शामिल है।

**विशेष टीम का हुआ गठन:** घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। हिलसा के एसडीओ अमित कुमार पटेल ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी निगरानी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। फिलहाल सभी घायल अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

**ई–निविदा सूचना सं.: एस.जी./डी.एस.ई./टी./ओ.टी./03/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ आईपी बेस्ड सीसीटीवी विथ मेन्टिनेन्स प्रोविजन ऐट डीडीयू, भभुआ रोड, जपला, मानपुर एण्ड नबीनगर गुड्स शेड्स फॉर मानिटरिंग ऑफ लोडिंग एण्ड अनलोडिंग एक्टिविटीज ऐट गुड्स शेड एरिया। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 1,31,83,067.55/– (एक करोड़ एकतीस लाख तिरासी हजार सरसठ रूपये एवं पचपन पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू. 2,15,900/– (दो लाख पन्द्रह हजार नौ सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 23.06.2025 को 12.30 बजे तक। **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

**म.सं. एवं दू.सं.अभि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**
पीआर/0341/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/25–26/28

पूर्व मध्य रेल

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AA/1 :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-11, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-SSM-FW-14-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 12.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AA/1 :** भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-15, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-BBU-FW-42-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 13.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AB/1 :** गुरारू रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-15, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-GRRU-MX-40-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 13.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **(4) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AC/1 :** अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-15, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-ANH-RW-36-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 13.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य), डी०डी०यू०**
पीआर/0337/डी०डी०यू०/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/60

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति ने चलाया व्यापक निरीक्षण अभियान



निज संवाददाता | नवादा

जिला अंतर्गत बाल देख-रेख संस्थानों की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं एवं बच्चों के समग्र विकास के संदर्भ में नवादा जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति द्वारा शनिवार को व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने नवादा स्थित पर्यवेक्षण गृह एवं अन्य संबंधित संस्थानों का दौरा कर वहां निवासरत बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बालकों के सर्वांगीण विकास को लेकर चिंता जताई और उन्हें जीवनोपयोगी दक्षताओं से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सहायक निदेशक को निर्देशित किया कि बच्चों को विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से जोड़ने की ठोस योजना तैयार की जाए, ताकि पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ उन्हें आधुनिक डिजिटल ज्ञान भी प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों को न केवल आत्मनिर्भर बनाएंगे, बल्कि समाज में उनकी पुनर्स्थापना की राह को भी सुगम बनाएंगे। पर्यवेक्षण गृह में प्रतिनियुक्त शिक्षिका रीता कुमारी की जगह किसी पुरुष शिक्षक की तैनाती को लेकर जिलाधिकारी ने सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना पदाधिकारी (डीपीओ) को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इस संबंध में कहा गया कि विशेष रूप से किशोर बालकों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकता के मद्देनज़र यह बदलाव आवश्यक है। बालिका गृह के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने वहां निवासरत बालिकाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हायर क्लास में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया को त्वरित गति से पूरा करने का भी आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बालिका को उसकी क्षमता और रुचि के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान दिव्यांग बालक-बालिकाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने चिकित्सकीय देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने तैनात चिकित्सक को दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को नियमित और व्यवस्थित करने को कहा। इसके अलावा, एक दिव्यांग बालक के आधार कार्ड सत्यापन के माध्यम से उसके मूल अभिभावकों की जानकारी प्राप्त करने और उन्हें चिन्हित करने का निर्देश भी जारी किया गया। सहायक निदेशक ने निरीक्षण समिति को जानकारी दी कि वर्तमान में गृह में कई पद रिक्त हैं, जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है और शीघ्र ही इस प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे संस्था की कार्यक्षमता में सुधार होगा और बच्चों को बेहतर देखभाल एवं शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस निरीक्षण अभियान में जिला निरीक्षण समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित थे। अधिकारियों ने संस्थान में रह रहे बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

## अधिकारियों ने किया मंडलकारा का निरीक्षण

निज संवाददाता | नवादा



नवादा मंडल कारा में शनिवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा एक अहम निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य मंडल कारा में बंदियों को दी जा रही बुनियादी सुविधाओं, उनके साथ किए जा रहे व्यवहार तथा जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन करना था। निरीक्षण दल में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता कृष्ण मोहन, पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता अरुण प्रकाश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अवर न्यायाधीश-सह-सचिव धीरेंद्र कुमार पांडे भी शामिल थे। यह निरीक्षण सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्देश के तहत किया गया, जिसमें जेलों में जातीय भेदभाव की जांच और निषेध को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि बंदियों के बीच या प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का जातीय विभेद नहीं किया जा रहा है। इस विषय पर निरीक्षण दल द्वारा गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई और सभी तथ्यों की सूक्ष्मता से समीक्षा करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निरीक्षण के क्रम में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समग्र स्थिति का भी आकलन किया गया। भोजन, स्वास्थ्य, पेयजल, शौचालय व्यवस्था, आवासीय प्रबंधन और बंदियों की सुरक्षा से संबंधित विषयों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं, जिससे निरीक्षण दल को धरातल की वास्तविक स्थिति जानने में मदद मिली। निरीक्षण के विशेष अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं डालसा सचिव धीरेंद्र कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से एक नये पहल की शुरुआत करते हुए बंदियों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में 25 बंदियों को एक माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद अगले बैच की शुरुआत की जाएगी। यह कार्यक्रम कारा में निरुद्ध बंदियों को पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है, जिससे उन्हें भविष्य में समाज की मुख्यधारा में लौटने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि कारा प्रशासन द्वारा बंदियों के कौशल विकास हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से 35 बंदियों को मोबाइल मरम्मत का एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो आगामी 5 जून को पूर्ण होगा। निरीक्षण दल ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक कदम बताया जो बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। निरीक्षण के दौरान कारा अधीक्षक अजीत कुमार ने मंडल कारा में चल रही विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उनके साथ उपाधीक्षक वीरेंद्र कुमार राय, सहायक अधीक्षक राजेश कुमार, सुशील कुमार, नंदू चौधरी, महिला सहायक अधीक्षक रिंकी कुमारी, प्रधान लिपिक राजेश कुमार एवं कारा चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह सहित कई अन्य कर्मी भी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने निरीक्षण दल को सहयोग प्रदान किया और जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

# थाना परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन

**जनता दरबार में आए चार मामले का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन**

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली थाना परिसर में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद से जुड़े चार मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। यह दरबार सरकारी निर्देश के आलोक में हर शनिवार को आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य है कि आम लोगों की जमीन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस बार जनता दरबार में बलिया, चितरकोली, जोगियामारण और घसियाडीह गांव से लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। बलिया गांव से पुनिचंद साव और छोटू साव के बीच, चितरकोली से विजय प्रसाद और मुखलाल यादव के बीच, जोगियामारण गांव के इंद्रदेव यादव और किशुन यादव के बीच, तथा घसियाडीह गांव से कुमार कौशल किशोर और सत्येंद्र यादव के बीच भूमि विवाद से जुड़े मामलों को दरबार में प्रस्तुत किया गया। इन सभी मामलों में दोनों पक्षों को बुलाकर विस्तारपूर्वक सुनवाई की गई और तथ्यों के आधार पर मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जनता दरबार की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ-साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी चंदन कुमार, अंचल नाजिर शिव शंकर कुमार, चौकीदारगण और अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि भूमि विवाद को लेकर आपसी टकराव और मारपीट की बजाय ऐसे मामलों को कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से सुलझाना ही सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव-समाज में शांति बनी रहे और छोटी-छोटी समस्याएं स्थानीय स्तर पर ही सुलझा ली जाएं। अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी ने दरबार के समापन के दौरान कहा कि जटिल मामलों का समाधान संभव न हो पाने की स्थिति में लोगों को उच्च न्यायालय या सक्षम अधिकारी के समक्ष जाने की सलाह दी जाती है, लेकिन अधिकतर मामूली विवाद आपसी सहमति और प्रशासनिक मध्यस्थता से सुलझाए जा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जनता दरबार जैसी पहल का लाभ उठाएं और कानून के दायरे में रहकर अपनी समस्याओं का समाधान करें।

## थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारे हेतु लगा जनता दरबार



निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)

स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में किया गया। यह दरबार अंचलाधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष दीपक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भूमि विवाद से जुड़ी जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे हेतु आयोजित इस दरबार में इस बार केवल एक ही फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आए हुए मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर आगामी जनता दरबार में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है ताकि दोनों पक्षों की बातों को सुना जा सके और निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना दोनों पक्षों की उपस्थिति के कोई अंतिम निर्णय संभव नहीं है, इसलिए अगली तिथि पर दोनों पक्षों की मौजूदगी सुनिश्चित कर समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। जनता दरबार के दौरान राजस्व विभाग के कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, नरेंद्र कुमार और प्रकाश कुमार समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिसकर्मी मौके पर उपस्थित रहे। जनता दरबार में कम संख्या में शिकायत आने को प्रशासन ने स्थानीय लोगों में आपसी समझ और शांति का प्रतीक बताया। अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जमीन से जुड़ी समस्याएं प्रायः आपसी संवाद की कमी या कागजी त्रुटियों के कारण उत्पन्न होती हैं, जिनका समाधान कानूनन प्रक्रिया और आपसी समन्वय से संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि भूमि विवाद की स्थिति में वे हिंसा या टकराव के रास्ते को छोड़ कर जनता दरबार जैसे मंच का सहारा लें।

## पूर्व ग्राम सेवक कारू राम बने राजद प्रखंड अध्यक्ष

रजौली (नवादा) (नि.सं.) रजौली प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद कार्यालय में राजद प्रखंड अध्यक्ष के रूप में होरीला गांव निवासी पूर्व ग्राम सेवक कारू को चयनित किया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष के निर्वाचन में निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में राजद के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राजकुमार यादव मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से कारू राम को राजद प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव, नंदकिशोर यादव, कंचन यादव, रामलखन यादव एवं देवनन्दन यादव भी मौजूद रहे। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राजद द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रजौली प्रखंड अध्यक्ष के लिए एक बैठक आहूत की गई। इस दौरान राजद के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष कारू राम को लोगों ने सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना है। उन्होंने कहा कि कारू राम पार्टी के लिए हमेशा सक्रिय रहे हैं और पार्टी को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इनके नेतृत्व में पार्टी को विशेष ऊर्जा मिलेगी। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष कारू राम ने बताया कि वे हमेशा से पार्टी के लिए कार्य करते आ रहे हैं। रजौली में राजद को मजबूती प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व पार्टी को पंचायत व बुथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा।

# 24 घंटे के भीतर 48 फरार अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

नवादा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई 2025 को नवादा जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर कुल 48 फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है, जो अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के अंतर्गत 1 अभियुक्त, मद्य निषेध कानून के तहत 10 अभियुक्त और अन्य मामलों में 37 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। यह कार्रवाई जिलेभर में एकसाथ की गई, जिससे अपराधियों में खलबली मच गई है। पुलिस द्वारा चलाए गए मद्य निषेध अभियान के तहत 150 लीटर देसी महुआ शराब और 0.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। यह बरामदगी शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान की सफलता को दर्शाती है। वारंट तामील के क्रम में 22 मामलों में गिरफ्तारी की गई, वहीं 3 मामलों में कुर्की की कार्रवाई की गई है। इससे स्पष्ट है कि फरार और लंबे समय से कानून की पकड़ से बाहर चल रहे अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का शिकंजा अब और कसता जा रहा है। वहीं जिलेभर में की गई वाहन जांच के तहत 200 से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 55,000 का जुर्माना वसूला गया। साथ ही, एक चोरी की मोटरसाइकिल भी पुलिस द्वारा बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी जो अपराध कर दूसरे जिलों या राज्यों में छिपे रहते हैं, उनके खिलाफ लगातार आसूचना संकलन किया जा रहा है और जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, "नवादा पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई न सिर्फ अपराधियों के मनोबल को तोड़ेगी, बल्कि आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करेगी।

## 38 लीटर वियर व विदेशी शराब जब्त



निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

वारिसलीगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर परिषद क्षेत्र के शेरपुर मोड पर स्थित मरघटी के पास एक पैन में रखा 38.5 लीटर विदेशी शराब को जब्त कर थाना लाया गया। अभियान में जुटे पी टी सी पप्पू कुमार ने बताया कि संबंधित स्थान से 23.5 लीटर गौड़ फादर नामक बीयर जो 500 एम एल का था के अलावा आफिसर च्वाइस नामक वाइन शराब 180 एम एल का 50 पीस रॉयल स्टेग 750 एम एल का 8 बोतल शराब जब्त कर थाना लाया गया। इस बाबत शराब कारोबार से जुड़े व्यक्तियों की पहचान करने की दिशा में पुलिस का प्रयास जारी है। जब्त शराब के तहत अज्ञात कारोबारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरांट में विदाई समारोह आयोजित

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)




सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरॉट के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन को विद्यालय परिवार, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की ओर से एक भव्य विदाई समारोह के माध्यम से भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप सम्मानित किया गया। 31 मई को राजीव रंजन के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने एक गुरु-शिष्य और शिक्षक-समाज के रिश्ते को आत्मीयता से जोड़ने का भावप्रवण उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ, जिसने पूरे माहौल को संगीतमय और भावनात्मक बना दिया। इसके पश्चात प्रधानाध्यापक राजीव रंजन का अभिनंदन विद्यालय के शिक्षकगण, बच्चों, शिक्षा समिति के सदस्यों, स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा फूलमालाओं से किया गया। उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और उपहार भेंट कर उनके समर्पण व सेवाभाव को नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने विद्यालय का सम्पूर्ण प्रभार शिक्षक गुरदास पासवान को सौंपते हुए कहा कि शिक्षक की सेवा केवल नौकरी नहीं, एक मिशन होती है। उन्होंने कहा कि वह इस विद्यालय, इसके विद्यार्थियों और यहां के लोगों से मिले स्नेह को कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने सेवानिवृत्ति को जीवन का एक स्वाभाविक चरण बताते हुए कहा कि यह अवसर आत्ममंथन और स्मृतियों को समेटने का होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक चन्द्रमौली सिंह ने राजीव रंजन के तीन दशक से अधिक लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 1993 में जब उन्होंने इस विद्यालय में योगदान दिया था, तब से लेकर अब तक उनका समर्पण, अनुशासन और नेतृत्व अतुलनीय रहा है। उन्होंने विद्यालय को केवल एक शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का केंद्र बनाया। उनके द्वारा बनाया गया अनुशासन और कार्य संस्कृति भावी शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा रहेगा। अन्य वक्ताओं में विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार, सुनील कुमार, संत दयाल, कु. सरस्वती, दरख्शा अकरम और नाजिया प्रवीण ने भी अपने विचार साझा किए। सभी ने एक स्वर में कहा कि राजीव रंजन का व्यक्तित्व अनुकरणीय, उनका नेतृत्व प्रेरणादायक और कार्यशैली ईमानदारी से भरपूर रही है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के पुत्र व पाण्डेयगंगौट पंचायत के मुखिया दीपक कुमार, शशिभूषण सिंह, रामनरेश कुमार, आनंद मोहन समेत अनेक ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आज से नरहट में शुरू होगा उन्नत कृषि से सम्बंधित सभा का आयोजन

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नरहट प्रखंड के सभी राजस्व ग्राम में उन्नत कृषि से सम्बंधित सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रखण्ड तकनीकी प्रबन्धक शिवनाथ केसरवाणी ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आईसीएआर के वैज्ञानिक एवं विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 10:00 एएम ग्राम बभनौर, 12:30 पीएम ग्राम नरहट एवं 02:30 पीएम ग्राम ओलीपुर में तीन राजस्व ग्राम में उन्नत कृषि से संबंधित सभा का होगा आयोजन। 5 को 10:00 एम ग्राम बड़ी पाली में, 12:30 पीएम ग्राम भीम बिगहा एवं 02:30 पीएम ग्राम काजीपुरा में तथा 6 जून को 10:00 एएम ग्राम झिकरुआ, 12:30 पीएम ग्राम कोनिवर एवं 02:30 पीएम ग्राम राजा बिगहा में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# ग्राम कचहरी न्यायमित्र की काउंसलिंग एवं नियोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश हुआ जारी

निज संवाददाता | नवादा

जिला प्रशासन नवादा द्वारा ग्राम कचहरी न्यायमित्र के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग एवं नियोजन प्रक्रिया को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में यह प्रक्रिया आगामी 5 जून 2025 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से नवादा के डीआरसीसी भवन, बुधौल में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि काउंसलिंग और नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार दो सेट में दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर डीआरसीसी परिसर में उपस्थित होना अनिवार्य है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों व पंचायत राज पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश पहले ही निर्गत कर दिए गए हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी को पर्यवेक्षण का दायित्व सौंपा गया है। अभ्यर्थियों की काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संचालित होगी, जिसमें आधार आधारित ओटीपी सत्यापन के जरिये अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। काउंसलिंग के बाद योग्य पाए गए अभ्यर्थियों को उसी दिन संबंधित ग्राम कचहरी के सरपंच के हस्ताक्षर से नियोजन पत्र एवं सहमति पत्र प्रदान कर दिया जाएगा। यह पत्र चार प्रतियों में तैयार होगा, जिनमें एक-एक प्रति अभ्यर्थी, ग्राम कचहरी, प्रखंड कार्यालय और जिला कार्यालय में संग्रहित की जाएगी। इस पूरे आयोजन में तकनीकी सहायता Codebucket Solution Pvt. Ltd., पटना द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, टोकन वितरण, दस्तावेज जांच, फोटोग्राफी, बैनर, विधि-व्यवस्था आदि की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रखंड स्तर पर गठित टीमों के माध्यम से सुनिश्चित की गई है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया की देखरेख हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय, अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रंजीत कुमार व गौरव कुमार को कार्यक्रम स्थल पर तैनात किया गया है।

# कौआकोल प्रखंड के चार पंचायतों के महादलित टोलों में विशेष विकास शिविर का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



बिहार महादलित विकास मिशन और डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत कौआकोल प्रखंड के महादलित बहुल क्षेत्रों में एक बार फिर सरकार की योजनाएं धरातल पर उतरती दिखीं। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड के सोखोदेवरा, देवनगढ़, पाली और केवाली पंचायतों के महादलित टोलों में विशेष विकास शिविरों का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य था– वंचित समुदायों तक सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर महादलित समुदाय के लोगों ने भाग लिया। मौके पर विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लोगों को आवश्यक दस्तावेज और योजनाओं से संबंधित सुविधाएं तत्काल प्रदान की गईं। इनमें मुख्य रूप से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना के लिए सर्वे, पेंशन योजनाओं से संबंधित जानकारी और आवेदन जैसी सुविधाएं शामिल थीं। कौआकोल प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना भटकाव और भ्रष्टाचार के पहुंचे। इसी कड़ी में महादलित टोलों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि जो लोग अभी भी सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, वे मुख्यधारा से जुड़ सकें। विकास शिविरों के आयोजन के दौरान सभी चार पंचायतों में नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ-साथ प्रखंड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, विकास मित्र जितेन्द्र मांझी, जवाहर मांझी, रेखा कुमारी सहित अन्य कर्मी सक्रिय रूप से मौजूद रहे और लाभुकों का मार्गदर्शन करते दिखे। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि अक्सर वे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाकर परेशान होते थे, लेकिन इस शिविर के माध्यम से उन्हें सारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो गईं। कई लोगों ने पहली बार आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड जैसी सुविधाएं प्राप्त कीं, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए।

# खरीफ महा अभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखंड परिसर स्थित ई-किसान भवन में खरीफ महाभियान 2025 का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराकर उन्हें कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सरोज देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा, अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं प्रशिक्षु कृषि पदाधिकारी चंदन बागची सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को खरीफ फसलों की वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, उन्नत बीजों के प्रयोग, फसल चक्र की अहमियत और कृषि में बदलते मौसम के प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षु कृषि पदाधिकारी चंदन बागची ने जानकारी दी कि खरीफ फसल के लिए बीज वितरण प्रारंभ हो चुका है। प्रत्येक राजस्व ग्राम से चयनित पांच किसानों को 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया संचालित है। प्रभारी कृषि पदाधिकारी धनंजय कुमार ने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की तकनीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि किसान उचित समय पर वैज्ञानिक विधियों से खेती करें, तो लागत की तुलना में कई गुना अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उन्नत बीजों की बुआई, भूमि प्रबंधन, और कीट नियंत्रण के आधुनिक तरीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अंचलाधिकारी ने किसानों को आगाह किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए उनका नाम आधार कार्ड एवं जमाबंदी में एक समान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहचान पत्र में असमानता होने पर सरकारी लाभ मिलने में बाधा उत्पन्न हो सकती है, इसलिए किसान समय रहते आवश्यक सुधार कर लें। बीडीओ संजीव झा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि क्षेत्र में नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। इसके मद्देनजर कृषि विभाग द्वारा समयानुकूल योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि किसानों को लाभ मिल सके और उनकी आमदनी में वृद्धि हो। उन्होंने किसानों को यूरिया के बजाय जैविक खाद और रासायनिक कीटनाशकों के सीमित प्रयोग की सलाह दी। साथ ही बताया कि पंचायतों में धान की खरीद के लिए पैक्स अध्यक्षों की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री का अवसर मिल सके।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर किया संगोष्ठी

निज संवाददाता | नवादा

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय, नवादा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा एक संगोष्ठी और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा ने की। संगोष्ठी के दौरान न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी, पैनल अधिवक्ता, डिफेंस काउंसिल व पारा विधिक स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने धूम्रपान एवं किसी भी प्रकार के तंबाकू, अल्कोहल या मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ ली। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि वे अपने परिजनों, परिचितों और सहकर्मियों को भी तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा अपने कार्यस्थल को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाए रखने की दिशा में कार्य करेंगे। शपथ ग्रहण का संचालन प्राधिकरण के प्रभारी सचिव धीरेन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए तंबाकू से होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी दी और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का नुकसान नहीं है, बल्कि यह सामाजिक व आर्थिक रूप से भी नुकसानदायक है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने साथ-साथ समाज को भी तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता फैलाए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा ने इस अवसर पर कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार केवल विधिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनजागरण, सामाजिक मुद्दों व स्वास्थ्य जागरूकता में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने तंबाकू सेवन को मानव स्वास्थ्य के लिए एक मूक हत्यारा बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आरा में आज 3 घंटे बिजली रहेगी बाधित

**आरा।** आरा शहर के महादेवा,मठिया,हॉस्पिटल रोड इलाके में तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आज 31 मई दिन शनिवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 1 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता, आरा ने बताया कि मठिया पर 315 केवीए ट्रांसफॉर्मर का काम और नए LT केबुल का काम किया जाएगा। ताकि आने वाले दिनों में लगातार बिजली दिया जा सके। इस क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी, ताकि बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं हो। इसके लिए, सभी बिजली उपभोक्ताओं से सूचना देकर अपील की गई है कि बिजली से जुड़ा काम को समय से पहले निपटा लें। क्योंकि शहर के इन इलाकों में बिजली नहीं रहेगी। उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए होने वाली परेशानी को लेकर सहायक अभियंता ने खेद प्रकट किया है। साथ ही कहा कि काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी ।

**इन इलाकों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित:** महादेवा के आसपास के क्षेत्रों यथा मठिया, महादेवा, बिस्कुट गली,बघवा गली ,महाजन टोली नंबर-1, KB सहाय गली,हॉस्पिटल रोड, आरण्य निवास गली ,डॉक्टर सतीश गली,आदि के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### जीएम ने एआई तकनीक पर आधारित स्मार्ट कोच का किया अवलोकन

**आरा।** दानापुर रेल मंडल का आरा कोचिंग डिपो भारतीय रेलवे के लिए नई मिसाल बन गया है। यहां पहली बार 15 नई तकनीकों का सफल ट्रायल किया गया। शुक्रवार को पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने डिपो का निरीक्षण किया। उन्होंने तकनीकों का डेमो देखा। मौके पर एडीआरएम ऑपरेशन आधार राज ने प्रस्तुति दी। जीएम ने तकनीक को सराहा। इसे सफल बनाने वाले कर्मियों को एक लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की। डिपो में लगाए गए सभी उपकरण दानापुर मंडल की टीम ने खुद विकसित किए हैं। इन तकनीकों से कोच में किसी भी खराबी की जानकारी रियल टाइम में एप के जरिए कंट्रोलिंग अथॉरिटी को मिलेगी। इससे तय होगा कि कोच में मरम्मत की जरूरत कितनी है। इससे समय की बचत होगी। हादसे टाले जा सकेंगे। सेंसर से कोच में पानी की कमी का पता चलेगा। हॉट एक्सेल की पहचान होगी। बाथरूम की बदबू की जानकारी मिलेगी। इससे ट्रेनों को समय पर चलाना आसान होगा। फिलहाल एक एसी टू कोच में सेंसर और आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। सेंसर तापमान बढ़ने या किसी गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत अलर्ट भेजेगा। स्मार्ट कोच की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। मौके पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय और मंडल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### स्कूलों में परीक्षा खत्म, आज होगी अभिभावक गोष्ठी

**आरा।** शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई पहल शुरू की है। अब वर्ग एक से लेकर उच्च माध्यमिक तक के बच्चों की हर महीने परीक्षा ली जा रही है। इसी क्रम में मई महीने की मासिक परीक्षा 30 मई को पूरी हो गई। ग्रीष्मावकाश एक जून से शुरू होगा। उससे पहले 31 मई को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। लाखा इंटर स्तरीय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बालगंगाधर तिलक ने बताया कि सभी छात्रों को ग्रीष्मावकाश के लिए गृह कार्य दिया गया है।

### हजारों लोगों ने लिया स्वास्थ्य जांच शिविर का लिया लाभ

**आरा।** सलेमपुर के महामाया मंदिर परिसर में 30 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 4000 से अधिक लोगों ने जांच, दवा, चश्मा और परामर्श की सेवाएं लीं। आयोजन पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह के नेतृत्व में हुआ। शिविर में पटना के हॉस्पिटल की संयुक्त विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दीं। 22 डॉक्टरों की टीम ने आंतरिक चिकित्सा, पल्मोनोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, त्वचा रोग, स्त्री एवं पुरुष रोग, नेत्र रोग, हड्डी और यूरोलॉजी जैसे क्षेत्रों में परामर्श और इलाज किया।

### खनगांव में महिला संवाद कार्यक्रम, रखीं गयी 30 मांगें

**कोईलवर।** स्थानीय कोईलवर प्रखंड के खनगांव पंचायत में शुक्रवार को रौनक जीविका महिला ग्राम संगठन ने महिला संवाद कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में संगठन की सभी जीविका दीदियों के साथ आसपास की महिलाओं ने भाग लिया। उद्घाटन खनगांव पंचायत की मुखिया शालिनी सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सरकार की 37 योजनाओं की जानकारी देना है। ये योजनाएं पिछले 20 वर्षों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत से 50 प्रतिशत आरक्षण, जीविका स्वयं सहायता समूह, सतत जीविकोपार्जन योजना, महिला उद्यमिता, कन्या उत्थान योजना, पोशाक योजना और साइकिल योजना शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी वीडियो के माध्यम से भी दी गई। ज्योति दीदी, रूबी दीदी व गीता दीदी ने साझा किए अपने अनुभव कार्यक्रम में ज्योति दीदी, रूबी दीदी और गीता दीदी ने अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं ने अपने वार्ड, गांव और पंचायत की प्रगति के लिए 30 मांगें रखीं। इनमें लाइब्रेरी की स्थापना, खादी स्वास्थ्य उपकेंद्र में प्रसव और बच्चों के इलाज की बेहतर सुविधा, चांदी चौक पर जाम से निजात के लिए ओवरब्रिज की मांग प्रमुख रही। पिछले 18 अप्रैल से शुरू हुए इस महिला संवाद कार्यक्रम के तहत अब तक कोईलवर प्रखंड के 83 ग्राम संगठनों में आयोजन हो चुका है। इनमें करीब 24,000 महिलाओं ने भाग लिया। कुल 310 मुद्दों पर महिलाएं अपनी मांगें रख चुकी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीविका से जुड़े सामुदायिक समन्वयक मिथिलेश कुमार, दानिश मिर्जान, निक्की, रूबी, किरण, रीना देवी, एमआरपी चंदन कुमार, आर्यन और विकास मित्र नीतीश्वर कुमार अरुण मौजूद रहे।

### भोजपुर में संदिग्ध परिस्थिति में पत्नी की मौत

**आरा।** भोजपुर के स्थानीय बिहिया थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव के महादलित टोला में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका का नाम धनमुनिया देवी (25) था। वह रामू मुसहरकी पत्नी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, आरा भेजा गया। बताया जाता है कि धनमुनिया देवी की तबीयत कुछ दिनों से खराब थी। शुक्रवार को अचानक उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का पता चल सकेगा। हालांकि, पुलिस ने मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया है कि बीमारी के कारण मौत और स्वयं जहर खा लेने से मृत्यु होना प्रतीत होता है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**दूसरी महिला से पति ने की शादी:** मृतका के भैसुर संतोष ने बताया कि उसका पति राम मुसहर उर्फ रामू एक महीने पहले भदवर गांव की एक महिला को लेकर भाग गया है और उसने उसी से शादी कर ली है। जिसको लेकर उसकी पत्नी से झगड़ा चल रहा था। वह काफी मानसिक तनाव में भी थी। जब वह बधार में थी। तभी गांव में हल्ला हुआ कि उसने जहर खा लिया है। सूचना पाकर मृतका के मायके वाले उसके ससुराल भड़सरा गांव पहुंचे और उसे अपने संतुष्टि को लेकर बिहिया पीएचसी ले गए। डॉक्टर ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। उसके ससुराल के सभी लोग घर छोड़कर फरार हैं। मृतका के मायके वालों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर बहुत शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी तरफ मृतका के गांव के रिश्ते में लग रहे भैसुर संतोष ने उसके पति के एक दूसरी महिला को लेकर भागने व उसके साथ शादी करने के कारण जहर खाकर खुदकुशी करने की बात कही है। बिहिया थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ के क्रम में कुछ ग्रामीणों ने कहा कि वह बीमार थी और बीमारी के कारण मरी है। जबकि, कुछ लोगों का कहना था कि उसने जहर खाया था। हालांकि उसकी मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतका अपने मां-बाप की इकलौती बेटी थी और उसे भी एक पुत्री धुनिया है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मारपीट के बाद फायरिंग में चार्टर्ड अकाउंटेंट को लगी गोली

निज संवाददाता। आरा



- आरा में समझौते के दौरान दो गुटों में मारपीट, भागने के दौरान बदमाशों ने चलाई गोली

आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मझौवां गांव में शुक्रवार की रात दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। इसको लेकर मारपीट व फायरिंग की गई। जिसमें एक ऑफिस के ऊपर खड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट को गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी है। परिजन घायल को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लेकर गए। गोली से जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव निवासी अनिल सिंह का बेटा आशीष कुमार सिंह (27) है। वह चार्टर्ड अकाउंटेंट है और मजा हुआ स्थित अपना ऑफिस चलाता है। घायलों में टाउन थाना क्षेत्र के मझौवां गांव निवासी बुटन यादव का 25 साल का बेटा सोनू यादव और अरुण सिंह का 32 साल का बेटा रवि शंकर सिंह शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

**गोली लगने के कारण हड्डी फ्रैक्चर:** इलाज कर रहे सर्जन डॉ.विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली बाएं पैर में लगी है। गोली लगने के कारण वहां का हड्डी फ्रैक्चर कर गया है। उसके डायमंड पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है और मरीज की स्थिति अभी स्टेबल है। रवि शंकर सिंह ने बताया कि दो दिन पहले उनके दोस्त दुर्गेश बाबा को मझौवां पुल के पास बैठने को लेकर गांव के ही कुछ युवकों झगड़ा हुआ था। उस दौरान उक्त युवकों ने उसके दोस्त दुर्गेश बाबा को मारकर सिर फोड़ दिया गया था। शुक्रवार की रात विवाद के समझौते को लेकर वे लोग दुर्गेश बाबा के साथ उक्त युवकों के पास गए थे। तभी युवकों ने फाइटर से उन्हें और उनके दोस्त सोनू यादव को मारकर जख्मी कर दिया । जब वे लोग भाग रहे थे। तभी फायरिंग कर दी गई। हालांकि वे लोग बाल बाल बच गए। लेकिन फायरिंग के दौरान अपने ऑफिस के ऊपर खड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट आशीष कुमार सिंह को गोली लग गई। जिससे वह भी जख्मी हो गए। जख्मी रवि शंकर सिंह ने गांव के ही गांव के कुछ लड़कों पर दो दिन पहले अपने दोस्त दुर्गेश बाबा को मारने व फाइटर से मारकर उन्हें उनके दोस्त सोनू यादव को जख्मी करने व फायरिंग करने का आरोप लगाया है। जख्मी चार्टर्ड अकाउंटेंट आशीष कुमार सिंह के पिता अनिल सिंह ने बताया कि उनका बेटा आशीष कुमार सिंह अपने ऑफिस के ऊपर खड़ा था। तभी उसे गोली लग गई। इसके बाद उनके दूसरे बेटे द्वारा सासाराम से फोन कर इस घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर वे लोग घर से वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले आए। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## भोजपुर सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव स्थित कचरा भवन के पास शनिवार की सुबह सड़क हादसा हुआ। यहां बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार यूपी निवासी शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र के हरिया छोटी गांव निवासी स्व.रामटहल प्रजापति के 43 साल का बेटा जयराम प्रजापति है। वह वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मऊ जिला के चिड़िया कोट थाना क्षेत्र के रुकम जालीम गांव में अपना मकान बनाकर रहते थे। वह पेशे से शिक्षक थे और फिलवक्त भोजपुर के संदेश प्रखंड के सुरंगापुर गांव स्थित मध्य स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।

**पुलिस ने साथी शिक्षक को दी घटना की सूचना:** संदेश में ही किराए का मकान लेकर अकेले रहते थे। उसी स्कूल में उनके साथ पढ़ा रहे साथी शिक्षक उमेश कुमार ने बताया कि स्कूल बंद होने के बाद शनिवार की सुबह बाइक से वह अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान फतेहपुर गांव स्थित कचरा भवन के पास ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद संदेश थाना पुलिस ने इसकी सूचना उन्हें दी।

**पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम:** सूचना पाकर वह घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी बालिका देवी, दो बेटी शिवांगी देवी, श्वेता कुमारी व दो बेटे अनूप कुमार और अनुज कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी बालिका देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पीएम मोदी की विक्रमगंज रैली पर राजद सांसद का दावा

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर से राजद सांसद सुधाकर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विक्रमगंज रैली को फ्लॉप बताया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर भीड़ जुटाने की कोशिश की गई। लेकिन इसके बावजूद आधी से ज्यादा कुर्सियां खाली रहीं। सांसद ने प्रधानमंत्री को परिधान मंत्री और 'प्रचार मंत्री' बताते हुए कहा कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन काम सिर्फ प्रचार तक सीमित रह गया है। बिहार के अधिकारियों को आदेश देकर 25 हजार जीविका दीदियों को रैली में बुलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का काम सिर्फ प्रचार तक सीमित रह गया है।

**उपेक्षा का लगाया आरोप:** सुधाकर सिंह ने मोदी सरकार पर बिहार की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरा-मुंडेश्वरी रेल लाइन और सोन नहर के आधुनिकीकरण की कोई घोषणा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अब बिहार का बच्चा-बच्चा जान चुका है कि यह सरकार सिर्फ "जुमलों" की सरकार है।

**चुनाव में गड़बड़ी का लगाया आरोप:** चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सांसद ने कहा कि कैमूर जिले के रामगढ़, नुआंव और दुर्गावती प्रखंड में बीएलओ पर दबाव बनाकर भाजपा समर्थकों के नाम जोड़े जा रहे हैं।

# भोजपुर में 5 करोड़ की हेरोइन बरामद

निज संवाददाता। आरा



- यूपी के गाजीपुर से लाई जा रही थी खेप, एसटीएफ ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार

आरा नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोहल्ले में बिहार STF और भोजपुर पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर 2 हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ कुर्मी टोला निवासी छठू चौधरी का बेटा अंकुश कुमार और पासवान टोली निवासी बालदेव पासवान का बेटा इंद्रजीत कुमार है। इनके पास से 2 किलो 107 ग्राम हेरोइन, 1 कार, 1 लाख 27 हजार 490 नगद रुपए, 2 मोबाइल, 4 पासबुक, 1 एटीएम, 1 डीएल, 1 पैन कार्ड और एक आधार कार्ड बरामद किया गया है। हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 5 करोड़ की बताई जा रही है। इसकी जानकारी ASP परिचय कुमार ने दी है।

**निशानदेही पर की कार्रवाई:** परिचय कुमार ने बताया कि STF और नवादा थाना की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से भारी मात्रा में तस्कर स्विफ्ट कार से नवादा थाना क्षेत्र के धोबीघटवां इलाके से होकर जाने वाले हैं। इसके बाद दोनों टीम ने घेराबंदी कर कार सवार एक तस्कर को पकड़ा। कार से एक किलो हेरोइन बरामद की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर अनाईठ मोहल्ले में छापेमारी कर एक किलो 107 ग्राम हेरोइन बरामद की।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है:** एएसपी ने बताया कि गाजीपुर से बड़ी खेप लाई गई थी। इसके बाद ये तस्कर अलग-अलग लोगों को सप्लाई करने वाले थे। तस्करों के आपराधिक इतिहास के बारे में पुलिस पता लगा रही है। इतनी बड़ी खेप बरामद होने के बाद तस्करों के चेन के बारे में पता लगाया जा रहा है। दोनों तस्करों की गिरफ्तारी के बाद एक और तस्कर का भी नाम सामने आया है। जिसके घर से हेरोइन बरामद की गई। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# 7 सदस्यीय जिला खुफिया समिति गठित

निज संवाददाता। बक्सर



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन निर्वाचन व्यय अनुश्रवण के क्रम में व्यय संवेदनशील क्षेत्र को चिह्नित करने को लेकर डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम ने सभी सदस्यों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 निर्वाचन व्यय अनुश्रवण हेतु जिला खुफिया समिति का गठन किया गया है। इस कमिटी द्वारा इम्पीरियल कैटिरिया/ पारामीटर पर आधारित प्राप्त सूचना, तथ्य एवं मंतव्य पर चर्चा करते हुए व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्र को चिह्नित किया जाना है। इसको लेकर डीएम की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय प्रवर्तन अभिकरण के साथ जिला खुफिया समिति का गठन किया गया है। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 निर्वाचन व्यय अनुश्रवण के क्रम में इस जिला के बक्सर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र को व्यय संवेदनशील विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र घोषित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- डीएम ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजेंस कमेटी द्वारा निम्न दो आधार पर संवेदनशीलता का मैपिंग करें। जिसमें नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुओं और मुफ्त उपहारों के मुख्य समूह जैसी कार्य क्षमताएं। क्षेत्रवार संवेदनशीलता (जिलावार, जिलावार समूह, विधानसभा क्षेत्रवार) व्यय संवेदनशील पॉकेट्स (ईएसपी) की पहचान के लिए, मानक संचालन प्रक्रिया शामिल है। ईएसपी की पहचान के लिए जिला खुफिया समिति की जानकारी पर विचार किया जाएगा। पिछले चुनावों में नकदी, शराब आदि मुफ्त बांटने की बड़ी संख्या में शिकायतें/घटनाएं वाले क्षेत्र। ईएसपी (ESP) को फ्लाइंग स्क्वॉड (FS) और स्टैटिक सर्विलांस टीमों (SST) द्वारा सातों दिन चौबीस घंटे निगरानी में रखा जाना है, खास तौर पर मतदान के आखिरी तीन दिनों के दौरान। इस अवधि के दौरान एसएसटी में केंद्रीय अर्धसैनिक बल का मिश्रण होगा। जिला खुफिया समिति में ये पदाधिकारी शामिल हुए बक्सर एसपी, असैनिक शल्य चिकित्सक पदाधिकारी बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव, सहायक आयुक्त राज्य कर बक्सर, उत्पाद अधीक्षक बक्सर एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक बक्सर शामिल है। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईएसपी को चिह्नित करने के लिए निर्धारित सॉप (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) के अंतर्गत उल्लेखित तथ्यपरक मानदंडों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के मानदंडों की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया गया कि निर्वाचन व्यय की निगरानी और नियंत्रण के लिए किन-किन क्षेत्रों को अधिक संवेदनशील माना जा सकता है। इस मामले पर भी गयी चर्चा पिछली निर्वाचन प्रक्रिया में व्यय संबंधी शिकायतों का विश्लेषण, अवैध नकदी, शराब, नशीले पदार्थों की जब्ती के आंकड़ों की समीक्षा, निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति और प्रवर्तन एजेंसियों की सक्रियता, क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की प्रकृति।

## बक्सर जिले में दरवाजे पर सो रहे दादा-पोती पर फायरिंग

निज संवाददाता। बक्सर



- 2 साल की बच्ची को कंधे के नीचे लगी गोली, बुजुर्ग के पीठ से आर-पार होकर निकली

बक्सर में दरवाजे पर सो रहे बुजुर्ग और उनकी पोती को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। घटना शुक्रवार की रात ब्रह्मपुर के बड़की नैनीजोर गांव के वार्ड नंबर 9 में हुई। घायलों में चतुर यादव(65) और उनकी 2 वर्षीय पोती चांदनी कुमारी शामिल हैं। रात करीब एक बजे हमलावरों ने फायरिंग की। चतुर यादव को पीठ में गोली लगी, जो आर-पार हो गई। चांदनी को कंधे के नीचे गोली लगी, जो शरीर को भेदती हुई निकल गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। घायलों को तत्काल आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन ने बताया कि गर्मी के कारण चतुर यादव रोजाना की तरह अपनी पोती के साथ दरवाजे पर सो रहे थे।

**अज्ञात अपराधियों के खिलाफ FIR दर्ज:** घायल चतुर यादव ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। अंधेरे के कारण वे हमलावरों को पहचान नहीं पाए। नैनीजोर थानाध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बक्सर में ठेकेदारी के विवाद में हुई थी हत्या

- पेप्सिको कॉन्ट्रैक्ट विवाद में शख्स को मार डाला, तीन गिरफ्तार, जिला परिषद सदस्य फरार

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के बासुदेव ओपी क्षेत्र के अमीरपुर में 25 मई को संतोष महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बक्सर एसपी शुभम आर्य ने बताया कि यह हत्या पेप्सिको बॉटलिंग प्लांट के ठेकेदारी में वर्चस्व को लेकर की गई थी। बक्सर एसपी शुभम आर्य ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस ने तीन आरोपियों - भोला सिंह उर्फ शिवशंकर सिंह, महेंद्र सिंह और अरुण सिंह को गिरफ्तार किया है। तीनों का पहले से गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है।

**जांच में मिली अहम जानकारी:** जांच में पता चला कि संतोष महतो, महेंद्र सिंह और भोला सिंह पहले बियाडा की जमीन से पेड़ों की कटाई और बिक्री का काम करते थे। नवानगर में पेप्सिको का बॉटलिंग प्लांट खुलने के बाद वे कंपनी को मजदूर और मशीनरी उपलब्ध कराने लगे। संतोष महतो कंपनी के सभी कॉन्ट्रैक्ट मैनेज करते थे। विवाद की जड़ में भोला यादव का ट्रैक्टर किराया और पेड़ कटाई का बकाया पैसा था। वहीं, मुख्य आरोपी जिला परिषद सदस्य मुन्ना यादव पेप्सिको कंपनी में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता था। संतोष महतो के रहते यह संभव नहीं था। पुलिस फरार मुन्ना यादव की तलाश कर रही है।

**इस तरह रची गई हत्या की साजिश:** बताया गया संतोष महतो की हत्या के लिए मुन्ना यादव, उपेंद्र यादव, भोला सिंह, महेंद्र सिंह, अरुण सिंह सहित कुल छह लोगों ने दो दिन तक बैठकर साजिश की। हत्या के एक दिन पहले मुन्ना यादव ने शूटरों को कांटा और कारतूस उपलब्ध कराया। हत्या करने के लिए चार लोग गए। खलिहान में सो रहे संतोष महतो जब सुबह शौच के लिए निकले तो सिर में सटा कर गोली मार दी गई। उसके बाद हथियार को छुपाने के लिए उपेंद्र कुमार और सुनील को दे दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

# भोजपुर जिले में खरीफ की पैदावार बढ़ाने के लिए कृषि संकल्प यात्रा

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले में खरीफ फसल की बुवाई से पहले किसानों को वैज्ञानिक और आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से, गुरुवार से विकसित कृषि संकल्प यात्रा की शुरुआत कृषि विज्ञान केंद्र ने की है। यह यात्रा लगातार 12 जून तक चलेगी। कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस यात्रा का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र, भोजपुर की प्रमुख डॉ. शोभा रानी कर रही हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देना है। कृषि विज्ञान केंद्र परिसर से गांव की दूरी को चार टीम बनाकर कृषि वैज्ञानिक किसानों तक पहुंच रहे हैं। टीम ने अलग-अलग गांवों में जाकर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण में किसानों को उन्नत बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण, और जलवायु अनुकूल खेती की विधियों के बारे में बताया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक खुद गांव-गांव जाकर खेतों में किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं। किसान सलाहकार और विभागीय समन्वयक भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दो टीमों का गठन, 11 कृषि विशेषज्ञ शामिल यात्रा के लिए दो वैज्ञानिक टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम एक दिन में तीन गांव के किसानों को प्रशिक्षित कर रही है। एक टीम में कृषि वैज्ञानिक डॉ विकास सिंह, डॉ. सच्चिदानंद सिंह, शशि भूषण कुमार शशि, डॉ. पंकज रंजीत व अरविंद कुमार एवं दूसरी टीम में डॉ. अजय कुमार मौर्य, डॉ. अनिल कुमार यादव, सुप्रिया वर्मा और डॉ. सौरभ कुलदीप शामिल हैं। पहले दिन गुरुवार को जगदीशपुर प्रखंड के कौरा, दलितपुर व हरदिया गांवों में एवं तरारी प्रखंड के तरारी, बागर और बड़गांव में कृषि प्रशिक्षण शिविर लगाए गए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# लड़ते-लड़ते बाउंड्री से गिरे रिटायर्ड रेलकर्मी की मौत, 3 फीट ऊंची दीवार से गिरने पर गई जान

## परिजन बोले- गला दबाकर हत्या की

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में रिटायर्ड रेलकर्मी की बाउंड्री वॉल से गिरकर मौत हो गई। महज 3 फीट की दीवार से गिरने के बाद वो दोबारा नहीं उठे। मृतक की पहचान रसिक लाल मंडल (71) के रूप में हुई है। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल रसिक मंडल की गांव के युवक विजय कुमारी सहनी से लड़ाई हुई, जिसके बाद दोनों में हाथापाई शुरू हो गई।

इसी दौरान दोनों दीवार से नीचे गिरे और रसिक मंडल की मौत हो गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि रसिक लाल और विजय में बहस होती है। फिर विजय रसिक लाल के गले में हाथ डालता है, धक्का देकर रसिक लाल उसका गला पकड़ लेते हैं। दोनों में धक्का-मुक्की होती है। इस बीच रसिक लाल विजय को मारते दिख रहे हैं। तभी कुछ लोग बीच-बचाव के लिए आते हैं। इस दौरान एक बार विजय सहनी गिरता है, फिर उठता है। फिर रसिक लाल विजय की गर्दन पकड़कर उसे बाउंड्री से नीचे गिराने की कोशिश करते हैं, इस दौरान दोनों गिर जाते हैं। रसिक लाल की मौत हो जाती है। परिवार ने युवक पर गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है।

**गर्दन की हड्डी टूटने से मौत की आशंका:** सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रसिक लाल सिर के बल गिरते हैं, जबकि विजय पेट के बल। इसके बाद विजय सहनी तो उठकर खड़ा हो जाता है, लेकिन रसिक लाल नहीं उठ पाते हैं। कुछ लोग उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारते हैं, लेकिन वो बेसुध पड़े नजर आ रहे हैं। परिजन जब उन्हें डॉक्टर के पास लेकर गए तो उन्हें मृत घोषित किया गया। चिकित्सक का मानना है कि रसिक लाल



की गले की हड्डी टूटने से मौत हो सकती है। हालांकि इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही आएगी।

**बेटा बोला- गला दबाकर हत्या की गई:** मृतक के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि उनके पिता घर की बाउंड्री पर कुछ लोगों के साथ बैठे थे। इसी दौरान गांव के विजय कुमार सहनी ने बाउंड्री के सामने बांस के बाड़े को तोड़ना शुरू कर दिया। लोगों के मना करने पर वह उनसे उलझ गया। विवाद के दौरान आरोपी ने रसिक लाल से मारपीट की। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने उनका गला दबाकर बाउंड्री से फेंक दिया। मृतक की चार बेटियां और एक बेटा है।

**एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी:** बरियारपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष वीरभद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि युवक और वृद्ध लड़ते-लड़ते चार दीवारी के नीचे आ गए। जिसके बाद वृद्ध कुछ भी बोलना बंद कर दिया गया। इसके बाद उसे पानी देकर होस में लाने की कोशिश की गई, लेकिन वे कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गाड़ी ने महिला को मारी टक्कर, मौत, भागलपुर में सामान लेने घर से निकली थी

**भागलपुर।** भागलपुर के नवगछिया में एनएच-31 पर आज सुबह एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। गोपी ढाबा के पास एक्सीडेंट हुआ। इसमें हरनाथचक निवासी फुल्कित सिंह की पत्नी पूनम देवी (40) की जान चली गई है। पूनम देवी सुबह के समय पैदल जा रही थीं। इसी दौरान एचपी गैस से भरी एक लोरी ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने गुस्से में सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। नवगछिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ घंटों के लिए एनएच-31 को जाम कर दिया। रंगरा और गोपालपुर थाना अध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। मृतका के पति ने बताया कि उनकी पत्नी जरूरी सामान लेने घर से निकली थीं। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

### पीएचडी नामांकन में गड़बड़ी वीसी ने बनाई जांच समिति

**भागलपुर।** टीएमबीयू के इतिहास विभाग में पीएचडी (आरएम कोर्स) नामांकन प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर श्री प्रेम कुमार दास ने आवेदन दिया है। कुलपति ने मामले को गंभीर मानते हुए जांच के लिए त्रिसदस्यीय समिति गठित करने की अनुमति दी है। समिति में प्रोफेसर डॉ. विजेन्द्र कुमार, अध्यक्ष छात्र कल्याण को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रोफेसर डॉ. सीपी सिंह, संकायाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान और प्रोफेसर डॉ. आरती सिन्हा, अंग्रेजी विभाग को सदस्य नियुक्त किया गया है। कुलपति ने निर्देश दिया है कि समिति दो दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट कार्यालय को सौंपे। रिपोर्ट में स्पष्ट मंतव्य देना अनिवार्य होगा। आदेश निर्गमन की तिथि से दो दिन की समयसीमा तय की गई है। भागलपुर | टीएमबीयू के पीजी गांधियन थॉट विभाग के एचओडी पर लगे आरोपों की जांच होगी। विवि ने इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। कुलसचिव डॉ. रामाशीष पूर्वे ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की। कमेटी के संयोजक डीएसडब्ल्यू डॉ. बिजेंद्र कुमार बनाए गए हैं। सदस्य के रूप में पीजी हिंदी विभाग की हेड और पीजी अंग्रेजी विभाग की हेड को शामिल किया गया है। कमेटी को दो दिन में जांच रिपोर्ट सौंपनी है।

### 9वीं से 12वीं की परीक्षाओं के लिए मिलेगा प्रश्न पत्र

**भागलपुर।** जिले के सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक की त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक और सेंट-अप परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र वितरण की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए जिला मुख्यालय में छह वितरण केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों से स्कूलों को प्रश्न पत्रों के पैकेट दिए जाएंगे। प्रश्न पत्रों के वितरण के लिए हर केंद्र से जुड़े स्कूलों की सूची तैयार की गई है। इसमें स्कूल का नाम, कोड और संबंधित पदाधिकारी का नाम शामिल है। मैट्रिक और इंटरमीडिएट के लिए अलग-अलग सूची बनाई गई है। यह सूची पत्र के साथ संलग्न कर दी गई है। 9वीं और 11वीं के छात्रों के लिए त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा होगी। 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक और सेंट-अप परीक्षा ली जाएगी।

### माहवारी को लेकर किया जागरूक

**भागलपुर।** मध्य विद्यालय शंकरपुर चौवनिया में शुक्रवार को माहवारी जागरूकता अभियान चला। संकुल स्तरीय मीना मंच गतिविधि का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संकुल समन्वयक परेश कुमार और जेएलएनएमसीएच की सहायक प्राध्यापिका डॉ. माधवी सिंह ने किया। इस मौके पर सभी ने एक स्वर में रेड डॉट चैलेंज स्वीकार किया। डॉ. माधवी सिंह ने किशोरियों की काउंसलिंग की। मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं सुनीं। समाधान भी बताया। उन्होंने कहा, माहवारी एक स्वाभाविक और प्राकृतिक प्रक्रिया है। यह स्त्रियों को ईश्वर का वरदान है। इससे डरने की जरूरत नहीं है। किशोरियों को सलाह दी कि इस दौरान पेट दर्द और शरीर दर्द से बचना है तो रोजमर्रा के कामकाज जारी रखें। माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों पर भी बच्चियों को सजग किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका मीरा कुमारी, डॉ. शालिनी कुमारी, शिक्षक राजेश कुमार, शिक्षिका श्रेया, अनीता, वर्षा, उषा, प्रियंका, स्वेता और शिक्षक पंकज मनी, जफर अली, पप्पू कुमार, निलेश रंजन और पुनीत त्रिपाठी मौजूद रहे।

### स्कूली रसोइयों को न्यूनतम मजदूरी दे सरकारः मुकेश

**भागलपुर।** सरकारी स्कूलों के रसोइयों पर हुई कार्रवाई के खिलाफ रसोइया संघ और एक्टू ने विरोध जताया। शुक्रवार को एक्टू जिला सचिव मुकेश मुक्त के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात की। बिहार मध्याह्न भोजन योजना समिति के निदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की एक प्रति उपश्रमायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी दी गई। मुकेश मुक्त ने कहा कि सरकार और निदेशालय रसोइयों को धमकाना बंद करे। उन्हें साल के 12 महीने न्यूनतम सरकारी मजदूरी के बराबर मानदेय दिया जाए। फिलहाल साल में सिर्फ 10 महीने ही काम मिलता है। प्रतिनिधिमंडल में एक्टू जिला उपाध्यक्ष विष्णु मंडल, बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ की संयोजक पूनम देवी, असंगठित कामगार महासंघ के राज्य कमेटी सदस्य सिकंदर तांती, जिला संयुक्त सचिव अमर कुमार और बिट्टू कुमार शामिल थे।

### आरपीएफ ने हेल्थ इंस्पेक्टर को यात्रियों की शिकायतें बताईं

**भागलपुर।** स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म और सर्कुलेटिंग एरिया में कुछ बुजुर्गों ने बिस्तर बिछाकर डेरा जमा लिया था। यात्रियों की शिकायत पर आरपीएफ ने उन्हें हटाया। इसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर एके गिरी ने हेल्थ इंस्पेक्टर संतोष कुमार से सफाई कराने को कहा। लेकिन हेल्थ इंस्पेक्टर ने इसे अपना काम मानने से इनकार कर दिया। हेल्थ इंस्पेक्टर के मना करने पर आरपीएफ ने सफाई एजेंसी के कर्मचारियों को बुलाया। लेकिन हेल्थ इंस्पेक्टर के निर्देश नहीं होने के कारण कर्मचारियों ने भी सफाई करने से मना कर दिया। इसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सभी सफाई कर्मचारियों को थाने बुलाया। वहां उनके नाम और काम की जानकारी ली। यह मामला दिनभर चर्चा में रहा। स्टेशन अधिकारियों ने बताया कि हेल्थ इंस्पेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि यह उनका काम नहीं है। उन्होंने सफाई से पल्ला झाड़ लिया। सफाई एजेंसी के कर्मचारियों ने भी प्लेटफार्म पर झाड़ू तक नहीं लगाई। बाद में हेल्थ इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने कहा कि सफाई को लेकर बात हुई थी, जो बाद में करवा दी गई।

### प्रो. कलाल बाखला बने विवि के कॉलेज इंस्पेक्टर

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के प्रो. कलाल बाखला को कॉलेज इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राज्यपाल सचिवालय के पत्र के आलोक की गई है। प्रो. बाखला जेआरएस कॉलेज जमालपुर में इतिहास विभाग में प्रोफेसर हैं। इसकी अधिसूचना शुक्रवार को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया। नियुक्ति की सूचना राज्यपाल सचिवालय, उच्च शिक्षा निदेशक और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

### पंचायत स्तर पर ई-लाइब्रेरी बने, महिला संवाद में मांग

**मुंगेर।** जिले में 43 दिनों से महिला संवाद कार्यक्रम चल रहा है। शुक्रवार को बरियारपुर प्रखंड के झौआ बहियार पंचायत में भारतीय जीविका महिला ग्राम संगठन ने संवाद आयोजित किया। क्षेत्रीय समन्वयक अमित कुमार ने दीदियों को कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। आकांक्षा एवं मुद्दों के सत्र में गीता देवी ने स्वरोजगार के लिए झौआ बहियार में कुटीर उद्योग लगाने की मांग की। नीलकमल समूह की कंचन देवी ने हर पंचायत में लड़कियों की पढ़ाई के लिए ई-लाइब्रेरी खोलने की बात रखी। मनीषा देवी ने जैविक खेती के लिए सभी जीविका दीदियों को सरकारी प्रशिक्षण दिलाने की मांग की। पशु अस्पताल और सामुदायिक शौचालय की भी जरूरत बताई गई। धरहरा प्रखंड के इटवा पंचायत में अंबेडकर जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में संवाद हुआ। सुनीता देवी ने सभी वार्डों में स्वरोजगार की व्यवस्था की मांग की। सिंकी देवी ने जन वितरण प्रणाली से गुणवत्तायुक्त राशन देने की बात कही। संग्रामपुर प्रखंड के खम्हार में शांति जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में संवाद हुआ। आकांक्षा एवं मुद्दों के सत्र में रीना दीदी, आरती दीदी और रेखा दीदी ने ग्राम संगठन भवन की मांग रखी।

# एनएसएस शुल्क नहीं जमा किया तो रुकेगा कॉलेज स्टाफ का वेतन

## विवि का निर्देश- 5 तक शुल्क का 50 प्रतिशत जमा करें

निज संवाददाता। भागलपुर

कॉलेजों की लापरवाही से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) संचालन में गड़बड़ी सामने आई है। विश्वविद्यालय को एनएसएस शुल्क का हिस्सा नहीं भेजा जा रहा है। महालेखाकार की रिपोर्ट में इसे गंभीर अनियमितता बताया गया है। अब विश्वविद्यालय ने सभी अंगीभूत कॉलेजों को 5 जून तक शुल्क जमा करने का निर्देश दिया है। तय समय पर राशि नहीं भेजने पर प्रशासनिक कार्रवाई होगी। वेतन भी रोका जाएगा। वर्ष 2022 तक तीन वर्षीय सत्र में प्रति छात्र प्रति वर्ष 20 रुपए एनएसएस शुल्क लिया जाता था। इसमें से आधी राशि कॉलेज के एनएसएस खाते में और आधी विश्वविद्यालय के खाते में जमा करना जरूरी था। लेकिन विश्वविद्यालय को उसका हिस्सा नहीं भेजा गया। 2023 से शुरू हुई चार वर्षीय सेमेस्टर प्रणाली में प्रति सेमेस्टर प्रति छात्र 50 रुपए नामांकन शुल्क लिया जा रहा है। इसका भी आधा हिस्सा विश्वविद्यालय के खाते में जमा करना अनिवार्य है। 2023-27, 2024-28 और 2025-29 सत्रों के लिए यह राशि अब तक जमा नहीं की गई है। विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे 5 जून तक विश्वविद्यालय के एनएसएस खाते (खाता संख्या 20307180543, IFSC कोड IDIB000B750) में कुल शुल्क का 50 प्रतिशत जमा करें। साथ ही इसकी सूचना एनएसएस कार्यालय और कुलसचिव कार्यालय को दें। निर्देश का पालन नहीं होने पर वेतन स्थगन सहित सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# नदी में डूबने से तीसरी के छात्र की मौत, नहाने के दौरान हादसा

## एक घंटे बाद मिला शव

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में नदी में नहाने के दौरान 11 साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घटना सफियाबाद थाना क्षेत्र में डकरा नदी की है। मृतक की पहचान पड़हम वार्ड-17 निवासी मोहम्मद नसरुद्दीन के बेटे मोहम्मद वाहिद के रूप में हुई है। वाहिद तीन भाई और एक बहन में दूसरे नंबर का बच्चा था। वह प्राथमिक मध्य विद्यालय पड़हम में तीसरी कक्षा का छात्र था। मृतक के पिता नसरुद्दीन ने बताया कि वाहिद शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे बिना किसी को बताए नदी में नहाने चला गया था। वहां गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। शाम तक नहीं लौटने पर परिजन उसे ढूंढ़ने लगे।

**मवेशी पालक ने दी सूचना:** इसी बीच मवेशी पालक ने बच्चे के डूबने की सूचना दी। इसके बाद



परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वाहिद को नदी से निकाला गया। बच्चे को तुरंत नजदीकी निजी क्लिनिक ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सफियाबाद थाना अध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

# ट्यूशन जा रही छात्रा की मौत, तेज रफ्तार टेंपो ने मारी टक्कर, गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में छात्रा की जान चली गई। हादसा दाऊदवाट इलाके में केटीएम शोरूम के पास सुबह 5:30 बजे हुई। सरदारपुर निवासी प्रभास यादव की बेटी करिश्मा कुमारी (16) ट्यूशन जाते समय तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टेंपो चालक ने नियंत्रण खो दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। ग्रामीण संजीत कुमार ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि पुलिस जनता की सुरक्षा की बजाय उगाही और बालू ट्रकों से वसूली में व्यस्त रहती है। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की। एक अन्य ग्रामीण राजकुमार ने बताया कि हबीबपुर पुलिस की गश्ती गाड़ी रोज सुबह आती है। लेकिन हादसे के समय न गश्ती थी और न ही पुलिस समय पर पहुंची। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया।

**गुस्साए लोगों ने किया सड़क जामः** आक्रोशित ग्रामीणों ने भागलपुर-अमरपुर मुख्य रास्ता पर टायर जलाकर जाम लगा दिया। कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। हबीबपुर थाना पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार राउत ने बताया कि दुर्घटना में शामिल टेंपो को जब्त कर लिया गया है। चालक फरार है। वाहन मालिक की पहचान की जा रही है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का गुस्सा अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। वे इस हादसे को प्रशासन की गंभीर लापरवाही मानते हैं और मांग कर रहे हैं कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतका के परिवार को न्याय व मुआवजा मिले।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(चोरी की गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0—202/2025 दिनांक—01.05.2025 धारा—303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0—JH03U5814 इंजन नं0—HA10AGJH011695 एवं चेचिस नं0— MBLHAR075JH061045 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0—9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0—9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 354006 Police
(25-26)D



DISTRICT HEALTH SOCIETY ,PALAMAU
NATIONAL TUBERCULOSIS ELIMINATION PROGRAMME
Regd. No. :-13/1999 -2000
SADAR HOSPITAL PALAMAU , JHARKHAND • E-mailu :- dtojhplm@rntcp.org

सदर अस्पताल कैम्पस, डालटनगंज

पत्रांक ...................... अतिअल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना दिनांक ..................

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, पलामू ( NTEP ) के अन्तर्गत 100 days TB Campaign के संचालन हेतु राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी,झारखण्ड,राँची से निर्देश प्राप्त है। उक्त Campaign के संचालन के दौरान टीबी संक्रमण की उच्च जोखिम वालें संभावित मरीजों का Chest X-Ray करने में Portable Hand Held X-Ray Machine की भूमिका महत्वमपूर्ण है।
इस संबंध में पलामू जिले में 100 Days TB Campaign के दौरान संभावित यक्ष्मा मरीजों को Portable Hand Held X-Ray Machine के द्वारा X-Ray सुविधा प्रदान किया जाना है। इसके लिए योग्य एवं सक्षम ऐजेंसी से निम्नांकित शर्तों के अन्तर्गत कोटेशन आमंत्रित किया जाता है जिसका विवरण निम्नांकित है।

| क्र0स0 | कार्य विवरणी | Specification of X-Ray Machine Should be as under |
|---|---|---|
| | पलामू जिले में 100 days TB Campaign के संचालन के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/टी0यू0 के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( AAM ) मरीजों को Hand Held X-Ray सुविधा उपलब्ध कराना। | (1) X-Ray Machine Remex KA-6<br>(2) Should be approved by AERB India |

कोटेशन की शर्तें
1. कोटेशन में सभी तरह का कर समाहित होगा।
2 कोटेशन में अंकित दर के अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क देय नहीं होगा।
3. किसी प्रकार के वाद—विवाद की स्थिति में न्यायायीक क्षेत्र मेदिनीनगर होगा।
4. इच्छुक फर्म/संस्थान अपना कोटेशन दिनांक 09.06.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपराहन् 2.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
5. बिना कारण बताए कोटेशन रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. प्राप्त कोटेशनों का निस्तारण दिनांक 12.06.2025 को अपराहन् 4.00 बजे सिविल सर्जन, पलामू के अध्यक्षता में किया जाएगा।
7. भुगतान निधि प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
पलामू।

PR 353995 (District) 25-26 (D)

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू।



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छत्तरपुर, पलामू
Email Id-itichhattarpur@gmail.com

ITI (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) छत्तरपुर, पलामू में शैक्षणिक सत्र—2025—26—27 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण,श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक—639,एवं पत्रांक—640 दिनांक—07.05.2025 के आलोक में NCVT द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI), छत्तरपुर में शैक्षणिक सत्र—2025—26—27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते है, और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, वो ऑनलाईन आवेदन पत्र () पोर्टल पर दिनांक—20 मई 2025 से 13 जून 2025 संध्या 5 बजे तक आंमत्रित किये जायेगें।
न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः— सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं/दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।
01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू, में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीटेंः—

| क्र0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | उम्र सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Electrician | 02 वर्ष | 40 | 10th | 14 to 40 वर्ष |
| 2 | Fitter | 02 वर्ष | 40 | 10th | 14 to 40 वर्ष |
| 3 | Mechanic Diesel | 01 वर्ष | 48 | 10th | 14 to 40 वर्ष |
| 4 | Welder | 01 वर्ष | 40 | 8th/10th | 14 to 40 वर्ष |

02. ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथिः—

| क्र0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत,कोटि एवं अन्य प्रविष्टयों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

03. Time Schedule for 1st Round of online Counselling

| SL No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s)/or ITI(s) | 24-06-2025 | 01-07-2025 |
| 2 | Seat Allotment and downloading Provisional seat Allotment Letter | 04-07-2025 | 21-07-2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 04-07-2025 | 21-07-2025 |

04. Time Schedule for 2nd Round of online Counselling

| SL No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s)/or ITI(s) | 24-07-2025 | 30-07-2025 |
| 2 | Seat Allotment and downloading Provisional seat Allotment Letter | 04-08-2025 | 14-08-2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 04-08-2025 | 14-08-2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा /Download किया जा सकता है।
नोटः— ऑनलाईन आवेदन करने से संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू से
सम्पर्क कर सकते है। मो0 न0 —8210477752, 9065807810
1. आनलाईन आवेदन करने की सुविधा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर के कार्यालय में भी उपलब्ध है।
2. राज्य सरकार के कल्याण विभाग के नियमानुसार **ST/SC/OBC** छात्र/छात्राओ को छात्रवृति दी जाती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू।
मो0—8674862427

PR 354000 District (25-26)_D

नामांकन प्रभारी
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, पलामू।
मो0—9955986573

# नशे में धुत पिता ने ली बेटी की जान लाठी-डंडों से की बेरहमी से पिटाई

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)



रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र स्थित बलचनमा गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां नशे की हालत में एक पिता ने अपनी ही 17 वर्षीय बेटी की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान गांव निवासी राम भज्जू पासवान की पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। शुक्रवार की रात यह दर्दनाक घटना तब हुई जब आरोपी पिता शराब के नशे में घर लौटा और किसी पारिवारिक विवाद को लेकर अचानक हिंसक हो उठा। परिवार वालों के अनुसार, राम भज्जू पासवान का शराब पीना और नशे में मारपीट करना आम बात थी। अक्सर वह घर आने के बाद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था। बीती रात भी वह नशे की हालत में जब घर लौटा, तो एक बार फिर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और घर में उत्पात मचाने लगा। इसी दौरान उसकी बेटी ज्योति ने पिता की हरकतों का विरोध किया। बेटी का विरोध करना आरोपी को इतना नागवार गुजरा कि उसने आपा खो दिया और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, राम भज्जू ने बेटी पर तब तक वार किए जब तक वह खून से लथपथ होकर जमीन पर नहीं गिर गई। परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं था। घायल अवस्था में परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही ज्योति ने दम तोड़ दिया। मृतका के चाचा अरुण महतो ने पुलिस को बताया कि राम भज्जू पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है। पूरे गांव में उसकी शराबखोरी और हिंसक व्यवहार के लिए बदनामी रही है। उन्होंने बताया कि ज्योति पढ़ाई में होशियार और स्वभाव से शांत लड़की थी। वह हमेशा घर में शांति बनाए रखने की कोशिश करती थी। लेकिन इस बार उसका साहसिक विरोध उसे जीवन से हाथ धोने की कीमत पर करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। लेकिन घटना के बाद से ही आरोपी फरार है और पुलिस को उसकी गिरफ्तारी में अब तक सफलता नहीं मिली है।

गांव के लोगों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पहले ही पुलिस राम भज्जू की शराब की लत और हिंसक प्रवृत्ति को गंभीरता से लेती, तो शायद आज एक मासूम बच्ची की जान बचाई जा सकती थी। यह घटना न केवल एक पारिवारिक त्रासदी है, बल्कि समाज के उस अंधेरे पहलू को भी उजागर करती है जहां शराब और घरेलू हिंसा ने जड़ें जमा ली हैं।

## प्रधानमंत्री की सभा में शामिल बुजुर्ग महिला की ईलाज के दौरान हुई मौत

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

रोहतास के बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल हुई बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के तेंदूनी टोला निवासी लाली सिंह की पत्नी केसरी देवी(65) के रूप में हुई है। केसरी देवी की सेहत पहले से खराब थी। परिवार ने उन्हें सभा में जाने से मना किया। लेकिन वह नहीं मानीं। उन्होंने पार्टी से जारी किया गया पास लेकर कार्यक्रम में भाग लिया। वह गांव के अन्य लोगों के साथ बिक्रमगंज के दुर्गा डीह में आयोजित सभा में पहुंचीं। सभा समाप्त होने के बाद शाम को उनकी तबीयत खराब हो गई। प्रशासन ने उन्हें तुरंत बिक्रमगंज के धनगाई स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेजा। और इसकी हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया गया है।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर व्यवसायिक वर्ग को किया गया जागरूक

निज संवाददाता | नवादा



नगर स्थित सुमंगलम कमिटी हॉल में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के तत्वावधान में व्यवसायिक वर्ग के लिए एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यवसाय से संबंधित विवादों के निस्तारण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था — मध्यस्थता प्रक्रिया — के प्रति व्यवसायियों को जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रजेश्वर प्रसाद रजेश एवं पूर्व मुख्य नगर पार्षद संजय साव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यवसायी, अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में चैम्बर अध्यक्ष रजेश्वर प्रसाद रजेश ने कहा कि व्यापारिक विवादों को अदालत तक ले जाने से पहले आपसी सहमति से हल किया जा सकता है, जिससे समय, धन और ऊर्जा की बचत होती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित मध्यस्थता प्रणाली एक कुशल एवं व्यवहारिक विकल्प है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान कराया जाता है और किसी प्रकार की कानूनी फीस नहीं ली जाती है। पूर्व नगर प्रमुख संजय साव ने मध्यस्थता व्यवस्था को व्यावसायिक वर्ग के लिए वरदान बताया और कहा कि व्यवसाय से जुड़े विवादों को लंबी कानूनी प्रक्रिया में फंसाने के बजाय शीघ्र, शांतिपूर्ण और आपसी सहमति से निपटाया जाना समय की मांग है।

कार्यक्रम में प्राधिकार के अधिकृत मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता रजेश कुमार सिन्हा ने मध्यस्थता व्यवस्था की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय और पक्षकारों के लिए सम्मानजनक होती है। इसमें दबाव रहित वातावरण में विवाद के जड़ तक जाकर समाधान खोजा जाता है। यह न केवल न्याय प्रणाली पर भार कम करता है, बल्कि पक्षकारों के आपसी रिश्तों में भी सुधार लाता है। पैनल अधिवक्ता डॉ. संजय कुमार मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यवसायियों से अपील की कि वे इस वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला न्यायाधीश अशुतोष कुमार झा के निर्देशानुसार एवं प्रभारी सचिव धीरेंद्र कुमार पांडेय की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर व्यवसायी जितेंद्र प्रताप जितु, जितेंद्र कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार साहू, कैलाश विश्वकर्मा, महेश वर्मा, मुरारी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी वर्ग उपस्थित था।

## अकस सदस्यों ने एसडीएम को किया सम्मानित

निज संवाददाता | डेहरी (रोहतास)



डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के कैमूर जिले में डीडीसी (उपविकास आयुक्त) पद पर तबादले के बाद उनके सम्मान में अभिनव कला संगम (अकस) द्वारा एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन अनुमंडल गोपनीय कार्यालय में हुआ, जहां संगठन के सदस्यों ने एसडीएम को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह ने डेहरी में अपने कार्यकाल को यादगार बताते हुए कहा कि एक सरकारी पदाधिकारी होने के नाते उन्होंने विभागीय कार्यों के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि डेहरी एक खूबसूरत, जीवंत और संवेदनशील शहर है, जहां की जनता, प्रशासनिक सहयोगियों और सामाजिक संगठनों का सहयोग उन्हें हमेशा मिलता रहा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि स्थानांतरण के बावजूद वे भविष्य में भी सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने कहा, "यहां के अनुभव मेरे आगे के कार्यों में सहायक होंगे। डेहरी से मिला स्नेह और अपनापन हमेशा मेरे साथ रहेगा।" अभिनव कला संगम के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसडीएम का संस्था से एक आत्मीय संबंध रहा है। संस्था को उम्मीद है कि स्थानांतरण के बावजूद उनका मार्गदर्शन एवं सहयोग भविष्य में भी मिलता रहेगा। सचिव विनय मिश्रा, महासचिव प्रो. रणधीर सिंहा, संरक्षक डॉ. नवीन नटराज, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता व संगठन सचिव रवि तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## साधु और संतों समेत अनेक लोगों ने महर्षि अंजनेश को दी श्रद्धांजलि

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। सासाराम में नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के प्रधान संरक्षक, अखिल भारतीय संत समिति के संगठन मंत्री एवं विहिप मार्गदर्शक मंडल के सदस्य जगतगुरु कौलाचार्य महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती महाराज के समाधि पूजन और श्रद्धांजलि सभा का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक, साधु-संत और उनके भक्तों का भारी जनसैलाब जमा हुआ, जिन्होंने महर्षि अंजनेशानंद महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अनेकों संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने इस श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि बाबा महर्षि के आशीर्वाद से ही संगठन के कार्यक्रमों की शुरुआत होती थी।

## यज्ञ से भक्ति का माहौल बनता है और मन की होती है शुद्धि : डॉ. अनुज सिंह

निज संवाददाता | नवादा

सदर प्रखंड के समाय गांव में आयोजित नौ दिवसीय विष्णु प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुंडीय यज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर भागवत कथा का उद्घाटन जिले के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं धर्मानुरागी डॉ. अनुज सिंह के कर कमलों से किया गया। यज्ञ स्थल पर पहुंचते ही यज्ञ समिति के सदस्यों ने उनका भगवा वस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ. अनुज ने कथा मंडप में लगे फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया और यज्ञ परिसर का भ्रमण भी किया। यज्ञ स्थल पर स्थापित आकर्षक मूर्तियों का दर्शन करते हुए डॉ. अनुज ने इन्हें बनाने वाले कलाकारों की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा इस भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर भी प्रशंसा व्यक्त की। इसके बाद यज्ञ स्थल के मंच पर पहुंचकर उन्होंने स्थानीय जनता को संबोधित किया। अपने संबोधन में डॉ. अनुज ने कहा कि यज्ञ न केवल भक्ति से भरे माहौल का निर्माण करता है बल्कि मन की शुद्धि भी करता है। उन्होंने यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि यज्ञ प्रकृति के निकट रहने का एक पवित्र साधन है। यह वातावरण को प्रदूषण से मुक्त कर रोगों को दूर करता है और स्वस्थ जीवन जीने में सहायक होता है। उन्होंने बताया कि जहां भी होम होता है, वहां की सुगंध देश-दूर तक फैलती है, जिसे यज्ञ पुरुष की नासिका द्वारा ग्रहण किया जाता है। डॉ. अनुज ने कहा कि परोपकार की सर्वोत्तम विधि यज्ञ है। जो हवन सामग्री में आहुति दी जाती है उसकी सुगंध वायु के माध्यम से अनेक प्राणियों तक पहुंचती है और सभी उसमें आनंद का अनुभव करते हैं। यज्ञ के हवन की खुशबू जहाँ-जहाँ जाती है, वहाँ का वातावरण स्वच्छ और पवित्र हो जाता है। पर्यावरण को शुद्ध बनाने का एकमात्र और सबसे प्रभावशाली उपाय यज्ञ ही है। यज्ञ के उद्घाटन समारोह में अनिरुद्ध सिंह, गोरेलाल सिंह, राजो बाबू, गीता बाबू, गब्बर सिंह, चंदन कुमार, जय नंदन सिंह, विजय सिंह, बिट्टू सिंह, अशोक सिंह, सुनील सिंह, जयराम सिंह, नरेश सिंह, सोनू कुमार, राजेश कुमार सहित सभी सनातनी धर्मानुरागी उपस्थित रहे। इस आयोजन से समाय गांव में धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना के विस्तार का भाव पूरे क्षेत्र में देखने को मिला।

## 14 बोतल विदेशी शराब व बियर के साथ चार लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (रोहतास)

बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित चितरकोली समेकित जांच चौकी पर शनिवार की अहले सुबह उत्पाद विभाग की सघन कार्रवाई में शराबबंदी कानून को धता बताते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कुल 14 बोतल विदेशी शराब और बियर के 7 केन बरामद किए गए। यह कार्रवाई उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में की गई, जिसमें उत्पाद बलों ने झारखंड की ओर से आने वाली हर प्रकार की छोटी-बड़ी वाहनों की बारीकी से तलाशी ली। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार में शराबबंदी कानून को सफल बनाने के उद्देश्य से चितरकोली चेक पोस्ट पर नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को दो अलग-अलग टीमों द्वारा की गई जांच में चार संदिग्ध यात्रियों को शराब और बियर के साथ पकड़ा गया। पहली टीम में शामिल उत्पाद एएसआई मो. साबिर द्वारा झारखंड से आ रही एक बस की तलाशी के दौरान दो यात्रियों—पूर्वी चंपारण के केसरिया थाना क्षेत्र स्थित रघुनाथपुर गांव निवासी शंकर राय के पुत्र विकास कुमार और मेहसी थाना क्षेत्र के सूरज राय के पुत्र राकेश कुमार—के पास से शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी ओर, उत्पाद एएसआई कैलाश पासवान द्वारा एक अन्य बस की जांच में नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अनारपुर गांव निवासी अनिल कुमार वर्मा के पुत्र सागर कुमार और बस्ती बिगहा गांव निवासी मनोज कुमार के पुत्र दीपक कुमार के पास से भी शराब व बियर जब्त की गई। जब्त सामग्री में 750 एमएल की रॉयल स्टेज ब्रांड की 5 बोतलें, 375 एमएल की ब्लेंडर्स प्राइड की एक बोतल, 750 एमएल की मैजिक मोमेंट्स की एक बोतल और 500 एमएल के ट्यूबर्ग बियर की 7 केन शामिल हैं। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी चार आरोपियों के विरुद्ध बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य जांच के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस अभियान में उत्पाद एएसआई राज किशोर, एएसआई विकास कुमार के साथ-साथ गृह रक्षक बल के जवान भी शामिल रहे। उत्पाद विभाग की यह कार्रवाई सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दो शिक्षक निलंबित, सरकारी राशि गबन का आरोप

निज संवाददाता | नौहट्टा (रोहतास)

रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड से दो शिक्षकों के खिलाफ बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। ई-शिक्षा पोर्टल पर लगातार फर्जी उपस्थिति दर्ज कर वेतन लेने और सरकारी राशि के गबन जैसे गंभीर आरोपों के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय के निर्देश पर दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है, वहीं ऐसे कई शिक्षक अब सतर्क हो गए हैं जो इसी तरह की मनमानी कर रहे थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने बताया कि निलंबित किए गए शिक्षकों में मध्य विद्यालय लौड़ी, नौहट्टा के शिक्षक जलालुद्दीन हजाम और निकिता श्रीवास्तव शामिल हैं। इन पर विद्यालय में शारीरिक रूप से उपस्थित हुए बिना मोबाइल ऐप के माध्यम से घर से ही उपस्थिति दर्ज करने, वेतन लेने और सरकारी नियमों की खुली अवहेलना करने का आरोप है। दोनों शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। मदन राय ने बताया कि शिक्षकों ने यह तर्क दिया था कि विद्यालय पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है, जहां पहुंचना कठिन होता है, लेकिन यह सफाई विभागीय गाइडलाइन के अनुरूप नहीं है। सरकारी सेवा में रहकर अपने कर्तव्यों की लगातार उपेक्षा करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल उपस्थिति में लापरवाही का नहीं, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग का भी है। दोनों शिक्षकों पर सरकारी राशि के गबन का आरोप भी दर्ज है। निलंबन की अवधि में दोनों शिक्षकों की ड्यूटी प्रखंड शिक्षा कार्यालय, सासाराम में लगाए जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इस मामले में आगे की जांच-पड़ताल जारी है, और यदि जांच में और तथ्य सामने आते हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में अन्य ऐसे शिक्षक जो फर्जी हाजिरी या अन्य अनियमितताओं में लिप्त हैं, उनमें भी खलबली मच गई है। विभाग ने संकेत दिए हैं कि ऐसे मामलों में अब "जीरो टॉलरेंस" की नीति अपनाई जाएगी और दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## स्वान दस्ता ने किया चोरी घटना की जांच

नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)। थाना क्षेत्र के बलवा पर गांव में हाल ही में हुई चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार को नारदीगंज पुलिस ने जांच में तेजी लाते हुए स्वान दस्ता (डॉग स्क्वायड) की मदद से घटनास्थल पर सघन छानबीन की। जांच अभियान के दौरान स्वान दस्ता ने पूरे इलाके को खंगालते हुए संदिग्ध मार्गों की पहचान करने की कोशिश की। चोरी की इस घटना को लेकर नारदीगंज थाना में कांड संख्या 202/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अनुसंधान में कोई कोताही नहीं बरत रही है। मामले के अनुसंधानकर्ता एसआई आदित्य कुमार ने बताया कि जांच पूरी निष्पक्षता से की जा रही है। जो भी व्यक्ति चोरी की घटना में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

## पैक्स चुनाव नामांकन के अंतिम दिन कुल तीन पैक्स अध्यक्ष ने भरा नामांकन पर्चा

निज संवाददाता | करगहर (रोहतास)



प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को पैक्स चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों में खासा उत्साह देखा गया। अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए कुल 25 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अररुआ कृषि साख सहकारी समिति में अध्यक्ष पद के लिए अमर प्रसाद ने नामांकन किया है, जबकि सदस्य पद के लिए 9 अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया है। वहीं, रीवा कृषि साख सहकारी समिति में अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार—अजय कुमार राय एवं अवनीत कुमार राय—ने नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही सदस्य पद के लिए कुल 13 प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की है। कुल मिलाकर अररुआ व रीवा दोनों समितियों से अध्यक्ष पद के लिए 3 और सदस्य पद के लिए 22, यानी कुल 25 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि इससे पहले दोनों पैक्स समितियों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाने के कारण पहले के निर्वाचित सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। इस कारण पुनः चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। नामांकन की प्रक्रिया 30 और 31 मई को पूरी की गई, जबकि 2 और 3 जून को नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी की प्रक्रिया होगी। नाम प्रतीक आवंटन 5 जून को किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 12 जून को अररुआ और रीवा पैक्स समितियों के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान के दिन विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## रोहतास महिला कॉलेज में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। रोहतास महिला कॉलेज सासाराम के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा त्रिदिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार शाम हुआ। तीनों दिन बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने डिजिटल रूप में अपने विचार को साझा किए। डॉ. कुमारी मासुमा ने पहले दिन का संयोजन किया। जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. इंदू रानी सिंह ने वक्तव्य दिया। उन्होंने दर्शन शास्त्रीय परामर्श के सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रिया कुमारी ने दूसरे दिन का संयोजन किया।

## पांच दिनों में बनाए गए चार हजार आयुष्मान कार्ड

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना के तहत एक विशेष अभियान चलाया गया, जो पूरी तरह से सफल और जनहितकारी सिद्ध हुआ। नगर पंचायत सहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पांच दिनों तक चले इस अभियान के दौरान लगभग चार हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। यह अभियान क्षेत्र के गरीब, वंचित और पात्र लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष अभियान के तहत क्षेत्र के सभी राशन कार्ड धारकों, 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। इस अभियान की सफलता के पीछे स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ-साथ नगर पंचायत के कर्मचारियों, विकास मित्रों, मुखिया तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका रही। सभी ने मिलकर घर-घर जाकर लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक किया और उनका कार्ड बनवाने में सहयोग किया। बीते 26 मई से लेकर 30 मई तक लगातार पांच दिनों तक यह अभियान पूरे प्रखंड में चलाया गया। इस दौरान 26 मई को 451 लोगों, 27 मई को 1021 लोगों, 28 मई को 1238 लोगों, 29 मई को 610 लोगों और 30 मई को 419 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इस प्रकार केवल पांच दिनों में कुल 3739 लोगों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त मोबाइल सेवा के माध्यम से भी लगभग 400 से 450 लोगों का आयुष्मान कार्ड तैयार किया गया, जिससे कुल संख्या चार हजार से अधिक हो गई। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## इंद्रपुरी बैराज के पास बनेगा भोजपुरी हाट

निज संवाददाता | इंद्रपुरी (रोहतास)

इंद्रपुरी बैराज के आसपास की मनोरम प्राकृतिक छटा अब केवल सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह स्थान जल्द ही भोजपुरी संस्कृति के एक भव्य केंद्र–'भोजपुरी हाट' के रूप में विकसित किया जाएगा। जल संसाधन विभाग की 10 एकड़ जमीन पर बनने वाले इस हाट को पर्यटन विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। इस परियोजना पर 25 करोड़ 25 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे, और इसे सितंबर 2026 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। इंद्रपुरी बैराज पहले से ही एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल और पर्यटक आकर्षण रहा है। अब 'भोजपुरी हाट' के जुड़ने से इस क्षेत्र को नया आयाम मिलेगा। हाट में पर्यटक भोजपुरिया संस्कृति की विविध झलकियों से रूबरू हो सकेंगे। यहां आने वाले सैलानी भोजपुरी खानपान — जैसे सत्तू, बड़ी रोटियां, लिट्टी-चोखा का स्वाद ले सकेंगे। साथ ही, पारंपरिक विवाह समारोहों की झलक भी देखने को मिलेगी, जहां युवक-युवतियां भोजपुरी रीति-रिवाज के अनुसार विवाह बंधन में बंधते नजर आएंगे। 'भोजपुरी हाट' न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और दस्तकारों को एक स्थायी मंच भी प्रदान करेगा। लोक नृत्य, संगीत, हस्तशिल्प, व पारंपरिक परिधान से संबंधित प्रदर्शनी व बिक्री केंद्र इस हाट का हिस्सा होंगे। यह परियोजना बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी 'प्रगति यात्रा' के दौरान 'भोजपुरी हाट' की घोषणा की थी। यह परियोजना न केवल भोजपुरी भाषा और संस्कृति को संरक्षित करेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार और व्यवसाय के अवसर भी प्रदान करेगी। भोजपुरी हाट की स्थापना से इंद्रपुरी बैराज क्षेत्र को नया जीवन मिलेगा। जहां एक ओर पर्यटन राजस्व में इजाफा होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर कुटीर उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों को भी इससे मजबूती मिलेगी।

## बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई



निज संवाददाता | बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट से मई '2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा तथा बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ए के शरन एवं मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) ए के झा उपस्थित रहे। समारोह में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) कल्पना ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर महापात्रा ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए। मई '2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 04 अधिशासी एवं 35 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन) कल्पना द्वारा किया गया।

## सेक्टर-4 एफ सूर्य मंदिर सरोवर के पुनर्जीवन से विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का हुआ शुभारंभ

निज संवाददाता | बोकारो



बीएसएल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम " प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ" के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ सेक्टर-4 स्थित सूर्य मंदिर सरोवर की सफाई एवं पुनर्जीवन कार्य के साथ किया गया। यह पहल बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग, नगर प्रशासन के जनस्वास्थ्य अनुभाग तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। अभियान के तहत तालाब के किनारों से प्लास्टिक कचरे एवं अन्य ठोस अपशिष्टों को हटाया गया तथा सम्पूर्ण क्षेत्र की सफाई की गई। इसका उद्देश्य जलाशयों की जलधारण क्षमता को बढ़ाना, भूजल पुनर्भरण को प्रोत्साहित करना एवं जलीय जीवन के संरक्षण को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नगर प्रशासन के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे जल स्रोतों में किसी भी प्रकार का प्लास्टिक अथवा कचरा न फेंकें, क्योंकि इससे न केवल जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि यह जलीय जीव-जंतुओं के लिए भी घातक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण विभाग के मुख्य महाप्रबंधक डी.के. सक्सेना एवं उप महाप्रबंधक नितेश रंजन ने नागरिकों से प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय और जिम्मेदार भागीदारी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट केवल स्टील उत्पादन में ही अग्रणी नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कर रहा है। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक अविनाश कुमार ने कहा कि जलाशयों की नियमित सफाई अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वच्छ जल स्रोत सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़े होते हैं। उन्होंने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट इस दिशा में निरंतर संकल्पबद्ध प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा एक सप्ताह तक विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कर्मचारियों के लिए क्विज एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम तथा प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध जन-जागरूकता रैली शामिल हैं। यह सप्ताहव्यापी आयोजन 5 जून को सेक्टर-5 स्थित आई.ई.आई. सभागार में एक समापन समारोह के साथ संपन्न होगा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी रैबीज जो दवा बेची गई वह सदर अस्पताल की ही थी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गुड़गांव में बेची गई एंटी रैबीज की दवा इम्यूनोग्लोबिन मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल की ही थी। विभागीय जांच में इसकी पुष्टि हुई है। एक हफ्ते पहले स्वास्थ्य विभाग से जिले को पत्र लिखकर कालाबाजारी में शामिल दवाओं के बैच नंबर मांगे गये थे। जिले से बैच नंबर भेजने के बाद इसकी जांच की गई। जांच में जो बैच नंबर गुड़गांव में मिला था वही बैच नंबर सदर अस्पताल की दवाओं का भी था। एंटी रैबीज के कालाबजारी में सदर अस्पताल का एक कर्मचारी गिरफ्तार भी किया गया था। दो साल पहले गुड़गांव पुलिस ने सदर अस्पताल में छापामार कर उसे गिरफ्तार किया था। इसके बाद मामले की विभागीय जांच की जा रही थी। जिस एंटी रैबीज दवा की कालाबाजारी की गई थी उसके एक वाइल का मूल्य आठ से दस हजार रुपये तक है। बड़ी संख्या में सदर अस्पताल से यह दवाएं हरियाणा और दूसरे राज्यों में बेची गई थीं। इस मामले में सदर अस्पताल में आउट सोर्सिंग में काम कर एक कर्मचारी को बर्खास्त भी कर दिया गया था। सदर और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति बीएमएसआईसीएल करती है।

### बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता पोस्टल बैलेट पर करेंगे मतदान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चुनाव प्रक्रिया में दिव्यांगों की भागदारी बढ़ाने के लिए डीएम सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं पर विचार किया गया। डीएम ने कहा कि इच्छा व्यक्त करने वाले सभी दिव्यांगों से फॉर्म डी भरवाएं, ताकि चुनाव के समय उन्हें घर से ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट डालने की सुविधा मिल सके। डीएम ने कहा कि चुनाव आयोग ने पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर उक्त कोटि का कोई भी वोटर प्रपत्र 12 डी में आवेदन देकर पोस्टल बैलेट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में इन सभी प्रावधानों का सक्रियता के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। योग्य पीडब्ल्यूडी व 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग वोटर जिनके द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से मतदान नहीं किया जाएगा। वे मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उनके माध्यम से पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसाइटी संगठन जो दिव्यांगजन कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं उन्हें अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया से जोड़ने को योजना बनाने का निर्देश दिया गया। जिले में करीब साढ़े 27 हजार दिव्यांग मतदाता : 29 मार्च 2025 तक वोटर लिस्ट में पीडब्ल्यूडी वोटर की कुल संख्या 27468 है। विधानसभावार बात करें तो गायघाट में 2865, औराई में 3780, मीनापुर में 2673, बोचहां में 1874, सकरा में 2504, कुढ़नी में 2254, मुजफ्फरपुर में 1210, कांटी में 3021, बरुराज में 1840, पारू में 3088 व साहेबगंज में 2359 दिव्यांग मतदाता है। बैठक में डीडीसी श्रेष्ठ अनुपम, सीएस डॉ. अजय कुमार, एसडीएम पश्चिमी श्रेयाश्री, डीईओ अजय कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार, सचिव बाबा गरीब नाथ विकलांग-सह-जनसंस्थान कलमबाग चौक सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छपरा में शराब पार्टी का खुलासा

**छपरा, एजेंसी।** छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नाका नंबर वन पर गुरुवार की रात शराब पार्टी का खुलासा हुआ। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पार्टी में खुद नाका प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्याम बिहारी पांडे शामिल थे। उनके साथ एक और पुलिसकर्मी और तीन स्थानीय लोग भी पार्टी का हिस्सा थे। सूत्रों के मुताबिक, बीती रात एक स्थानीय युवक ने इस शराब पार्टी का वीडियो बनाकर सीधे एसपी कुमार आशीष को भेज दिया। वीडियो देखते ही एसपी आगबबूला हो उठे और उन्होंने खुद एडिशनल एसपी के साथ मौके पर छापेमारी की। यह जगह डीआईजी आवास के ठीक बगल में बताई जा रही है। जिससे मामला और भी संगीन हो गया। छापेमारी के दौरान पांचों लोगों को शराब पीते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। कोई सफाई देने का मौका भी नहीं मिला और पांचों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

# कम बारिश से 15 हजार एकड़ में फैली कावर झील सूखी : परिंदे उड़े, मछलियों ने तोड़ा दम

### 16 गांव के 2000 मछुआरों का परिवार प्रभावित



150 लोग नाव चलाने का करते थे काम

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के मंझौल अनुमंडल में कावर झील स्थित है। एक समय में एशिया में मीठे पानी का सबसे बड़ा झील और बिहार का सबसे पहला रामसर साइट कावर का अस्तित्व अब खत्म होने की कगार पर है। कावर में साल भर पानी भरा रहता था, बड़ी संख्या में पर्यटक नाव से झील की सैर करते थे। कहते है कि काबर का कमल खुद की तरह लोगों को खिला-खिला रखता था। लेकिन आज वह कवर सूख गया है। 15 हजार एकड़ से अधिक में फैले इस झील के 15-20 एकड़ एरिया में ही पानी बचा है। जब कांवर सूख गया, पानी ही नहीं है तो इसके सहारे जीविकोपार्जन करने वाले हजारों मछुआरे परदेस की ओर पलायन कर गए हैं। 2000 परिवार प्रभावित है। पर्यटकों को घूमाने वाली नाव सूखी जगह पर जमा होकर अपने अस्तित्व की तलाश में है। परिंदे उड़ चुके हैं, तो मछलियां दम तोड़ चुकी है।

**पानी के बगैर तड़प कर मर रहे सांप :** हालत यह हो गई है कि काबर के पानी में हजारों की संख्या में पाए जाने वाले ढोरबा सांप पानी के बगैर तड़प कर मर रहे हैं। पानी सूख जाने पर किसानों को लगा की खेती आसान हो जाएगा। लेकिन जल स्तर इतना गिर गया है कि सिंचाई पर आफत आ गई है। पशु-पक्षी, जीव-जंतु ही नहीं आम लोग भी त्राहिमाम कर रहे हैं। पक्षी विहार की। 15000 एकड़ से अधिक में फैला यह काबर झील चारों ओर से बखरी और मंझौल अनुमंडल के 16 गांव से घिरा हुआ है। बीच में जयमंगला माता का मंदिर श्रद्धा और विश्वास का केंद्र है।

**बांध टूटने से पानी का बहाव हुआ था कम :** काबर झील के पानी से जैव विविधता बनी रहती थी। आसपास के गांव में पानी का लेयर अच्छा रहता था। साल 2007 में जब बूढ़ी गंडक नदी पर बसही में बना बांध काबर की ओर टूट गया तो नदी के बाद कीचड़ भर जाने से यहां पानी का भराव कम होता गया। आज स्थिति यह हो गई है की काबर पूरी तरह से सूख गया। पहले गांव में हो बारिश होती थी तो वह पानी काबर झील में गिरता था। सड़कों के बनने और नालियां गांव के आसपास सिमट जाने के कारण वह पानी काबर में जाना बंद हो गया।

**चापाकल या बोरिंग से मवेशी को पिला रहे पानी :** किसान राजो यादव ने बताया कि चैत के महीने से ही झील सूखना शुरू हो गया। इस बार बारिश भी नहीं हुआ, बारिश से ही यह अधिक डूबता था। जिसके कारण सूख गया, पानी नहीं मिल रहा है। हजारों पशुपालक मवेशी लेकर यहां रहते हैं। अब मजबूरी में चापाकल या बोरिंग से पानी पिला रहे हैं। पहले काबर में कभी फसल नहीं लगता था, हमेशा पानी लबालब रहा करता था। बाबूलाल राम ने बताया कि 2007 के बाद धीरे-धीरे काबर की स्थिति बिगड़ती चली गई। 3 महीना पहले इस बार काबर सूख गया, जब से होश आया तब से देखते रहे कि सालों भर पानी रहता था। कभी सूखता नहीं था, 2007 में बाढ़ आया, उससे कीचड़ भर गया। जल क्षेत्र में गाद भर गया तो यह सूखता चला गया। एक समय था जब यहां धान की कटनी करने दूसरे जिले से भी लोग आते थे। सूख जाने से काफी परेशानी है, मवेशी को पानी नहीं मिलता है। मछली नामी था, अब वह मछली नहीं मिल रहा है।

**जमीन पर पड़ा है नाव :** बरौनी से काबर झील घूमने आए यमुना प्रसाद ने बताया कि जयमंगला माता की पूजा-अर्चना करने आए। सोचे थे की काबर झील घूमेंगे, लेकिन यहां आकर देखा तो पूरा काबर झील ही सूखा हुआ है। काबर झील का बहुत नाम था, इसीलिए नाव से घूमने आए थे, लेकिन यहां नाव जमीन पर पड़ा हुआ है। काबर के किसान और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश विक्रम ने बताया कि पूरे एशिया में मीठे जल के लिए प्रसिद्ध हमारा यह काबर झील रोजगार का बड़ा साधन था। हजारों-हजार पर्यटक काबर की सैर करने आते थे। लेकिन पानी सूख जाने के कारण नाविक परदेस जाने को मजबूर हो गए हैं। पानी रहता था तो किसान उससे खेत में सिंचाई करते थे, वह भी खत्म हो गया। यह क्षेत्र पानी के बिना सूना-सूना हो गया है। यहां का पानी और मछली औषधि के रूप में माना जाता था, लोग आते रहते थे। किसान, मजदूर, मछुआरा सब परेशान हैं। पानी नहीं रहने से न मछली निकलेगी, न खेत में पटवन हो सकेगा।

सरकार पानी के लिए कोई उपाय नहीं करती है। हमारा काबर पूरी तरह से सूख गया है। तीन-चार साल से सूखना शुरू हुआ, मजदूर हैं, नाव चलाते थे। करीब डेढ़ सौ लोग हैं, जो काबर में नाव चलाकर गुजर-बसर करते हैं। पानी सूख गया तो कुछ गांव में मजदूरी करते हैं, कुछ परदेस में काम करने के लिए चले गए हैं। 16 गांव के सैकड़ों मछुआरे काबर झील में मछली मार कर पालन पोषण करते थे।

**प्रकृति की खूबसूरती को फिर से करें बहाल :** अविनाश कुमार गुप्ता ने बताया कि काबर सूखने का प्रभाव हर आम-आवाम पर पड़ा है। काबर महादलित समुदाय, बंदर और मछली के लिए जाना जाता है। पानी नहीं रहने के कारण मछुआरे और नाविक का व्यवसाय बंद हो गया है। नाविक का जीवन परेशान हो रहा है। इस पर कोई पहल नहीं हो रहा है। हम लोगों का हृदय रो रहा है। चाहता हूं कि प्रकृति की जो खूबसूरती यहां थी, उसे फिर से बहाल कराया जाए। पर्यावरण विद् शिव प्रकाश भारद्वाज कहते हैं कि काबर सूखने का सबसे बड़ा कारण हम इंसानों का स्वार्थ है। जल ही जीवन है, यह सिर्फ कहने के लिए नहीं, हकीकत में होनी चाहिए।

### पानी आने का रास्ता लोगों ने किया बंद

जल रहेगा तो पर्यटन का फैलाव होगा, मछुआरे और किसान समृद्ध होंगे। लेकिन इसके लिए वहां जल रोकने के लिए लोगों को प्रयास करना होगा। काबर सूखने का सबसे बड़ा कारण है कि पानी आने का रास्ता लोगों ने बंद कर दिया है। बारिश का पानी जमा होता है तो उसे बाहर निकाल दिया जाता है। बरसात में पानी जमा नहीं होने देते, बरसाती पानी का जो कनेक्शन था, उसे ब्लॉक कर दिया गया है। काबर सूखने का बड़ा असर है। जल बचाने के लिए लोगों को आगे आना होगा। वहां मछली, मखाना, पर्यटन से पैसा आ सकता है। इसके लिए झील को पुनर्जीवित किया जाए।

### डीएम ने विकास की कही बात

डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि काबर झील का समेकित विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा में आए थे तो उन्होंने काबर का हवाई सर्वेक्षण किया, जानकारी ली। करीब साढ़े 35 करोड़ रुपए की लागत से इसका विकास किया जाएगा। कैबिनेट से स्वीकृति मिल चुकी है। कार को जोड़ने वाले सभी नालों की उड़ाही कराई जाएगी। जिससे काबर झील को पर्याप्त जल मिलेगा। बूढ़ी गंडक नदी से काबर को कनेक्ट किया जाएगा। प्रवासी पक्षियों और अन्य जलीय जीवों के आश्रय के लिए बेहतर परिस्थिति तंत्र का विकास किया जाएगा। इको टूरिज्म, मत्स्य पालन, नरकट से हस्तशिल्प निर्माण, पक्षी मार्गदर्शन, नौकायन की योजना पर किया जाएगा।

काबर में करोड़ों लीटर पानी जमा करके रखा जा सकता है। यह रामसर साइट एशिया में बड़ा मीठे पानी का सबसे बड़ा झील है। लेकिन हम लोग पानी को नहीं बचा पा रहे हैं।

### 2000 मछुआरों का परिवार प्रभावित

एक तो झील परिक्षेत्र में भरा कीचड़ ऊपर से काबर में आने वाले जल स्रोतों के बंद होने और बारिश कम होने के कारण इस साल काबर सूख गया है। काबर में 16 गांव के 2000 से अधिक मछुआरा परिवार जुड़े हुए हैं। यह लोग काबर की प्रसिद्ध मछली को पकड़ कर अपना परिवार चलाते थे। सूख जाने से मछलियां समाप्त हो गई तो मछुआरे या तो दूसरे काम में लग गए या फिर पलायन कर गए। यहां बड़ी संख्या में लोग पर्यटन करने आते थे, नौका विहार करते थे। नौका विकार के लिए 100 से अधिक नाव जयमंगला गढ़ टीला के नीचे लगी रहती थी। नाविक पर्यटकों को पूरे काबर का दौरा कराते थे। लेकिन वह सभी नाव अब सूखे में पड़ी हुई है। नाव के मालिक परेशान हैं कि उनकी संपत्ति बर्बाद हो रही है। दिनभर कोशिश करने के बाद अपने साथियों के साथ करीब 2 सिंघी मछली लेकर आए गौरव ने बताया कि पानी सूख गया है, तो मछली नहीं मिलता है। पानी रहता था तो खूब मछली पकड़ कर जीवन यापन करते थे। जाल लगाकर मछली निकालते थे। हमारे पास नाव भी है, लेकिन पानी सूख गया तो नाव भी नहीं चल सकता है, न मछली मिलता है। अब मजदूरी करने के शिवा कोई उपाय नहीं है। नाविक अर्जुन सदा ने बताया कि पानी में रहने वाले जीव-जंतु मर रहे हैं। बड़ी संख्या में सांप की मौत हो रही है। थोड़ा सा पानी बचा है बहुत दूरी में, जिसके कारण साइड के सांप-कीड़े मर रहे हैं।

# 18 महीने में बनेगा हार्डिंग पार्क टर्मिनल, 85 ट्रेनें चलेंगी

**वेटिंग रूम, एस्केलेटर, फूट कोर्ट जैसी सुविधा, मेट्रो, पटना जंक्शन, मल्टीमॉडल हब से कनेक्टेड होगी पार्किंग**

**पटना, एजेंसी।** पटना में पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन के लिए मॉर्डन रेलवे टर्मिनल बनाया जा रहा है। ये टर्मिनल हार्डिंग पार्क यानी वीर कुंवर सिंह पार्क के सामने बनाया जा रहा है, जो 18 महीने में बनेगा। यहां 5 प्लेटफॉर्म होंगे। यहां से करीब 85 पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होगा। 1 लाख से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। दानापुर रेलमंडल में पहली बार पैसेंजर ट्रेनों के लिए अत्याधुनिक टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। करीब 95 करोड़ की लागत से करीब 4.80 एकड़ जमीन पर टर्मिनल बनेगा। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिक्रमगंज से इसका ऑनलाइन शिलान्यास किया। अभी एजेंसी इसका मॉडल तैयार कर रही है। 15 जून तक टर्मिनल का 3डी मॉडल आ जाएगा। टर्मिनल को मेट्रो और पटना जंक्शन से सीधे जोड़ा जाएगा। पटना जंक्शन और टर्मिनल के पार्किंग एरिया को जॉइंट रखा जाएगा। टर्मिनल की पार्किंग और मेट्रो की पार्किंग के रास्ते को भी जोड़ा जाएगा।



### 85 पैसेंजर ट्रेनें का होगा संचालन


इस टर्मिनल के बनने से उत्तर बिहार जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। यहां से फुलवारी, पाटलिपुत्र जंक्शन, जेपी सेतु, सोनपुर होते हुए पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होगा। इसके अलावा सासाराम, आरा, बक्सर, गया, झाझा के लिए पैसेंजर ट्रेनें चलेंगी। हार्डिंग पार्क टर्मिनल से पटना-बक्सर, पटना-इस्लामपुर, पटना-बख्तियारपुर-तिलैया, पटना-किऊल, पटना-झाझा, पटना-राजगीर, पटना-हाजीपुर, पटना-बरौनी, पटना-मुजफ्फरपुर, पटना-छपरा, पटना-रक्सौल, पटना-जयनगर आदि शहरों के लिए लगभग 85 से अधिक पैसेंजर ट्रेनें चलेंगी। सिर्फ पटना-गया रेल लाइन का परिचालन इस स्टेशन से नहीं किया जायेगा।

### करीब 5 एकड़ में बनेगा स्टेशन

हार्डिंग पार्क की डीपीआर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल की तरह बनाई गई है। करीब 4.8 एकड़ में निर्माण कार्य कराया जाएगा। मनमोहन सरकार में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के समय दीघा-पटना ट्रेन को शुरू किया गया था, लेकिन बाद में उस रूट पर ट्रेन का परिचालन बंद हो गया। बाद में रेलवे ने दीघा-पटना रेल लाइन की जमीन राज्य सरकार को दे दी, जिस पर अटल पथ का निर्माण किया गया। इसके बदले में राज्य सरकार ने रेलवे को यह जमीन दी, जिस पर स्टेशन बन रहा है।

# रेलवे का 1.10 क्विंटल चोरी का तांबा बरामद, गया के गोदाम में पुलिस ने की रेड, बदमाश अरेस्ट

### तांबा गलाने का करता था काम



**गया, एजेंसी।** गया में रेलवे की संपत्ति चोरी हुई थी। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ने 1.10 क्विंटल तांबा बरामद किया है। यह कार्रवाई निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में की गई। इसमें जावेद इकबाल, अविनाश कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार और महिला आरक्षी सोनिका कुमारी की टीम शामिल रही। चीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघडी टाड़ मोहल्ले में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वरुण प्रसाद (50) को अरेस्ट किया गया। इसके गोदाम से भारी मात्रा में चोरी किया गया रेलवे का सामान बरामद हुआ।

बरामद सामग्री में रेलवे में उपयोग होने वाला तांबे का 5 मिमी डायमीटर का ड्रॉपर (30 अदद, कुल वजन 10.8 किलो), तांबे का सी-जम्पर (5.80 किलो), कैटेनरी ड्रॉपर क्लिप (30 अदद, 1.30 किलो), ड्रॉपर क्वायल (6.40 किलो) और 65 मिमी स्वॉक्यर का कैटेनरी तार (85 किलो) शामिल है।

### गोदाम में तांबा गलाने का होता था काम

सामान का कुल बरामद वजन 109.3 किलोग्राम तांबा है, जिसकी अनुमानित कीमत 76,510 बताई गई है। आरपीएफ ने मौके से वरुण प्रसाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त वरुण प्रसाद के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट गया में कांड संख्या 05/25 दर्ज कर, भारतीय रेलवे संपत्ति (संरक्षण) अधिनियम 1966 (संशोधित 2012) की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों का कहना है वरुण लम्बे समय से तांबे का काम कर रहा था। उसके गोदाम में अक्सर भारी मात्रा में तांबा गलाया जा रहा था।

# बिजली कनेक्शन के लिए दिया आवेदन, शातिर ने 98 हजार ठगे

**पटना, एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने चार लोगों से ठगी की है। सभी मामले साइबर थाने में दर्ज किए गए हैं। सीतामढ़ी के अमित कुमार सरिस्ताबाद में रहते हैं। उन्होंने नए बिजली कनेक्शन के लिए बिजली ऑफिस में आवेदन दिया था। उसके कुछ दिन बाद उनके पास अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बिजली कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि आपने नए कनेक्शन के लिए आवेदन दिया है। आपका कनेक्शन अप्रूव हो गया है। इसके बाद उनसे एक एप पर 10 रुपए का रिचार्ज कराया। रिचार्ज करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। शातिर ने उनके खाते से दो बार में 98 हजार रुपए निकाल लिये। जांच में पता चला कि शातिरों ने पैसे जामताड़ा की एटीएम से निकाले हैं। उधर, फुलवारीशरीफ की दीक्षा को टेलीग्राम के एक ग्रुप पर शातिर ने वर्क फ्रॉम होम का झांसा दिया। इसके बाद उन्हें एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। वहां पेड टास्क के बारे में बताया गया। उन्होंने एक हजार रुपए लगाए तो उन्हें 1300 रुपए मिले। इसके बाद शातिर टास्क की रकम बढ़ाता गया और उनसे 1.18 लाख की ठगी कर ली। वहीं, दुल्हिन बाजार की अंजु कुमारी का खाता एसबीआई में है। उनके खाते में कुछ समस्या थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने टोल फ्री नंबर पर फोन किया। फोन उठाने वाले ने उनसे एसबीआई का खाता नंबर, आईएफएससी कोड और ओटीपी पूछ लिया। इसके बाद उनके खाते से 70 हजार रुपए की निकासी कर ली।

# आरजेडी के संगठन चुनाव का पहला चरण पूरा, 14 से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया और पांच जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा

**पटना, एजेंसी।** प्राथमिक इकाई और पंचायत इकाई के चुनाव सम्पन्न होने के साथ ही राजद के सांगठनिक चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया है। 31 मई से शुरू हो रहे दूसरे चरण में प्रखंड कमेटियों का चुनाव होगा, जबकि 5 जून से शुरू होने वाले तीसरे चरण में जिला कमेटियों का चुनाव होगा। 14 से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 24 को राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद शुरू होगी। पांच जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राजद के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि बिहार, झारखंड समेत अन्य सभी राज्यों में पार्टी के प्राथमिक (बूथ) और पंचायत इकाइयों का चुनाव संपन्न हो चुका है। राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे के अनुमोदन के बाद सभी राज्यों में प्रखंड डेलीगेट की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. तनवीर हसन, सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ई. अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर और सारिका पासवान, झारखंड के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरिधारी यादव, सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मो. कयामुद्दीन आदि ने अपने-अपने राज्यों में प्रखंड डेलीगेट की सूची भी जारी कर दी। प्रखंड डेलीगेट ही प्रखंड इकाइयों और जिला परिषद के सदस्यों का चुनाव करते हैं।

# जून से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी में होगा एडमिशन



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय ने साल 2025 शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) समीर कुमार शर्मा ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया कि ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया जून 2025 से शुरू होगी। नालंदा खुला विश्वविद्यालय इस साल अपने छात्रों के लिए व्यापक पाठ्यक्रम विकल्प प्रस्तुत कर रहा है। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। इंटरमीडिएट, बीएससी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

**स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की लिस्ट जारी :** 1. अर्थशास्त्र - आर्थिक नीतियों और बाजार की समझ के लिए, 2. शिक्षा - शिक्षा क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए, 3.भूगोल - भौगोलिक अध्ययन और पर्यावरण विज्ञान, 4. हिंदी - भारतीय भाषा और साहित्य की गहरी समझ, 5.मनोविज्ञान - मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान, 6.लोक प्रशासन- प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए, 7. गृह विज्ञान - पारिवारिक और सामुदायिक विकास ग्रेजुएशन के लिए है।

**विशेष पाठ्यक्रम में उर्दू शामिल :** 1. उर्दू- भाषा और साहित्य अध्ययन, 2. संस्कृत - पुराना भारतीय ज्ञान परंपरा, 3.इतिहास - ऐतिहासिक अनुसंधान और विश्लेषण, 4.समाजशास्त्र - सामाजिक संरचना की समझ, 5.राजनीति विज्ञान - राजनीतिक व्यवस्था और शासन प्रणाली, 6. एनवायरन्मेंटल साइंस- पर्यावरण संरक्षण और विकास 7. जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन-मीडिया और संचार के क्षेत्र में, 8.वनस्पति विज्ञान - वनस्पति अनुसंधान और कृषि विकास विशेष सब्जेक्ट है। तकनीकी पाठ्यक्रम में गणित,भौतिक विज्ञान,रसायन शास्त्र और जन्तु विज्ञान (जूलॉजी) है।

### ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होगा

नामांकन की तारीख जून 2025 है। ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होगा, जिसकी सारी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने स्पष्ट किया है कि नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी, पाठ्यक्रम संरचना, फीस विवरण और चयन प्रक्रिया की पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### डिस्टेंस शिक्षा का बढ़ता महत्व

नालंदा खुला विश्वविद्यालय का यह कदम उन छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते या काम करते हुए अपनी शिक्षा जारी रखना चाहते हैं। विश्वविद्यालय का एनएएसी से मान्यता प्राप्त होना, इसकी गुणवत्ता की गारंटी देता है।

आधुनिक समय की मांग को देखते हुए, नालंदा खुला विश्वविद्यालय पूरी तरह से डिजिटल प्रवेश प्रक्रिया अपनाई है। एमएससी (140 सीट) और बी.लि.ब.स सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष की नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### तेजी से बदल रहा है मौसम का मिजाज

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का। मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए। हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया। भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ आमतौर पर सर्दियों में बारिश की वजह बनता है। अगर यह मई के महीने बारिश की वजह बन रहा है, तो इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। समय पूर्व और तीव्रता से आंधी-बारिश जैसी परिस्थितियां जलवायु परिवर्तन की वजह से तो नहीं हो रही है? मौसम विज्ञानी पहले से ही चेतावनी देते रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि बढ़ते वैश्विक तापमान ने वायुमंडल की नमी धारण करने की क्षमता बढ़ा दी है। नतीजा यह कि मौसम अब तेजी से बदलने लगा है।

### गोलियों की गूंज से कानून बेदम

कोई ज्यादा समय नहीं हुआ जब उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए दावा किया था कि राज्य में अपराधियों पर अंकुश लगा दिया गया है। जघन्य अपराध के मामलों में काफी कमी आई है। मगर सरकार के दावों के बरक्स राज्य में अपराधी फिर बेखौफ हो गए हैं। इसका ताजा उदाहरण गाजियाबाद के नाहल गांव में दिखा, जहां एक वांछित अपराधी को पकड़ कर ले जा रहे नोएडा पुलिस के दल पर अपराधी के साथियों ने जानलेवा हमला किया। इस दौरान हुई गोलीबारी में जहां एक सिपाही की मौत हो गई, वहीं कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पिछले दिनों गाजीपुर में भी बेलगाम बदमाशों ने युवक पर दिनदहाड़े गोलियां चलाईं। कोई दोराय नहीं कि गाजियाबाद से लेकर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक जिस तरह अपराध बढ़े हैं, उससे राज्य की कानून व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया है। चौबीस घंटे में चौदह लोगों की हत्या से ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों में कानून का डर खत्म हो गया है। यह कैसा कानून का राज है, जहां अपराधी पुलिस पर गोलियां चला रहे हैं? ऐसे में स्वाभाविक रूप से विपक्ष को भी सवाल उठाने का अवसर मिल गया है। किसी भी राज्य में आम नागरिक अगर खुद को असुरक्षित महसूस करने लगें, तो यह शासन के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। उसका दायित्व है कि वह कानून व्यवस्था इस तरह लागू करे, जिससे अपराध करने से पहले कोई दस बार सोचे। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपराध बर्दाश्त न करने की सख्त नीति बनाने का दावा किया था।

## अंधड़, बारिश और चेतावनीः बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन

(योगेश कुमार गोयल)

बहरहाल, दिल्ली और उत्तर भारत में अचानक और तीव्र रूप से बदलता मौसम अब कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं रह गया है बल्कि यह एक चेतावनी है कि यदि हम समय रहते नहीं चेते तो यह बदलाव हमें और अधिक विनाशकारी परिस्थितियों की ओर ले जा सकता है। उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं। हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से बढ़ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई।

> **अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल वैज्ञानिक बहस का विषय न मानें बल्कि इसे सार्वजनिक नीति और व्यक्तिगत जीवनशैली में भी प्राथमिकता दें। भारत को अब मौसम विज्ञान, कृषि, जल संरक्षण, ऊर्जा नीति और शहरी नियोजन को आपस में जोड़ते हुए एक समग्र रणनीति बनानी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी अपनी रणनीतियों को अद्यतन करना होगा।**

केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उड़ गई जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैंकड़ों पेड़ उखड़ गए, जिससे कई जगहों पर सड़कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। पंजाब में वर्षाजनित हादसों में कुछ लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई। खेतों में काम कर रहे किसान तेज आंधी की चपेट में आ गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। 'शहरी हीट आइलैंड' प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा बढ़ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छोड़ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यतः ऐसी बारिश के बाद तापमान 18-20 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरूआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब हिमालय क्षेत्र में भी गहराई से महसूस किया जा रहा है। बर्फबारी का स्तर 23 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे हिमालय की नदियों पर निर्भर करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में मौसम अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और अस्थिर हो गया है। असामान्य तूफान, बेमौसम बारिश और अचानक तापमान में बदलाव, यह सभी इस बात के संकेत हैं कि जलवायु अब अपने पुराने स्वरूप से हट चुकी है। वर्तमान स्थिति में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है।

## ऑपरेशन सिंदूर ने अमेरिका को कैसे दिया झटका

(अनिल कुमार)

भारत की बढ़ती सैन्य सफलता, खास तौर पर ऑपरेशन सिंदूर जैसे हालिया अभियानों ने साफ तौर पर अमेरिका के लिए एक तीखी चेतावनी के रूप में काम किया है। भारत तेजी से इनोवेशन कर रहा है। साथ ही कम लागत और स्केलेबल वॉर मॉडल की दिशा में बढ़ रहा है। वहीं, अमेरिका धीमे, पुराने शीत युद्ध के ढांचों में फंसा हुआ है। यह विरोधाभास बहुत बड़ा है। उदारहण के लिए भारत के पिनाका रॉकेट की कीमत 56,000 डॉलर से कम है, जबकि अमेरिका के जीएमएलआरएस मिसाइल की कीमत 148,000 डॉलर है। भारत ने अमेरिका निर्मित पैट्रियट या एनएएसएएमएस प्लेटफॉर्म की लागत के एक अंश पर आकाशतीर मिसाइल डिफेंस सिस्टम को तेजी से विकसित किया। यहां तक कि यूक्रेन की तरफ से ईरान के 20,000 के शाहेद-136 ड्रोन का उपयोग अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर से भी तेज है, जिसकी कीमत 30 मिलियन से अधिक है। ये उदाहरण अमेरिकी डिफेंस इकोसिस्टम में एक बुनियादी समस्या को उजागर करते हैं। जैसा कि जॉन स्पेंसर और विंसेंट वियोला ने स्मॉल वॉर्स जर्नल में तर्क दिया है। उनके अनुसार अमेरिका को मौलिक रक्षा सुधार की तत्काल आवश्यकता है। सिर्फ एडजस्टेमेंट नहीं। सिर्फ मामूली लाभ नहीं। एक पूर्ण पैमाने पर बदलाव। अमेरिकी डिफेंस इंडस्ट्रीज की समस्या क्या है? अमेरिकी डिफेंस इंडस्ट्रीज पर मुट्ठी भर बड़े कॉन्ट्रैक्टर्स का दबदबा है। लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन, रेथियॉन टेक्नोलॉजीज और जनरल डायनेमिक्स दुनिया के शीर्ष हथियार उत्पादकों में शुमार हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की टॉप 20 डिफेंस फर्मों में से नौ अमेरिकी हैं। शीर्ष 100 में से 41 अमेरिका बेस्ड हैं, जैसा कि यूरेशियन टाइम्स ने बताया है। जो कभी ताकत का संकेत था, अब वह कार्टेल जैसा लगता है। स्पेंसर और वियोला चेतावनी देते हैं कि अमेरिका की डिफेंस विनिर्माण प्रक्रिया पर प्रमुख कंपनियों के एक छोटे से कार्टेल का प्रभुत्व है, जो सक्षम होने के बावजूद इनोवेशन को बढ़ावा देने, लागत कम करने या जल्दी से अनुकूलन करने के लिए बहुत कम प्रोत्साहन रखते हैं। कोई वास्तविक बाजार प्रतिस्पर्धा नहीं है। यह प्रतिस्पर्धा नहीं है - यह कार्टेलाइज्ड वर्चस्व है। डिफेंस बजट में उछाल के बावजूद - जिसके 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है - प्रमुख कॉन्ट्रैक्टर्स की संख्या में भारी कमी आई है। डिफेंस डिपार्टमेंट की एक स्टडी में पाया गया कि प्रमुख डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर्स की संख्या 51 से घटकर 10 से भी कम रह गई है। पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समस्या की ओर साफ इशारा किया कि रक्षा कंपनियों का आपस में विलय हो गया है, इसलिए बातचीत करना मुश्किल है... यह पहले से ही प्रतिस्पर्धी नहीं है। आधुनिक युद्ध के लिए अमेरिकी अधिग्रहण प्रक्रिया बेहद धीमी है। नए उपकरणों को तैयार करने में अक्सर सालों, कभी-कभी दशकों लग जाते हैं। यूक्रेन में युद्ध ने इसे दर्दनाक रूप से उजागर किया। हालांकि जैवलिन और एचआईएमएआरएस जैसे अमेरिकी हथियारों ने अंतर पैदा किया, लेकिन उत्पादन मांग को पूरा करने के लिए संघर्ष करता रहा। तोपखाने के गोले की कमी ने पेंटागन को पुरानी फैक्ट्रियों और धीमी सप्लाई लाइनों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर किया। 9/11 के बाद से युद्ध के मैदान में कई इनोवेशन - जैसे काउंटर-आईईडी किट और ड्रोन - औपचारिक खरीद को दरकिनार करते हुए इमरजेंसी चैनलों के माध्यम से पेश किए गए थे। लेकिन ये अस्थायी उपाय प्रणालीगत देरी को ठीक नहीं करते हैं। लागत-प्लस अनुबंध रक्षा फर्मों को बजट ओवर रन के रिजल्ट्स से बचाता है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5748

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खडी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5747

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली 5748

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | | 13 |
| ■ | 14 | | | ■ | | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | 18 | | | ■ | | ■ |
| 19 | | | ■ | ■ | 20 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 4 जुलाई 1898 को भारत के पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने जन्म लिया था (8)
6. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
7. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. आगमन होना, एक प्राचीन सिक्का (2)
10. मेरा या मेरी (2)
12. जलती हुई वस्तु को ठंडा करना, पहेली हल करना (3)
14. लालू यादव की राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
15. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
16. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
18. व्यक्ति कीभावी गतिविधि आदि के लक्षण, निशान, शत्रु को घेरकर किया जाने वाला हमला, मेघमाला (3)
19. आसान, सुगम, सरल (3)
20. ठंडी और मृदुल हवा, मृदुल समीर, दिलीप कुमार की अभिनेत्री सास जिनका जन्म 4 जुलाई 1916 को हुआ था (3)

**ऊपर से नीचे**(2)
1. फलों के समान रंग वाला, अत्यंत सुंदर (4)
2. येन मुद्रा इस देश में प्रचलित है (3)
3. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (सिर्फ नाम)(2)
4. झगड़ा कराके सुलह कराना (6)
5. दायक, देने वाला (2)
6. जो राह भटक गया हो, पथभ्रष्ट, भटका हुआ (उर्दू) (4)
11. पाठशाला, विद्यालय (उर्दू)(4)
13. वृथा, व्यर्थ, बेमतलब (3)
15. लौटा हुआ, केश हुआ (3)
17. फारस (आधुनिक ईरान) देश से संबंध रखने वाला या इस देश का निवासी (3)
18. वर्तमान दिन, जो दिन बीत रहा है, इस दिन (2)

### वर्ग पहेली 5747 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फे | स | बु | क | ■ | फ | री | द |
| फ | ल | क | ■ | म | ल | मा | स |
| ड़ा | ■ | से | ह | त | ■ | ला | ■ |
| ■ | जे | ल | ■ | ग | ■ | गू | दा |
| ज | ■ | र | म | ण | ■ | ■ | म |
| य | म | ■ | त | ना | व | ■ | न |
| दे | हा | त | ■ | ■ | क | ल | गी |
| व | न | ज | ■ | रे | ■ | ता | र |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य साथ देगा। कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। यदि आप स्वरोजगार या स्टार्टअप के बारे में सोच रहे हैं, तो शुरुआती निवेश लाभदायक रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को दोहरी जिम्मेदारी मिल सकती है, लेकिन इसके बदले वेतन वृद्धि की उम्मीद बन सकती है। पुराने निवेश से कुछ आय मिल सकती है।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आप अपनी योग्यता और परिश्रम से कार्यस्थल पर सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रभावित होंगे, जिससे निकट भविष्य में पदोन्नति या प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। यदि आप व्यापार में हैं, तो कोई बड़ा ग्राहक जुड़ सकता है जिससे भविष्य में निरंतर लाभ प्राप्त हो सकता है।

### मिथुन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट असंतुलित हो सकता है, विशेषकर यात्रा, गिफ्ट या गाड़ी से जुड़ा खर्च अचानक बढ़ेगा। नौकरी में दबाव बढ़ेगा, लेकिन साथ ही वरिष्ठों से सहानुभूति और सहयोग मिलेगा। व्यापार में यदि साझेदारी है।

### तुला
आज दिन शुभ है और आपकी ईमानदारी और समर्पण का कार्यक्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आपको भाग्य का सहयोग मिलेगा, विशेषकर नौकरी बदलने या प्रमोशन के इच्छुक जातकों को अवसर मिल सकता है। व्यापारियों को किसी पुराने डीलर से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। रियल एस्टेट या लॉजिस्टिक्स से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक तनाव के कारण कार्यक्षेत्र में एकाग्रता की कमी हो सकती है। हालांकि, दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे सुधरेंगी। सरकारी विभागों से जुड़े लोग कोई अवरोध पार कर सकते हैं। नौकरी बदलने का मन बना रहे हैं तो अभी कुछ दिन प्रतीक्षा करें। ग्रह गोचर अभी पक्ष में नहीं है। कोई पुराना भुगतान रुक सकता है।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है। आपकी तर्कशक्ति और स्पष्टता कार्यक्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाएगी। जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें शुभ समाचार मिल सकता है। व्यापारी वर्ग के लिए पुराना निवेश लाभ देना शुरू करेगा। आयात-निर्यात, ई-कॉमर्स या होलसेल से जुड़े कार्यों में नई डील पक्की हो सकती है।

### कर्क
आज दिन आर्थिक मामलों में काफी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। धन के मामलों में मुश्किल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अकारण आलोचना का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन संयम से काम लें। व्यवसाय में कुछ नए ग्राहक जुड़ सकते हैं जिससे टर्नओवर में बढ़ोत्तरी होगी। गुप्त शत्रु आपकी योजनाओं को विफल करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपको वित्तीय रूप से लाभ प्राप्त होगा। विशेषकर किसी पारिवारिक विवाद में पैसों का मुद्दा उठा सकता है। समाधान होने पर आर्थिक पक्ष भी सुधरेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा सराही जाएगी और कोई बोनस या अतिरिक्त लाभ भी मिल सकता है। व्यापार में कोई पुराना क्लाइंट अचानक लौट सकता है।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन नवाचार और शोध कार्यों के लिए बहुत अनुकूल है। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं तो यह सही समय है। उच्च शिक्षा, विदेश यात्रा या मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी का सपना रखने वालों के लिए कोई सूचना मिल सकती है।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा। धन और करियर दोनों ही क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। नौकरीपेशा जातकों को ऑफिस में कोई विशेष ज़िम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे छवि मजबूत होगी। व्यापार में साझेदार से तालमेल मजबूत होगा और नई योजनाएं भी बन सकती हैं। कोई पुराना दोस्त या रिश्तेदार निवेश के लिए संपर्क कर सकता है।

### कुंभ
आज हर कार्य बहुत संभलकर करने की सलाह है। व्यवसाय में किसी नए क्लाइंट से डील करते समय पूरी सतर्कता बरतें। कोई शर्त बाद में उलझन पैदा कर सकती है। कार्यक्षेत्र में अपने काम से आज विरोधियों को भी प्रभावित करेंगे। ऑफिस में आपकी मेहनत को नोटिस किया जा रहा है, बस थोड़ा धैर्य रखें। किसी प्रॉपर्टी डील या निवेश की योजना है।

### मीन
आज भाग्य साथ दे रहा है। धन संबंधी मामलों में ग्रहों की विशेष कृपा है। ऑफिस में आपकी कुशलता और नेतृत्व क्षमता के चलते कोई महत्वपूर्ण परियोजना आपको सौंपी जा सकती है। यह जिम्मेदारी आगे चलकर पदोन्नति में सहायक हो सकती है। शेयर बाजार, सोना-चांदी या रियल एस्टेट में किया गया निवेश लाभदायक रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की बैटरी से फोन चार्ज करते समय भयानक ब्लास्ट

जगन्नाथपुर, एजेंसी। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के कंसलापोस गांव से एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, बाइक की बैटरी से फोन की बैटरी चार्ज करना एक युवक को महंगा पड़ गया है। वज्रपात के दौरान फोन की बैटरी फटने से एक युवक घायल हो गया। सीएच जगन्नाथपुर में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया। घटना में युवक का एक हाथ और अंगुलियां बुरी तरह से जल गई हैं। और चेहरा भी झुलस गया है।।

### पलंग पर सोई बच्ची को करैत सांप ने काटा, मौत

धनबाद, एजेंसी। मृतका के चाचा बीरेंद्र वर्मा ने बताया कि गुरुवार रात उसका छोटा भाई शंकर वर्मा अपने कमरे में सो रहा था। बच्ची भी उसके साथ थी। रात में बिजली नहीं थी। अचानक भतीजी रोने लगी तो भाई और उसकी पत्नी उठी। मोबाइल का लाइट जलाकर देखा तो पुत्री के हाथ में विषैला सांप करैत हाथ में काटकर जकड़ा हुआ था। किसी तरह से सांप को एक डब्बे में बंद कर बच्ची को रात में ही इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह ले गये। सदर अस्पताल में पुत्री को पांच इंजेक्शन व स्लाइन दिया गया। उसके बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद रास्ते से ही शव को लेकर लोग घर लौट गये। घटना के बाद परिवार सहित पूरे गांव में मातम है।

### एक माह में जिला के विभिन्न स्कूलों में 500 पौधा लगाने का निर्देश

धनबाद, एजेंसी। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मानेटरिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री पोषण योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में स्कूलों द्वारा हर कार्य दिवस को पोषण योजना से संबंधित एसएमएस रिपोर्टिंग की प्रगति की समीक्षा की गयी। स्कूलों में पोषण वाटिका के निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि एक माह के अंदर जिले के विभिन्न विद्यालयों में कम से कम 500 पौधे लगाये जाएं ताकि बच्चों को पर्यावरणीय शिक्षा भी मिल सके। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए जिला स्तर पर उपलब्ध फल और अंडा मद की राशि की समीक्षा की और सभी विद्यार्थियों को विभागीय गाइडलाइन के अनुरूप फल और अंडा नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इस दौरान पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत कार्यरत रसोइया सह सहायिकाओं से संबंधित अद्यतन विवरणी की भी समीक्षा हुई। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी तथा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सीबीएसई 10वीं में खराब परिणाम लाने वाले उत्कृष्ट विद्यालयों पर गिरी गाज, 19 प्राचार्यों को शोकाज

रांची, एजेंसी। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आने पर 19 उत्कृष्ट विद्यालयों (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के प्राचार्यों को शोकाज जारी किया है। राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने इन विद्यालयों के प्राचार्यों को अलग-अलग पत्र जारी कर उन्हें स्पष्ट करने को कहा है कि असंतोषजनक परिणाम के लिए क्यों नहीं उनके विरुद्ध विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई की जाए। सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। इन विद्यालयों का परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहा है। राज्य परियोजना निदेशक ने कहा है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ये विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। बच्चों के पठन-पाठन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन विद्यालयों में भौतिक संरचना के साथ-साथ कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभागीय सचिव द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए थे।

# फिर बदलने वाला है मौसम, कई जिलों में होगी बारिश, मौसम विभाग ने 13 मिमी वर्षा रिकार्ड की



रांची, एजेंसी। शुक्रवार को दोपहर बाद हल्की वर्षा होने के बाद आम लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने 13 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की।

मौसम विभाग के अनुसार, बांग्लादेश के ऊपर बना डिप्रेशन 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा था, जो शुक्रवार की सुबह 8ः30 बजे स्थिर हो चुका है। फिलहाल यह सिस्टम बांग्लादेश से 40 किलोमीटर दूर, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर व ढाका से 110 किलोमीटर और भारत में बहरामपुर के उत्तर व शिलांग से 260 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है।

आगामी 12 घंटे में यह सिस्टम उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा और निम्न दाब क्षेत्र में परिवर्तित होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में समुद्रतल से ऊपर 0.9 किलोमीटर क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार व रविवार को रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है।

एक जून को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि मौसम शुष्क रहेगा। दो व तीन जून को आसमान साफ व मौसम शुष्क रहेगा।

चार व पांच जून को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, जबकि मौसम शुष्क रहेगा। वहीं राज्य में कुछ स्थानों पर शनिवार को कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है।

एक व दो जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा, तीन जून को राज्य के दक्षिण भाग में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

चार व पांच जून को राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 34.0 व न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

सामान्य तापमान की तुलना में अधिकतम तापमान में 2.7 व न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा चांडिल (सरायकेला-खरसावां) में 48.2 मिमी दर्ज की गई। शनिवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### झारखंड में 2 जून तक बारिश-वज्रपात का अलर्ट

रांची, एजेंसी। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड में शुक्रवार को भी दिखा। रांची, गुमला, लातेहार समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। पलामू में वज्रपात की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक शख्स जख्मी है। गुरुवार को भी गोड्डा और पाकुड़ में तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। वहीं, कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के विभिन्न इलाकों में 2 जून तक गरज के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही तेज रफ्तार में हवा के चलने और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

1 जून को पूर्वी हिस्सों में और 2 जून को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। इधर, पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश 32.4 एमएम घाटशिला में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज की गई।

## जेएमएम ने केंद्र सरकार से की झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग, वजह भी बताई

रांची, एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में झारखंड के लिए विशेष राज्य का दर्जा और केंद्रीय योजनाओं में 75 प्रतिशत केंद्रांश की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग को झारखंड की सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक स्थिति का गहन आकलन करना चाहिए।

भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड यूरेनियम और अन्य खनिजों का प्रमुख उत्पादक है, जिसके कारण कई पीढ़ियां मलेरिया और टीबी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं। इसके बावजूद, राज्य ने प्राकृतिक संसाधनों का बलिदान देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी स्थिति में झारखंड विशेष राज्य के दर्जे का हकदार है। झामुमो नेता ने कहा कि झारखंड देश का सबसे बड़ा खनिज उत्पादक राज्य होने के साथ-साथ रेलवे के माध्यम से राजस्व भी देता है। विस्थापन और पलायन जैसी समस्याओं के बावजूद झारखंड के श्रमिक लेह-लद्दाख जैसे क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। भट्टाचार्य ने केंद्र से बार-बार गुहार लगाने की स्थिति को झारखंड के साथ अन्याय बताया।

केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि रेलवे जैसे क्षेत्रों में झारखंड की उपेक्षा होती है, जहां पुराने रैक भेजे जाते हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड की परिस्थितियां पूर्वोत्तर राज्यों जैसी हैं, जहां शिक्षा के लिए बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसलिए, केंद्रीय योजनाओं में 75त्न केंद्रांश की मांग जायज है। साथ ही झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए।

## वित्त आयोग से भाजपा की मांग, श्रद्धालुओं के लिए देवघर और रजरप्पा में बनाएं कारिडोर



रांची, एजेंसी। प्रदेश भाजपा ने राज्य के विकास और आर्थिक मजबूती के लिए 16वें वित्त आयोग के समक्ष 22 मांगें रखी हैं। इसमें धार्मिक पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण देवघर और रजरप्पा में कारिडोर बनाने की मांग सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ स्थानीय निकायों को मजबूत करने की मांग भी भाजपा ने की है।

भाजपा ने कहा है कि स्थानीय निकायों के चुनाव नहीं होने से जनप्रतिनिधियों की भूमिका सरकारी अधिकारियों ने ले ली है। इससे विकास योजनाओं को संचालित करने में भ्रष्टाचार हो रहा है। समय पर चुनाव नहीं होने से राज्य को केंद्रीय सहायता से भी वंचित होना पड़ रहा है। भाजपा ने शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी स्थानीय निकायों की देखरेख में संचालित करने का सुझाव दिया है।

पार्टी ने अलग राज्य बनने के बाद से यानि 25 वर्षों का आय-व्यय का आंकड़ा भी सार्वजनिक करने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सुधीर श्रीवास्तव ने भाजपा की मांगों और सुझाव से वित्त आयोग को अवगत कराया।वित्त आयोग को दिए सुझाव में भाजपा ने कहा है कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं की भारी कमी है। वित्त आयोग से अनुदान देने का बाद भी आदिवासी बहुल क्षेत्रों में नए स्कूल नहीं खुल रहे हैं।

शुद्ध पेयजल नहीं मिलने से बच्चे और युवा एनीमिया जैसी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों को मुआवजा देने की मांग भी इसमें शामिल है। वन नेशन वन इलेक्शन के साथ वन नेशन, वन स्कूल ड्रेस की मांग भाजपा ने वित्त आयोग से की है।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन का फिर आया मौका, पांच जून तक जमा कर सकते हैं फॉर्म!



गिरिडीह, एजेंसी। सीबीएसई बोर्ड एवं 12वीं की परीक्षा में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। ऐसे में इस स्कूल के प्रति विद्यार्थियों के साथ साथ अभिभावकों की भी रूचि बढ़ गई है। इस बीच शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 11वीं में नामांकन को लेकर नया अपडेट आ गया है। अब जो बच्चे ऐसे स्कूल में नामांकन नहीं ले सके हैं उनके लिए नया मौका आया है। अब मेधा सूची के बाहर के बच्चे भी इस स्कूल में नामांकन ले सकेंगे।

इसकी जानकारी सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय) के प्रिंसिपल मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने दी है। प्रिंसिपल मुन्ना ने बताया है कि राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में 11वीं में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के बाद मेधा सूची के आधार पर नामांकन लिया गया। इसके बावजूद विभिन्न संकायों में कुछ सीट रिक्त रह गई है।

ऐसे में झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक ने नया आदेश जारी किया है। इसके तहत वैसे विद्यार्थी जो किसी कारण नामांकन जांच परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे और वह अपना नामांकन कराना चाहते हैं तो वे नामांकन का फॉर्म भर सकते हैं। प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि जिनके बोर्ड का प्राप्तांक 75 प्रतिशत से अधिक है वे साइंस में सीधे नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। जबकि कॉमर्स के लिए 65 प्रतिशत से अधिक अंकों की अनिवार्यता होगी। वहीं आर्ट्स पढ़ने वाले विद्यार्थी 50 प्रतिशत से अधिक अंक के साथ 5 जून तक विद्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। 7 जून को ऐसे विद्यार्थियों की चयनित सूची प्रकाशित की जाएगी और तब उनका नामांकन लिया जाएगा। बताया कि ग्रीष्म अवकाश में भी नामांकन कोषांग विद्यालय अवधि में सुबह 7 बजे से अपराह्न 12 बजे तक प्रतिदिन संचालित हो रहा है।

बता दें कि सीबीएसई बोर्ड में पहली झारखंड के सरकारी विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा दिया था। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया था। ऐसे बच्चों को पिछले दिनों जिलाधिकारी रामनिवास यादव के हाथों सम्मानित किया गया था।

# धनबाद में पर्यटन की असीम संभावनाएं, 21 पर्यटन स्थल के विकास का प्रस्ताव!



धनबाद, एजेंसी। जिला में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं. फिलहाल ए, सी और डी श्रेणी के चार पर्यटन स्थल हैं जबकि कई ऐसे जगह हैं जहां पर्यटन का विकास संभव है. कुल 21 स्थानों का चयन का किया गया है. जहां पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है. इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है.

जिला में जितने भी पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है, उन्हें विभागीय मंजूरी दिलाकर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है. वर्तमान में जिला में चार पर्यटक स्थल अधिसूचित हैं. वहीं अब कुल 21 पर्यटक स्थल को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने की प्रकिया की जा रही है. साथ ही जो चार पर्यटक स्थल हैं, उनकी श्रेणी में वृद्धि करने के लिए आगे की प्रकिया है ताकि उन्हें विकसित करने के लिए एक बेहतर फंड मुहैया हो सके. मैथन और पंचेत में वाटर स्पोर्ट्स और वाटर टूरिज्म को बढ़ावा देंने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है. मैथन डैम ए श्रेणी, तोपचांची झील सी श्रेणी, पंचेत डैम सी श्रेणी, और भटिंडा फॉल डी श्रेणी का ग्रेड मिला हुआ है। कतरास का झींझी पहाड़ी मंदिर एएसएआई के द्वारा मान्यता प्राप्त है. पर्यटन स्थल के रूप में इसे विकसित किया जाना है. यह मंदिर सिर्फ पत्थर से बना हुआ किसी तरह के कॉन्क्रीट का इस्तेमाल मंदिर के निर्माण में नहीं हुआ है. सैकड़ों साल पुराना यह मंदिर है. इसके अलावा गंगापुर कतरास का लिलौरी स्थान, कल्याणेश्वरी मंदिर, दुखहरनी मंदिर को विकसित करना है. इसके साथ टुंडी में गर्म कुंड और बूढ़ा बाबा मंदिर का प्रस्ताव में शामिल है. नेशनल हाईवे पर एक होटल और पार्क का निर्माण किया जाना है. मैथन के पास एक जमीन चिन्हित की गई है. नेशनल हाईवे से एक राज्य से दूसरे राज्यों में आने जाने वाले यानी लंबी दूरी तय करने वाले यात्री यहां पहुंचकर सुकून का पल बिता सकते हैं. यात्रा के दौरान वह आराम कर सकते हैं।पर्यटक स्थल की संख्या बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार भी बढ़ेंगे. विभाग की तरफ से युवाओं के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही है. वाटर बोट चलाने और लाइफ सेविंग की भी तकनीकी के गुर सिखाए जा रहें हैं. आने वाले दिन में एनुअल मेंटेनेंस कमेटी का गठन किया जाएगा, 30 से 35 युवाओं की ट्रेनिंग दी जा रही है।

## अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे की कोच प्रतिमा बरवा का निधन, पारस अस्पताल में ली अंतिम सांस



रांची, एजेंसी। झारखंड की हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का निधन हो गया। इस खबर से राज्य के खेल जगत में शोक का माहौल है। शुक्रवार को ही प्रतिमा को पैरालाइसिस अटैक आने के बाद पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार, प्रतिमा की हालत काफी नाजुक थी, इस कारण चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बाद भी प्रतिमा ने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही खेल जगत में मातम पसर गया।

बता दें कि प्रतिमा बरवा ने झारखंड महिला हॉकी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वर्तमान में वह खूंटी स्थित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख कोच थीं। इसके अलावा प्रतिमा सिमडेगा में भी कोच रह चुकी हैं। मालूम हो कि उनके द्वारा प्रशिक्षित कई प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, झारखंड की पूर्व हॉकी खिलाड़ी प्रतिमा बरवा अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा और सुषमा कुमारी जैसी प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों की कोच रह चुकी हैं। इन सभी ने अपने खेल के दम पर न केवल झारखंड, बल्कि भारत का नाम भी दुनिया भर में रोशन किया है। प्रतिमा को खिलाड़ियों, कोचों, खेल प्रशासकों और खेलप्रेमियों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी है।

# झामुमो की चिंता: कहा- सेना के पराक्रम का राजनीतिकरण ठीक नहीं




रांची, एजेंसी। बिहार के सासाराम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजनीतिक मंच से ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ को लेकर कहीं बातों पर गहरी नाराजगी झामुमो ने जताई है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का राजनीतिक इस्तेमाल पर चिंता जताई है. रांची में झामुमो के कैंप कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात, पश्चिम बंगाल और बिहार जाकर ऑपरेशन सिंदूर और सेना के पराक्रम को लेकर अपनी राजनीति चमकाते हैं. दूसरी ओर भाजपा के नेताओं का सेना को लेकर दिया बयान देशवासियों को शर्मसार करता है।

झामुमो नेता ने कहा कि कोई भारतीय सेना की नायिका सोफिया कुरैशी को लेकर अपमानजनक बातें करता है तो कोई वायु सेना को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करता है. हैरत की बात यह है कि प्रधानमंत्री और भाजपा का नेतृत्व ऐसी टिप्पणी करने वाले मंत्री या नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं करती. देश की संघीय ढांचा और परिकल्पना में सेना का दायित्व देश की रक्षा करना है. किसी को भी इसका राजनीतिक उपयोग करने की अनुमति नही दी जा सकती है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दुनिया के इतिहास में 1971 का युद्ध भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम की मिसाल है. इस युद्ध ने पाकिस्तान के दो टुकड़ा कर दिये, उस समय अमेरिका, पाकिस्तान के साथ खड़ा था. उनका सातवां बेड़ा पाकिस्तान को मदद देने के लिए निकल गया था. लेकिन हमारी सेना के पराक्रम के सामने वह भी नहीं टिक पाया. लेकिन आपरेशन सिंदूर के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की जो भाषा उनके द्वारा राजनीतिक मंचों से बोली जा रही है वह दुखदायी है. राजनीतिक कारण में सेना के शौर्य और पराक्रम का और उनके मंत्री उनसे भी आगे निकल जाते हैं. मध्य प्रदेश के मंत्री के बयान पर भाजपा या बीजेपी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की. जम्मू के उधमपुर में भाजपा नेता रणवीर पठानिया ने वायु सेना पर घोर टिप्पणी की. वायु सेना को नालायक बताया और कहा कि बिना मतलब के उनको सर आंखों पर बैठाया है, उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. कोई कहता है कि सेना पीएम के चरणों में नतमस्तक हैं।

झामुमो नेता ने कहा कि अब घर-घर सिंदूर बांटने का प्रहसन की तैयारी भाजपा कर रही है. शायद भाजपा के नेताओं को पता नहीं है कि महिलाएं अपने पति के नाम का सिंदूर लगाती हैं. क्या कोई महिला ऐसा सोच सकती है कि कोई पर पुरूष का दिया सिंदूर वह स्वीकार करेगी. भाजपा को यह बताना चाहिए कि उनके नेता अपने घर के सिंदूर को क्यों घर से बाहर रखे हुए है।

राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के फेक विश्वविद्यालय से डिग्री लिए जाने के मुद्दे पर एनआईए द्वारा सीबीआई से आगे की जांच करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने प्रतिक्रिया दी. पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इसकी पटकथा पहले से लिखी गयी है और हफीजुल को सॉफ्ट टारगेट बनाया गया है. उन्होंने कहा कि जो जानकारी उनके पास है उसके अनुसार जिस विश्वविद्यालय से हफीजुल की डिग्री है उसी से असम से आनेवाले एक भाजपा सांसद ने भी डिग्री ली है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं. झामुमो नेता ने कहा कि अगर सही से जांच हो जाये तो विश्वविद्यालय भी भाजपा के किसी नेता का निकलेगा।

## बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से की बड़ी मांग, कहा- शराब घोटाले में सीबीआई जांच की करें अनुशंसा



रांची, एजेंसी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शराब घोटाले को लेकर लगातार राज्य सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक बड़ी मांग की है। बाबूलाल ने कहा है कि सीएम अगर वास्तव में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करने चाहते हैं, तो इसकी जांच सीबीआई से करवाये। इसे लेकर भाजपा नेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लिखा है, 'जहां तक स्मरण हो रहा है कि जब छत्तीसगढ़ सिंडिकेट के साथ मिलकर यहां शराब घोटाले की तैयारी हो रही थी। तब झारखंड से सचिव स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को वहां स्टडी कर रिपोर्ट देने के लिये भेजा गया था। इन अधिकारियों ने रायपुर दौरा कर महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन अपनी रिपोर्ट बनाकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा कर दी थी।

बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि एसीबी अगर इस शराब घोटाले के तह तक जाना चाहती है, तो उसे रायपुर गयी कमेटी में शामिल सारे लोगों की भूमिका एवं सहभागिता को जांच के दायरे में शामिल करना चाहिये। इस बात की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिये कि रायपुर गई टीम ने वहां किन लोगों से मुलाकात की, क्या डील हुई? वह डील कराने में कौन लोग शामिल थे? किसके दबाव में उस टीम को महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन भी छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा वाली रिपोर्ट सौंपनी पड़ी थी?बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हुए कहा कि मैं एक बार फिर आपसे आग्रह कर रहा हूं कि अगर आप वास्तव में इस शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं। तो इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा करिये।

# पाकिस्तान से सटे इन राज्यों मे चलेगा ऑपरेशन शील्ड, आपको भी रहना है तैयार



**जम्मू, एजेंसी।** पाकिस्तान से तनाव के बीच सीमावर्ती 6 राज्यों में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत सुरक्षा की मॉक ड्रिल की जाएगी। इस ऑपरेशन शील्ड का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को युद्ध की स्थिति के लिए तैयार करना है। इसके हत यह बताया जाएगा कि युद्ध के समय खुद को और अपने आसपास के लोगों को कैसे बचाया जा सकता है।

### किन राज्यों में ऑपरेशन शील्ड

जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ के सीमावर्ती जिलों में यह मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई को होनी थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दियागया था। प्रशासन ने बताया कि अब तैयारियां पूरी हो गई हैं।

### हवाई हमलों से सुरक्षा

ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन बजेंगे और कुछ देर के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। इन्वर्टर, सोलर लाइट और मोबाइल की टॉर्च के अलावा वाहनों की लाइट जलाने पर भी पाबंदी होगी। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों से कहा गया है कि वे अपनी खिड़कियों के पर्दे भी बंद कर दें ताकि किसी तरह की रोशनी बाहर ना निकले। प्रशासन ने इसकी जानकारी लोगों तक पहले ही पहुंचा दी है ताकि लोगों में किसी तरह का पैनिक ना हो। यह मॉकड्रिल इसलिए कराई जा रही है ताकि एयरक्राफ्ट, ड्रोन या फिर मिसाइल हमले के वक्त लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके। इस ड्रिल के तहत बेहद शांत तरीके से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बुलया जाएगा। इसके बाद इवैकुएशन ड्रिलल होगी। आपस में बातचीत के तरीकों को लेकर भी मॉक ड्रिल की जाएगी।

बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तान की बौखलाहट और खीझ को देखते हुए ही यह मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। यह ड्रिल 7 मई वाली ड्रिल की तरह ही होगी।

### क्यों किया जाता है ब्लैकआउट

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद सीमावर्ती जिलों में मॉकड्रिल की गई थी। पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए राज्यों को रिस्क ज्यादा होता है। यहां हवाई हमले और ड्रोन से हमले होने की गुंजाइश ज्यादा होती है। ऐसे में सरकार का फोकस इन इलाकों में ज्यादा होता है। ब्लैकआउट से दुश्मन के लिए रिहाइशी इलाकों की पहचान कर हमला करना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए मॉक ड्रिल के दौरान भी ब्लैकआउट किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार



### राजसमंद में गरजे कांग्रेस नेता सीपी जोशी बोले-आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं

**जयपुर, एजेंसी।** राजसमंद में शुक्रवार को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में मंच पर जब सीपी जोशी पहुंचे तो न सिर्फ जनता की भीड़ गर्म थी, बल्कि उनके तेवर भी खौलते हुए नज़र आए। कभी तंज, कभी ठहाके और कभी तीखे कटाक्ष–सीपी जोशी पूरे मूड में थे। उन्होंने अपनी उम्र, ईमानदारी और कांग्रेस की उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए ऐसा भाषण दिया कि तालियों की गड़गड़ाहट में पूरा मैदान गूंज उठा।

आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं जवान हूं, चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं– जोशी ने कहा कि आजादी से पहले आदमी 35 साल की उम्र भी नहीं देख पाता था। चेचक से मर जाता था, बीमारी से मर जाता था। अगर मैं उस दौर में होता तो शायद 35 की उम्र में ही नाम ऊपर चला जाता। उन्होंने कहा कि आज वे 75 की उम्र में भी राजनीति में सक्रिय हैं, इसका श्रेय कांग्रेस की नीतियों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को जाता है। लेकिन असली मजा तब आया जब उन्होंने अपने ऊपर लगने वाले आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। जोशी ने सवालिया लहज़े में कहा–लोग कहते हैं कि मैं डांटता हूं, भगा देता हूं। तो क्या मैं झूठ बोलूं? अगर झूठ बोलता, तो 1980 में एमएलए बनकर एक ही बार में निपटा दिया जाता। लेकिन आज 75 की उम्र में भी मैं राजनीति में हूं, क्योंकि मैंने सच बोला है, काम किया है। सीपी जोशी ने अपने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा, सच बोलना कड़वा होता है। मीठी गोली से बुखार नहीं उतरता। मलेरिया में जो कड़वी कुनेन की गोली दी जाती है, वही बुखार को खत्म करती है। मैं वही कुनेन की गोली हूं। मीठा झूठ बोलकर जनता को बहलाने वाला नहीं हूं। जो काम करता है, वही टिकता है, और मैं टिक रहा हूं, क्योंकि मैंने काम किया है।

### नक्सलियों से लड़ाई का इनाम, छत्तीसगढ़ में 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले पुलिसवालों को इनाम दिया है। सरकार ने ऐसे 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन दिया है। इनमें से ज्यादातर पुलिसवाले बस्तर संभाग में तैनात हैं। डीजीपी अरुण देव गौतम ने गुरुवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया।

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मुख्य रूप से बस्तर संभाग में तैनात निचले और मध्यम स्तर के अधिकारियों सहित 295 पुलिसकर्मियों को नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में उनकी बहादुरी के लिए प्रमोशन दी है। गुरुवार शाम को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने उनके प्रमोशन का आदेश जारी किया। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रमोशन के आदेश की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए लिखा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वीरता, साहस और समर्पण के साथ काम करने वाले छत्तीसगढ़ पुलिस के 295 पुलिसकर्मियों को उनकी बारी से पहले प्रमोशन पर बहुत-बहुत बधाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आप सभी ने नक्सलवाद के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर का भविष्य निश्चित रूप से विकास, खुशहाली, शांति और नए उत्साह से भरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि प्रमोशन पाने वाले पुलिसकर्मियों में से केवल एक जवान दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तैनात है।



### हरदोई में बारात से लौट रही कार खाई में पलटी, एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 की मौत

**हरदोई , एजेंसी।** यूपी के हरदोई जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात से लौट रही एक तेज रफ्तार कार खाई में पलट गई। इसमें कार सवार 12 लोगों में चालक सहित पांच की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक की मौत लखनऊ ट्रामा सेंटर में हो गई। मृतकों में चार एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हरदोई के नगर पंचायत पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम निवासी सेवकराम कश्यप के बेटे नीरज की बारात शुक्रवार को कस्बा से मंझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा गई थी। शादी में शामिल होने सेवकराम के भतीजे जितेंद्र कश्यप अपने छोटे भाई आकाश, बेटे सिद्धार्थ, बहनोई जौहरी निवासी किलकिली थाना पाली के साथ गए थे। वहीं मोहल्ला के अन्य लोग भी गए थे। मिली जानकारी के अनुसार देर रात एक बजे के बाद द्वारचार और जयमाल का कार्यक्रम होने के बाद कुसुमा से घर आने के लिए जितेंद्र अपने बेटे सिद्धार्थ, भाई आकाश, बहनोई जौहरी समेत अन्य लोगों के साथ घर लौटने लगा। सभी लोग कार में सवार हो गए।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 84 नए मामले, ज्यादातर हल्के लक्षण

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही, साल की शुरुआत से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या बढ़ कर 681 हो गई। राज्य के सार्वजनिक आरोग्य विभाग ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।



विभाग ने बताया कि नये मामलों में से मुंबई में 32, ठाणे जिले में दो, ठाणे नगर निगम क्षेत्र में 14, नवी मुंबई में एक, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में एक, रायगढ़ जिले में दो, पनवेल में एक, नासिक शहर में एक, पुणे जिले में एक, पुणे नगर निगम में 19, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में तीन, सतारा में दो, कोल्हापुर जिले में एक, कोल्हापुर नगर निगम में एक और सांगली नगर निगम क्षेत्र में तीन मामले शामिल हैं। राज्य में कोविड-19 के 467 उपचाराधीन मरीज हैं, जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक सामने आए मामलों की संख्या 411 है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी मामले हल्के लक्षणों वाले हैं। जनवरी से अब तक 10,324 नमूनों की जांच की गयी जिनमें से 681 पॉजिटिव पाये गए। एक जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच और उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

## मिजोरम में भारी बारिश से भीषण तबाही, भरभराकर ढहे मकान; कई लोगों के मारे जाने की आशंका

**ऐज़ौल, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के राज्यों में मॉनसून पहुंचने से पहले ही भारी बारिश हो रही है। मिजोरम और असम का भारी बारिश से बुरा हाल है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पांच मकान और एक होटल के ढह जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे लॉन्गतलाई के बाजार वेंग और चांदमारी इलाकों के सीमावर्ती इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से मकान और होटल ढह गए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरे म्यांमा के कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक समाज संगठन 'यंग लाई एसोसिएशन' (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पूर्वोत्तर राज्य में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके



कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई हैं।

**असम में भारी बारिश से स्कूल-कॉलेज बंद:** असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते असम की सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों के लिए भी आकस्मिक छुट्टी की घोषणा की है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी परामर्श में कहा गया कि तेज बारिश ने राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से के जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बने गहरे दबाव के कारण इन जिलों में 20-30 सेंटीमीटर से अधिक भारी बारिश हुई।

## 3 मिनट में उड़ा दिए 40 लाख, पंजाब के बैंक में डकैतों ने दिनदहाड़े मचाया उत्पात



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के फगवाड़ा के एक बैंक में डकैतों ने दिनदहाड़े उत्पात मचाया है। इस दौरान डकैतों ने 3 मिनट के अंदर बैंक के लगभग 40 लाख रुपए लूट लिए। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को फगवाड़ा-होशियारपुर हाईवे पर स्थित रिहाणा जट्टां गांव में एचडीएफसी बैंक की एक शाखा में यह घटना हुई है, जहां गुंडों ने गन प्वाइंट पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के मुताबिक तीन लुटेरे कार में सवार होकर आए और बैंक से करीब 40 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फगवाड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसपी सिटी फगवाड़ा रुपिंदर कौर भाटी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**ब्रांच मैनेजर को गन प्वाइंट पर लिया:** जानकारी के मुताबिक शिकवर दोपहर तीन बजे हथियारों से लैस दो बदमाश बैंक में घुस गए। उनका एक साथी कार में ही मौजूद था। दोनों बदमाशों ने पहले बैंक में मौजूद सभी के मोबाइल फोन छीन लिए और फिर ब्रांच मैनेजर को गन प्वाइंट पर ले लिया। डकैतों ने कैशियर लवप्रीत कौर को कैश काउंटर खोलने कहा। इसके बाद वे महज तीन मिनट में 38 से 40 लाख रुपए बटोर कर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तीनों डकैत सफेद कार में होशियारपुर की तरफ भागे हैं। बदमाशों ने जाते समय लोगों के छीने गए मोबाइल फोन इधर-उधर फैंक दिए जिन्हें पुलिस ने बाद में रिकवर किया।

**होशियारपुर के पास नाकाबंदी:** एसएसपी गौरव तूरा लूट की पुष्टि करते हुए कहा है कि बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने यह भी बताया है कि होशियारपुर और उसके आसपास के जिलों में नाकाबंदी कर दी गई है।

## आजम खां की पत्नी-बेटे का शस्त्र लाइसेंस निरस्त, दोनों को जमा करने के दिए आदेश

**रामपुर, एजेंसी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां की पत्नी एवं सपा की पूर्व विधायक डा. तजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम के शस्त्र लाइसेंस डीएम कोर्ट से खारिज हो गए हैं। अदालत ने यह कार्रवाई गंज कोतवाली पुलिस की संस्तुति रिपोर्ट पर की गई है। कोर्ट ने पुलिस को दोनों के शस्त्र जमा कराने के आदेश दिए हैं। मालूम हो कि सपा से राज्यसभा सदस्य और शहर विधायक रह चुकीं डा. तजीन फात्मा तथा स्वार से विधायक रह चुके अब्दुल्ला आजम पर तमाम मुकदमे दर्ज हैं। दोनों के नाम पर 32 बोर की रिवाल्वर के लाइसेंस हैं। मुकदमों को आधार बनाकर गंज कोतवाली पुलिस ने पूर्व में दोनों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति रिपोर्ट डीएम को भेजी थी, जिस पर डीएम कोर्ट से दोनों को नोटिस जारी किए गए थे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद डीएम कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम और तजीन फात्मा के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही गंज कोतवाली पुलिस को शस्त्र जमा कर रिपोर्ट कोर्ट को भेजने के आदेश जारी किए हैं।



**आजम खां से जुड़े यतीमखाना प्रकरण में तीनों प्रार्थना पत्र खारिज:** शहर के चर्चित यतीमखाना प्रकरण में गवाह रीकॉल कराने के बचाव पक्ष के तीनों प्रार्थना पत्र अदालत ने खारिज कर दिए हैं। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के इस आदेश को सपा नेता आजम को झटका के तौर पर देखा जा रहा है। मालूम हो कि सपा सरकार में शहर कोतवाली क्षेत्र के यतीमखाना में जबरन बस्ती को खाली कराया गया था। आरोप है कि तत्कालीन मंत्री मोहम्मद आजम खां के इशारे पर उनके मीडिया प्रभारी, तत्कालीन सीओ सिटी, कुछ पुलिस वालों और ठेकेदारों ने घरों में लूटपाट और तोड़फोड़ की थी, विरोध करने पर मारपीट भी की थी।

*सेना से बात किए बिना सीजफायर*

## मुख्यमंत्री सुक्खू का केंद्र पर बड़ा आरोप; दिया इंदिरा गांधी का उदाहरण



**शिमला, एजेंसी।** हाल ही में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला कर उसे नेस्तनाबूत कर दिया था। भारतीय सेना के हमले के बाद पाकिस्तान की तरफ से जवाबी हमला भी हुआ। हालांकि, 2-3 दिन चले इस हमले और जवाबी हमले के बाद सीजफायर हो गया। अब सीजफायर को लेकर हिमाचल प्रदेस के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सवाल खड़ा किया है। सुक्खू ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं से बात किए बिना ही सीजफायर की घोषणा कर दी। इस दौरान सुक्खू ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीजफायर करने की घोषणा पर भी सवाल खड़े किए।

**इंदिरा गांधी की दिलाई याद:** सुक्खू ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बिना तीनों सेनाओं को विश्वास में लिए ही सीजफायर की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात तो यह है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा किसी तीसरे देश ने सोशल मीडिया के माध्यम से की। इस दौरान सीएम सुक्खू ने 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध को लेकर इंदिरा गांधी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया। 1971 के युद्ध में भारत की सफलता को याद करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि उस युद्ध का परिणाम ऐतिहासिक था,क्योंकि भारत ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। इस दौरान सुक्खू ने शिमला समझौते की भी याद दिलाई। शिमला समझौता भारत-पाकिस्तान के बीच साइन की हुई एक संधि है, जिसमें शांति को प्राथमिकता दी गई है। 1971 के युद्ध के बाद हुई इस संधि में भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और बातचीत को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। सुक्खू के अलावा कांग्रेस नेता और सांसद अजय माकन ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। अजय माकन ने कहा कि साल 2008, 2011, 2013 और 2014 में उनकी सरकार के दौरान पाकिस्तान पर कई सर्जिकल स्ट्राइक की गई और पाकिस्तान को सबक सिखाया गया, लेकिन उनकी पार्टी ने कभी इसका राजनीतिकरण नहीं किया।

### लोग बहुत कुछ कहते हैं, लेकिन अब समय आ गया है सच्चाई बताने का: दीया कुमारी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने हल्दीघाटी के इतिहास से जुड़ा एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि बतौर राजसमंद सांसद उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही - हल्दीघाटी युद्ध से जुड़े शिलालेख को बदलवाना। दीया कुमारी ने कहा कि पहले इस शिलालेख में लिखा था कि हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर विजयी हुआ था, लेकिन उन्होंने 2021 में इसे बदलवाकर इसमें महाराणा प्रताप की जीत दर्ज करवाई। जयपुर में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह के दौरान संघ शक्ति कार्यालय में मंच से बोलते हुए दीया कुमारी ने कहा, यह एक ऐसा सच है जिसे बहुत कम लोग जानते हैं। मैंने दिल्ली तक जाकर एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) से बातचीत की। उस समय अर्जुनराम मेघवाल केंद्रीय मंत्री थे। काफी प्रयासों के बाद आखिरकार हम शिलालेख बदलवाने में सफल हुए। अब जब कोई हल्दीघाटी जाएगा, तो उसे यह पढ़ने को मिलेगा कि महाराणा प्रताप युद्ध में जीते थे। दीया कुमारी ने मंच से कहा कि इतिहास के साथ अब तक अन्याय हुआ है। हमने जो इतिहास पढ़ा, वह मुगलों द्वारा लिखा गया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# जसप्रीत बुमराह लेंगे संन्यास!

● इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय तेज गेंदबाज ने दिया ये बड़ा हिंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली है. इस दौरे से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान कर दिया. वहीं अब टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया है. इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है. शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी.

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज में से एक जसप्रीत बुमराह ने अपने रिटायरमेंट प्लान का खुलासा किया है. बुमराह ने पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल क्लार्क के यूट्यूब पॉडकास्ट शो बेयॉन्ड 23 में बताया कि जब उनका शरीर सही तरह से क्रिकेट नहीं खेल पाएगा, उस वक्त वे संन्यास का ऐलान कर देंगे. बुमराह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक सब कुछ खेलते रहना कठिन है. बुमराह ने आगे कहा कि मैं काफी समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन एक समय पर आपको ये समझना पड़ता है कि आपका शरीर कहां जा रहा है.

### मैं हमेशा आगे बढ़ना चाहता हूं

जसप्रीत बुमराह ने आगे कहा कि आपको अपने शरीर को लेकर यह तय करना चाहिए कि कौन सा टूर्नामेंट खेलना ज्यादा जरूरी है. खिलाड़ी को अपने शरीर का इस्तेमाल करने में थोड़ा समझदार होना चाहिए. बुमराह ने आगे कहा कि मैं क्रिकेटर के तौर पर अपने करियर में कुछ नहीं छोड़ना चाहता और हमेशा ही आगे बढ़ना चाहता हूं.

## लिवरपूल ने जेरेमी फ्रिम्पोंग को किया साइन



**लिवरपूल, एजेंसी।** लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 वर्षीय राइट-विंग-बैक ने शुक्रवार को एक्सएप ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। क्लब के आधिकारिक चैनल से बात करते हुए फ्रिम्पोंग ने कहा, यह काफी आसान रहा। लिवरपूल ने दिलचस्पी जाहिर की थी और यह मेरे लिए बड़े अवसर की तरह था।

विंग-बैक ने कहा, मेरे लिए यह ऐसा था कि आप लोग किसी भी तरह, बस इसे पूरा करें। लिवरपूल के प्रशंसकों को मैं अपना सब देने जा रहा हूं, और उम्मीद है कि हम एक साथ जीतेंगे, एक साथ जश्न मनाएंगे, सब कुछ एक साथ करेंगे। फ्रिम्पोंग ने बेयर लीवरकुसेन के 2023-24 के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने साढ़े चार साल के साथ के दौरान 190 मैचों में 30 गोल किए थे और 44 गोलों में सहायता दी थी। जाबी अलोंसो के नेतृत्व में, फ्रिम्पोंग ने क्लब को एक अपराजित बुंडेसलीगा खिताब और डीएफबी-पोकल हासिल करने में मदद की, और उनके उल्लेखनीय 51-गेम अपराजित लकीर ने आखिरकार यूईएफए यूरोप लीग के फाइनल के साथ अपना समापन किया।

पुरानी गेंद से लेकर बाउंड्री पर कैच तक...

# क्रिकेट में जून 2025 से लागू होंगे नए नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट के खेल को और रोमांचक बनाने के लिए नए खेल नियमों को लागू करने का फैसला किया है. ये नियम जून 2025 से प्रभावी होंगे.

व्हाइट बॉल और रेड बॉल क्रिकेट में कई नियम बदलने जा रहे हैं, जिससे गेंद और बल्ले के बीच बराबर की टक्कर देखने को मिलेगी. रिपोर्ट के मुताबिक, वनडे में पुरानी गेंद, कनकशन सब्स्टीट्यूट, डीआरएस और बाउंड्री लाइन पर लिए जाने वाले कैचों के नियम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं. आईसीसी का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाना है. हाल के सालों में, खासकर सीमित ओवरों के फॉर्मेट में, बल्लेबाजों का दबदबा देखा गया है, जिसके कारण गेंदबाजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है. लेकिन अब वनडे क्रिकेट में लागू दो गेंदों के नियम को हटाने की योजना है. इस नियम के तहत, दोनों छोर से दो नई गेंदों का उपयोग किया जाता था, जिससे गेंदबाजों को स्विंग और सीम मूवमेंट में कमी का सामना करना पड़ता था. लेकिन जून 2025 से लागू हो रहे नए नियमों के हिसाब



से वनडे में अब 34 ओवर तक दो गेंदें इस्तेमाल होंगी. इसके बाद 35 से 50 ओवर तक सिर्फ 1 गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा. फील्डिंग टीम 35 से 50 ओवर के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो गेंदों में से एक का चयन करेगी.

चुनी गई गेंद का इस्तेमाल मैच के बाकी बचे समय में दोनों छोर पर किया जाएगा. वहीं, कोई वनडे मैच बारिश या किसी और वजह से 25 ओवर से कम का खेला जाता है तो दोनों पारियों में सिर्फ 1-1 गेंद का ही इस्तेमाल होगा. बता दें, वनडे में ये नया नियम 2 जुलाई से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली वनडे सीरीज से लागू होगा.


### कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी बदलेगा

कनकशन सब्स्टीट्यूट का नियम भी पिछले कुछ समय से विवादों में रहा है. लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कनकशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम बताने होंगे. इन 5 खिलाड़ियों में से एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर होगा. दूसरी ओर बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकॉल में नियम में बदलाव के बारे में बाद में भी आईसीसी जल्द ही सभी टीमों को बताएगी. हालांकि टेस्ट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के बाद लागू होंगे.

महिला फैन ने दी धमकी

# आरसीबी फाइनल नहीं जीती तो तलाक दे दूंगी...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है, अब आखिरी 2 मैचों का खेल बाकी है. दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस का जोश देखते ही बनता है. क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स पर शानदार जीत के बाद आरसीबी फाइनल में पहुंच चुकी है. आरसीबी की टीम 9 साल के बाद आईपीएल का फाइनल खेलने वाली है. इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एक फैन सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. इस फैन ने आरसीबी के ना जीतने पर अपने पति को तलाक देने की धमकी दी है. 29 मई 2025 को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. इससे



पहले आरसीबी ने अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ में खेला था. इस मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद एक महिला फैन ने अनोखा पोस्टर लहराया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया. पोस्टर पर लिखा संदेश इतना अनोखा था कि यह तुरंत कैमरों की नजर में आ गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस पोस्टर का वीडियो अब लाखों लोगों तक पहुंच चुका है, और फैंस इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. इस पोस्टर पर लिखा है, 'अगर आरसीबी फाइनल नहीं जीती, तो मैं अपने पति को तलाक दे दूंगी.' इस अनोखे और बोल्ड बयान ने क्रिकेट फैंस के बीच हंसी, आश्चर्य और बहस का माहौल बना दिया है. आरसीबी के फैंस हमेशा से अपने जोश और जुनून के लिए मशहूर रहे हैं. इस महिला फैन का पोस्टर भी उनके इस जुनून का एक उदाहरण है. वहीं, कुछ लोगों ने इसे गंभीरता से लिया और सवाल उठाया कि क्रिकेट के फैसले को निजी रिश्तों से जोड़ना कहां तक उचित है.

### शानदार फॉर्म में आरसीबी की टीम

आरसीबी की टीम अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में बनी हुई है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ये सीजन अभी तक काफी शानदार रहा है. उसने लीग स्टेज में 14 में से 9 मैचों में जीत हासिल की और 19 अंकों के साथ वह दूसरे स्थान पर रही.आरसीबी अब 3 जून 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में मुकाबला उतरेगी. उसका सामना क्वालिफायर-2 की विजेता टीम (मुंबई इंडियंस या पंजाब किंग्स) से होगा.

आईपीएल 2025:

# टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालिफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। आलम ये रहा कि पिछले सभी रिकॉर्ड्स भी टूट गए। इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी। यानी मुकाबले में कुल मिलाकर 436 रन बने। ये आईपीएल इतिहास के प्लेऑफ मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने मिलकर 428 जोड़े थे। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच साल 2016 में खेला गया फाइनल मुकाबला तीसरे स्थान पर है, जिसमें कुल 408 रन बने थे। इनके अलावा गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम साल 2023 में मिलकर 404 रन बना चुका है। 30 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। टीम के लिए रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन की पारी खेली। दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच 7.2 ओवरों में 84 रन की साझेदारी हुई। विपक्षी टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 1 शिकार किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सर्वाधिक 80 रन की पारी खेली, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन का योगदान दिया, लेकिन गुजरात को जीत नहीं दिला सके। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 2 शिकार किए। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सेंटनर और अश्विनी कुमार ने 1-1 विकेट चटकाए। क्वालिफायर-2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1 जून को खेला जाना है, जहां मुंबई का सामना पंजाब किंग्स से होगा। ये नॉकआउट मैच जीतने वाली टीम 3 जून को इसी स्टेडियम में आरसीबी से खिताब के लिए भिड़ेगी।

## रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को खेले गए आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जायंट्स को हरा दिया। अब मुंबई की टीम 1 जून को पंजाब के साथ क्वालिफायर-2 खेलेगी। इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी। मुंबई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 81 रनों की पारी खेली। रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बने। वे कोहली के बाद 7 हजार रन बनाने वाले लीग के दूसरे बैटर भी बने। गुजरात टाइटंस आईपीएल के इस सीजन सबसे ज्यादा कैच



छोड़ने वाली टीम बनी। टीम ने इस सीजन 27 कैच ड्रॉप किए। जीटी ने अपने पहले पांच मैचों में कुल 5 कैच गिराए थे, लेकिन इसके बाद के अगले 10 मैचों में 22 कैच छोड़े। मेंस टी-20 लीग में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम हो गया है। उन्होंने इस सीजन 15 बार 25+ का स्कोर किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 13 पारियों के साथ केन विलियमसन (आईपीएल 2018) और शुभमन गिल (आईपीएल 2023) के नाम था।

# करुण नायर ने जड़ा नाबाद शतक

● टीम इंडिया से बाहर हुए सरफराज खान भी चमके ● इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ इंडिया-ए मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड लॉयन्स और इंडिया-ए के बीच चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच 30 मई (शुक्रवार) से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस ग्राउंड पर शुरू हुआ. इस मुकाबले के पहले दिन करुण नायर और सरफराज खान ने शानदार बल्लेबाजी की. करुण नायर ने जहां नाबाद शतकीय पारी खेली. वहीं सरफराज खान ने 92 रनों का योगदान दिया. ध्रुव जुरेल के बल्ले से भी नाबाद अर्धशतकीय पारी निकली है. इन तीनों खिलाड़ियों की शानदार पारियों के दम पर इंडिया-ए ने पहले दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए. करुण नायर 186 (246 गेंद, 24 चौके और 1 सिक्स) और ध्रुव जुरेल 82 रनों (104 गेंद, 9 चौके और एक सिक्स) पर नाबाद लौटे. करुण और जुरेल के बीच चौथे विकेट के लिए अब तक 177 रनों की पार्टनरशिप हो चुकी है.

बता दें कि करुण नायर को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के भारतीय टीम में जगह मिली है. वहीं सरफराज खान को ड्रॉप कर दिया गया था. अब सरफराज ने शानदार पारी खेलकर चयनकर्ताओं को जवाब दिया है. दूसरी ओर करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की.



### यशस्वी-ईश्वरन ने किया निराश

इस मुकाबले में इंडिया-ए को पहला झटका छठे ही ओवर में लग गया, जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज 8 रनों के निजी स्कोर पर एडवर्ड जैक का शिकार बने. फिर दूसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (24 रन) भी सेट होने के बाद जोश हल की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच थमा बैठे. 51 रनों पर दूसरा विकेट गिरने के बाद सरफराज खान और करुण नायर ने जबरदस्त पार्टनरशिप करके टीम को संभाला. सरफराज और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की पार्टनरशिप हुई. सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे. सरफराज को जोश हल ने विकेटकीपर जेम्स रेव के हाथों कैच आउट कराया. सरफराज के आउट होने के कुछ देर बाद करुण नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया. करुण के फर्स्ट क्लास करियर का ये 24वां शतक रहा.

**इंडिया-ए की प्लेइंग-11:** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कम्बोज, हर्षित राणा, मुकेश कुमार.

**इंग्लैंड लॉयन्स की प्लेइंग-11:** टॉम हेंस, बेन मैकिनी, एमिलियो गे, मैक्स होल्डन, जेम्स रेव (कप्तान/विकेटकीपर), डैन मूसली, रेहान अहमद, जमान अख्तर, एडवर्ड जैक, जोश हल, अजीत डेल.

थाईलैंड ओपन:

## मुक्केबाज किरण और दीपक थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे, प्रिया को कांस्य से करना पड़ा संतोष

**बैंकॉक, एजेंसी।** महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। भारतीय



मुक्केबाज किरण और दीपक ने चौथे थाईलैंड ओपन में अपने अपने वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिलाओं के 75 किलो भारवर्ग में किरण ने यूक्रेन की पोलिना चेर्नन को 5-0 से हराया। पुरुष वर्ग के 75 भारवर्ग में दीपक ने थाईलैंड के पीरपट यिसू के जजों के सर्वसम्मत निर्णय से 5-0 से पराजित किया। दीपक ने बेहतर तकनीकी कौशल दिखाने के अलावा मौका मिलने पर अंक भी बटोरे। भारत ने प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय दल उतारा है। महिलाओं के सेमीफाइनल में प्रिया (57 किग्रा) और सनेह (70 किग्रा) अपने मुकाबलों में संघर्ष करने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं, तथा उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

फ्रेंच ओपन:

## स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में, अल्कारेज और टियाफो भी अगले राउंड में पहुंचे


**पेरिस, एजेंसी।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरों में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की।

गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और फ्रांसेस टियाफो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।

**सबालेंका और स्वियातेक की एकतरफा जीत:** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरों में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। स्वियातेक का दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। 27 वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन स्वियातेक पिछले साल लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालिफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी, जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

**अल्कारेज और टियाफो भी जीते**

पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने जुम्हुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4



से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने हमवतन कोर्डा को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, हाल्गर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने करेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

**सिनर और गॉफ भी अगले दौर में पहुंचे**

इससे पहले विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गास्केट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गास्केट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी।

**ज्वेरेव और फिल्स भी अगले दौर में**

तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### विशंभरपुर गांव से कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** पुलिस प्रशासन द्वारा फरार चल रहे कुर्की वारंटी को दबोचने में सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई कासमा थाना पुलिस द्वारा की गई, जिसने काफी समय से फरार चल रहे आरोपी को विशंभरपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति के ऊपर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे और अदालत द्वारा उसके विरुद्ध कुर्की का आदेश जारी किया गया था। बावजूद इसके वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। लेकिन कासमा थाना की सक्रिय टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव विशंभरपुर में छापेमारी की और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने पूरी सावधानी और रणनीति के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। पुलिस ने आरोपी को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया चल रही है।

### खरीफ फसल और प्राकृतिक खेती को बढ़ावे के लिए प्रशिक्षण शिविर

**गोह (औरंगाबाद (नि.सं.)।** गोह प्रखंड के ई-किसान भवन में वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ फसल उत्पादन और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड उपप्रमुख सोनी कुमारी, बीएओ अजय कुमार, आत्मा के उप परियोजना निदेशक शालिग्राम सिंह और आत्मा अध्यक्ष विनय पटेल ने दीप जला कर किया। शिविर में किसानों को सरकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अनुदानित धान, संकर मक्का और अरहर बीज वितरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। धान की खेती के लिए पर्याप्त पानी जरूरी है, जबकि मक्का और अरहर कम सिंचाई और उंची भूमि पर भी उगाए जा सकते हैं।

### विद्युत चोरी मामले में छह पर प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद (नि.सं.)।** विद्युत चोरी के खिलाफ रफीगंज में विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। अमरपुरा, बस स्टैंड और कर्मी बिगहा गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न घरों में अवैध बिजली उपयोग पाया गया। इन सभी का बकाया बिल के कारण पहले कनेक्शन काटा जा चुका था, लेकिन ये लोग टोका फंसाकर बिजली चोरी कर रहे थे। विभाग ने इन पर भारी जुर्माना लगाया। इस मामले में रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### युवक की मौत पर परिजनों को दी सांत्वना

**रफीगंज (औरंगाबाद (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के खैरी मुंडला गांव के पंस सदस्य लक्ष्मी साव के 23 वर्षीय बेटे विपुल कुमार के निधन पर पूर्व जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव परिजनों से मिले और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। लक्ष्मी साव ने बताया कि विपुल औरंगाबाद में होमगार्ड की दौड़ में भाग लेने जा रहा था। रास्ते में रजोई बिजोइ के पास एक जानवर के सामने आने से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई थी और वह गिरकर घायल हो गया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

महादलित टोले में लगा विशेष विकास शिविर

# डीएम ने किया निरीक्षण, लाभार्थियों तक पहुंचा योजनाओं का लाभ

- एससी/एसटी समुदाय के वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना।
- समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की सीधी पहुंच।




**निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)**


शनिवार को हसपुरा प्रखंड अंतर्गत महादलित टोला सोनहथु एवं चौराही गांव में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का निरीक्षण जिलाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिविर में राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार नामांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल-जल योजना, नाली-गली योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसे सेवाओं के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों को ऑन-द-स्पॉट पोर्टल पर अपलोड कर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभार्थियों को विलंब के बिना योजनाओं का लाभ मिल सके। डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है, ताकि वे सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा में सम्मिलित हो सकें। इस क्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक किया और कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचे। शिविर स्थल पर जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड समेत कई दस्तावेजों का लाभार्थियों के बीच वितरण भी किया। यह वितरण मौके पर ही हुआ, जिससे लोगों को तुरंत योजनाओं का लाभ मिला और प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों की उपस्थिति रही, जिनके द्वारा पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन और सेवा वितरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सहजता से संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक प्रखंड में हर बुधवार एवं शनिवार को ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनका आरंभ 19 अप्रैल 2025 से हुआ है और कुल 22 चयनित सेवाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है।

अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को समन्वय, तत्परता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का निर्देश दिया और कहा कि सरकार की मंशा तभी पूरी होगी जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने शिविरों को जनसेवा का सशक्त माध्यम बताया और इनके आयोजन को प्रशासन की संवेदनशीलता का प्रतीक बताया।

# बंद मकान में चोरी, चोरों ने उड़ाए पांच लाख के गहने और 50 हजार नकद

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



रिसियप थाना मोड़ के पास एनएच-139 के किनारे स्थित एक बंद मकान का है, जहां अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर करीब पांच लाख के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस वक्त हुई जब मकान मालिक के परिजन रोज की तरह मकान में सफाई और पूजा के लिए पहुंचे। जानकारी के अनुसार यह मकान स्थानीय निवासी ओम प्रकाश पांडेय का है। उन्होंने हाल ही में एनएच-139 किनारे नया मकान बनवाया था, जबकि परिवार के लोग कुछ दूरी पर पुराने मकान में रह रहे थे। चोरी हुआ मकान उनके छोटे भाई जयप्रकाश पांडेय का है, जिसमें उनकी पत्नी आराधना देवी और बच्चे रहते थे। कुछ महीनों से यह मकान बंद था, क्योंकि जयप्रकाश पांडेय का परिवार हजारीबाग में रह रहा था। शनिवार सुबह जब ओम प्रकाश पांडेय परिवार के साथ मकान में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर देखा गया कि घर के कई कमरों के ताले भी टूटे हुए हैं और सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने गोदरेज अलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने के गहने और नगद रुपये चोरी कर लिए।

इसके अलावा वे घर से महंगी साड़ियां और अन्य कीमती सामान भी ले भागे। घटना की सूचना मिलते ही रिसियप थाना की पुलिस गश्ती दल मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। इस संबंध में थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर गई थी। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है। फिलहाल इस मामले में अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन मिलते ही एफआईआर दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि चोरी की लगातार घटनाओं को देखते हुए रात्रि गश्ती को और अधिक सख्त किया जाएगा। ग्रामीणों में इस घटना के बाद काफी असुरक्षा का माहौल है और लोग थाना के इतने करीब इस प्रकार की चोरी से स्तब्ध हैं। लोग अब प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग कर रहे हैं।

# जीटी रोड पर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**

बारुण थाना पुलिस ने जीटी रोड पर लूटपाट करने वाले एक अंतरजिला गिरोह का राजफाश किया है। इस गिरोह के सात शातिर बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है। इनके पास से देशी पिस्टल, कारतूस, बाइक और कई मोबाइल बरामद किए गए हैं। यह गिरोह लंबे समय से जीटी रोड पर सक्रिय था और राहगीरों को अपना निशाना बना रहा था। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान रोहतास जिले के अलग-अलग गांवों के रूप में हुई है। इनमें काराकाट थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी मिथलेश कुमार सिंह, राजपुर थाना क्षेत्र के वर्नाडीह निवासी जितेंद्र कुमार (पिता हीरामन सिंह), दलालगंज निवासी रमेश यादव (पिता अजय सिंह), भुलन कुमार (पिता अशोक सिंह), विवेक कुमार (पिता विजय सिंह), वकुलागोह गांव निवासी अनुज पाठक उर्फ अनुज कुमार (पिता रामगोविंद पाठक) और शुभम पाठक (पिता राजेश पाठक) शामिल हैं। सभी आरोपितों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान सभी ने जीटी रोड पर हुई लूटपाट की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनमें सबसे ताजा मामला 27 मई की रात का है, जब मदनपुर थाना क्षेत्र के महुआइन गांव निवासी भोला पाल से चरण मोड़ के पास बाइक समेत अन्य सामान लूट लिया गया था। इस वारदात में भी ये सभी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस की विशेष टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर जिला पुलिस की मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से जुड़ी पूरी जानकारी आज रविवार को औरंगाबाद एसपी द्वारा प्रेस वार्ता में दी जाएगी। पुलिस इस गिरोह के नेटवर्क और पिछले घटनाओं की भी छानबीन कर रही है। पुलिस की इस सफलता से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। लगातार हो रही लूट की घटनाओं से लोग डरे हुए थे, लेकिन अब इस गिरोह के पकड़े जाने से जीटी रोड पर आवागमन करने वाले राहगीरों को सुरक्षा की उम्मीद जगी है।

## देव प्रखंड के कई गांवों में नवनिर्मित सामुदायिक भवनों का उद्घाटन

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत देव प्रखंड के डुमरी, दुखी बिगहा, भट बिगहा एवं टंडवा गांवों में बड़ और बढ़ियां उत्साह के बीच नवनिर्मित सामुदायिक भवनों का उद्घाटन किया गया। इन भवनों को ग्रामवासियों को समर्पित करते हुए इसे केवल ईंट और सीमेंट की रचना नहीं, बल्कि जन सहयोग, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय जनता से सीधा संवाद भी किया। लोगों की आवश्यकताओं, समस्याओं और सुझावों को आत्मीयता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया।

# एक हजार रुपये के बीमा में एसबीआई ने मृतक के परिजन को दिए 20 लाख रुपए

### सड़क दुर्घटना में वीरेंद्र कुमार शर्मा की हुई थी मृत्यु

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने जहानाबाद शाखा द्वारा वैयक्तिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बीरेंद्र कुमार शर्मा की पत्नी बबीता कुमारी नामिती को बीस लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई।यह धनराशि चेक द्वारा अमित कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,औरंगाबाद के द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने परिवार को हुई अपूर्णीय क्षति के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर मनीष कुमार, मुख्य प्रबंधक,निशा क्षेत्र पदाधिकारी एसबीआई जेनरल के अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।स्व बीरेंद्र कुमार शर्मा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कल्पा खुर्द में विज्ञान के अध्यापक के तौर पर कार्यरत थे। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक, जहानाबाद शाखा से एक हजार रूपए का पाई पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस करवाया था। जिसके तहत सालाना प्रीमियम पर व्यक्ति को बीस लाख रुपए की बीमा राशि मिलती है अगर दुर्घटना से उसकी मृत्यु या अपंगता हो जाती है।इस अवसर पर अमित कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी दी और साथ ही सभी लोगों से इसे कराने की अपील की उन्होंने बताया कि वीरेंद्र कुमार शर्मा ने एसबीआई में एक हजार रुपये का दुर्घटना बीमा करवाया था दुर्भाग्यवश सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई इसके बाद एसबीआई की ओर से मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये का बीमा राशि का भुगतान किया,जो कि एक दुर्घटना बीमा के तहत अधिकतम कवर था।जिसमें सालाना एक हजार रुपये की किश्त पर 20 लाख रुपये तक का रिस्क कवर होता है।यह दर्शाता है कि एसबीआई एक दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से अपने ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, भले ही प्रीमियम कम हो।

## एटीएम कार्ड बदल कर 48500 रुपए की चोरी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** एटीएम कार्ड बदलकर एक व्यक्ति के खाते से 48,500 की रकम निकाल ली। यह घटना सोमवार को रफीगंज थाना के पास स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एटीएम में घटी। पोगर गांव निवासी उपेंद्र यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 27 मई को वह थाना के पास स्थित पीएनबी के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड हाथ में ले लिया और चुपचाप कार्ड बदल दिया। उपेंद्र यादव को इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब बाद में उनके खाते से 48,500 की निकासी की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पहली बार 25,000 की निकासी बस स्टैंड स्थित एटीएम से, जबकि शेष राशि तिवारी बीघा के एटीएम से निकाली गई। पीड़ित ने पुलिस से एटीएम के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की मांग की है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने जानकारी दी कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित शपथ समारोह में न्यायिक अधिकारियों ने दिया तंबाकू मुक्त समाज का संदेश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जनजागरूकता और सामाजिक सरोकार को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भव्य शपथ समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के सभी न्यायिक पदाधिकारी, न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ समारोह का संचालन कानूनी रक्षा बचाव प्रणाली के अधिवक्ता अभिनंदन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष राज कुमार ने अपने संबोधन में तंबाकू के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1987 से हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान से जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि तंबाकू एक धीमा ज़हर है, जो धीरे-धीरे शरीर को अंदर से नष्ट करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहद कमजोर कर देता है।

राज कुमार ने इस अवसर पर सभी को तंबाकू से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'अगर हम कम से कम 50 लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में समझा पाते हैं, और उनमें से कुछ भी इससे प्रेरित होकर तंबाकू छोड़ देते हैं, तो यह प्रयास किसी की ज़िंदगी को बदल सकता है।

इस मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम इसरार अहमद ने उपस्थित लोगों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता, लक्ष्मीकांत मिश्रा, निशित दयाल, कन्हैया लाल यादव, आनंद भूषण, पंकज पांडेय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चंद्रा, न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार, शोभित सौरभ और शुभांकर शुक्ला सहित कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव डॉ. दीवान फहन खान ने कहा कि तंबाकू एक सामाजिक अभिशाप है, जिसे छोड़ना आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे स्वयं भी तंबाकू का सेवन न करें और अपने परिवार, मित्रों व समाज को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। उन्होंने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम तंबाकू रहित समाज के निर्माण में अपना योगदान देंगे। इस कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद की ओर से दिनेश भाई, प्रीति बहन, रामानुज भाई एवं करण भाई उपस्थित थे। उन्होंने नशा मुक्त समाज के लिए मानसिक दृढ़ता और इच्छाशक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रति बहन द्वारा प्रस्तुत गीत 'भारत फिर भरपूर बढ़ेगा, कोई नहीं कमी होगी, हीरो से आकाश भरा होगा, मोती से जमीं होगी...' को उपस्थित जनों ने खूब सराहा और तालियों से स्वागत किया। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सामाजिक और न्यायिक संस्थाएं मिलकर यदि तंबाकू निषेध अभियान को गंभीरता से लें, तो एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है।

# दिन दहाड़े अपराधियों ने युवक को मारी गोली, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**



शनिवार को नबीनगर थाना क्षेत्र के महिप बिगहा गांव के पास घटी, जहां दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। इस हमले में 25 वर्षीय दीपक सिंह, जो महिप बिगहा निवासी चंद्रमल सिंह का पुत्र है, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार दीपक सिंह शनिवार को नबीनगर बाजार से लौट रहा था। लौटने के क्रम में वह कुछ देर के लिए अपने गांव के मोड़ पर रुका था। जैसे ही वह वहां से घर की ओर बढ़ा, तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। एक गोली बांह को चीरती हुई उसके सीने के बगल में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े और परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और घायल दीपक को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की टीम ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतास जिले के एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। फिलहाल इस गोलीकांड के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस हर पहलु से मामले की जांच कर रही है। घटना से गांव के लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर बांस-बल्ला लगाकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। लोगों की मांग थी कि जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

सूचना मिलते ही ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को शांत कराया। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को आश्वासन दिया कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद लोगों ने सड़क से जाम हटाया। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और अन्य माध्यमों से भी अपराधियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गई है।

# प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का अयोजन

**निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)**

रफीगंज प्रखंड कार्यालय स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को शारदीय (खरीफ) महाभियान 2025 के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर कृषि वैज्ञानिक अनुप चौबे, उप परियोजना निदेशक आत्मा शालिग्राम सिंह, कृषि पदाधिकारी अजय कुमार, आत्माध्यक्ष शिवरंजन शर्मा, भाजपा के जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा के नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, युवा जदयू जिलाध्यक्ष कौशल कुमार चंद्रवंशी ने किया। डॉ. अनूप चौबे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और मानवजनित गतिविधियों के कारण, असंतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग करने से हमारी मिट्टी का दोहन और क्षरण हो रहा है। जिससे मिट्टी के प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है। सभी प्रकार के जीव जंतुओं के जीवन के अनाज ही एक एसा खाद्य पदार्थ है जिससे विटामिन और पोषक तत्व हमारे शरीर को प्राप्त होता है। किसान अपने खेतों के कम से कम जुताई करके, फसल चक्र, जैविक पदार्थों को अपनाते हुए और गर्मी के दिनों में कवर फसल जैसी संधारणीय मृदा प्रबंधन पद्धतियां को अपना करके मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। ये पद्धतियां मिट्टी की जैव विविधता को भी संरक्षित करती हैं, उर्वरता में सुधार करती हैं और कार्बन को अलग करने में योगदान देती हैं, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मुकाबले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। धान के मध्यम अवधि वाले प्रजातियों का बीचड़ा लगाने का सही समय 10 जून से 25 जून होता है ।

# हर दिन बदल रहा मौसम का मिजाज, दिन में धूप-गर्मी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में मौसम का मिजाज हर दिन एक नया रूप दिखा रहा है। जहां एक ओर सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है, वहीं शाम ढलते ही आसमान में काले बादल छा जाते हैं और तेज हवाओं के साथ बारिश हो जाती है। शुक्रवार को सुबह सूरज की तपिश इतनी तेज थी कि लोग घरों से निकलने से बच रहे थे। दोपहर में सड़कें सुनसान रहीं। लेकिन शाम होते ही मौसम ने अचानक करवट बदली, तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसने लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। शनिवार और रविवार को तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं सोमवार और मंगलवार को तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है। विभाग ने हल्की बारिश की संभावना जताई है।

गोह प्रखंड में शुक्रवार को हुई हल्की बारिश ने प्रशासन की लापरवाही उजागर कर दी। मुख्य सड़क पर पानी इस कदर भर गया कि वह झील जैसी नजर आने लगी। जाम पड़ी नालियों के कारण बारिश का पानी सड़क पर फैल गया, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई हुई। वाहन रुक गए, दुकानों में पानी घुस गया और पैदल चलने वालों के कपड़े खराब हो गए। गोह शहीद जगतपति चौक के समीप स्थित एनएच-120 और स्टेट हाइवे-68 का यह हिस्सा सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां पहले से बनी पक्की नाली की सफाई न होने और टूटे स्लैब के कारण पानी की निकासी संभव नहीं हो पाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हल्की बारिश में यह स्थिति है, तो आगामी बारिश में हालात और गंभीर हो सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात से पहले नालियों की समुचित सफाई कराई जाए, अन्यथा पानी घरों व दुकानों में घुसकर आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बीमारियों को भी न्योता देगा।

### धान की नर्सरी की तैयारी में जुटे किसान

मदनपुर प्रखंड के किसान इन दिनों धान की खेती की तैयारियों में जुटे हैं। रोहिणी नक्षत्र की शुरुआत के साथ ही खेतों की जुताई और बिचड़ा लगाने का कार्य शुरू हो गया है। प्रखंड कृषि समन्वयक मुकेश अकेला ने बताया कि इस बार 9500 हेक्टेयर में धान की खेती और 950 हेक्टेयर में बिचड़ा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समय पर बारिश होने से किसानों में उत्साह है।

पाठक बिगहा निवासी अरुणजय पाठक और किसान राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि वे 10 जून तक बुआई का कार्य पूरा कर लेंगे और 15 जुलाई तक रोपाई कर देंगे, जिससे समय पर फसल तैयार हो सकेगी और बाजार में अच्छी कीमत मिल सकेगी।

# अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी बच्चों के सर्वांगीण विकास में कारगर साबित हो रही : डीईओ

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद।**



शनिवार को शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पैरेंट्स टीचर्स मीट) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डीईओ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार और शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में लगातार सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन इनका पूर्ण लाभ तभी मिलेगा जब अभिभावक बच्चों और विद्यालय से आत्मीय जुड़ाव बनाएंगे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे खुद भी सरकारी स्कूल में पढ़े हैं। उनके माता-पिता अधिक पढ़े-लिखे नहीं थे, फिर भी वे शिक्षा के प्रति पूरी तरह सजग थे और हर सुबह ब्रह्ममुहूर्त में उनके साथ जागते और पढ़ाई में प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने वर्तमान अभिभावकों से अपील की कि वे भी अपने बच्चों के प्रति उसी तरह सतर्क रहें। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह देते हुए डीईओ ने कहा कि आज के समय में बच्चों का ध्यान भटकाने वाले साधनों से उन्हें दूर रखना ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने अभिभावकों से हर महीने नियमित रूप से पीटीएम में भाग लेने और बच्चों की पढ़ाई को अपनी प्राथमिकता में रखने की अपील की। उन्होंने समर वेकेशन की छुट्टियों में बच्चों को 'हैप्पी रीडिंग' की आदत डालने का सुझाव भी दिया। संगोष्ठी के दौरान अभिभावकों को स्कूल के विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्हें लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, कॉन्फ्रेंस रूम, कंप्यूटर लैब, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नोड और वाटर कूलर प्लांट आदि का भ्रमण कराया गया, जिससे वे स्कूल की प्रगति और बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं को समझ सकें।